(1) देश के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे ऐसे वाद, जो धरना, प्रदर्शन से संबंधित हैं, जिनके फैसले एक समय सीमा के अंतर्गत नहीं आते हैं, को समाप्त किए जाने के लिए न्यायिक प्रक्रिया में सुधार किए जाने से संबंधित विषय।

(2) देश के विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन ऐसे वाद, जिनमें सभी एक्यूज़ एक साथ उपस्थित नहीं होते अथवा उनमें से कुछेक अनुपस्थित रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय का समय बर्बाद होने के साथ-साथ वाद के निपटान में भी अनावश्यक विलम्ब होता है, को दूर किए जाने के लिए न्यायिक प्रक्रिया में सुधार किए जाने से संबंधित विषय।

श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर): अध्यक्ष महोदया, आपसे निवेदन है कि निम्नलिखित दो विषयों को आगामी सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किए जाने हेतु अनुमति प्रदान की जाए :-

(1) महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली चिमुर आदिवासी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नागभीड़ से नागपुर छोटी रेल लाइन, जो चन्द्रपुर व नागपुर जिलों से होकर गुजरती है, को बड़ी रेल लाइन में परिवर्तित किए जाने के बारे में।

(2) महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली आदिवासी बाहुल्य जिले की तालुका धानोरा में कारवापा और तालुका मूलचेरा में चन्ना लघु सिंचाई प्रोजेक्ट को वन संरक्षण अधिनियम के अधीन शीघ्र स्वीकृति प्रदान किए जाने के बारे में।

डॉ. भोला सिंह (नवादा): अध्यक्ष महोदया, आपकी अनुमति से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाए :-

(1) बिहार के नवादा जिले को क्रोनिक सुखाड़ जिला घोषित कर आम जनगण को सामाजिक, आर्थिक जीवन की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार विशिष्ट व्यवस्था करे।

(2) बिहार में 90,000 करोड़ रुपए की विद्युत परियोजना केन्द्र सरकार के विद्युत मंत्रालय के सामने कार्यान्वयन के लिए बिहार सरकार ने जो प्रस्ताव रखा है, उसकी स्वीकृति पर केन्द्र सरकार विचार करे।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

---

* Speech was laid on the Table

1. बिहार राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बकाया स्वीकृत राशि का भुगतान दिए जाने की आवश्यकता।
2. बिहार राज्य में विद्युत उत्पादन बढ़ाए जाने एवं केंद्रीय पूल से 500 मेगावाट की विद्युत आपूर्ति दिए जाने की आवश्यकता।

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. उड़ीसा के क्योझर जिले के जोडा ब्लाक अंतर्गत कालीमाटी से डेकानाल जिले के कांकडा हाड वाया बासपाल तेलबोई तक पिछड़े इलाकों से निकलने वाले मार्ग को जो रेल मार्ग की सुविधा से वंचित है, को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए।
2. चक्रधरपुर रेलवे डिविजन अंतर्गत बादाम पहाड़ से बांगरीपोसी ब्राडगेज रेलवे लाइन को क्योझर तक जोड़ने का कार्य।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Madam, I would request to include the below mentioned subjects in the agenda for next week's business of Lok Sabha.

1 The serious issues faced by the abroad Indian workers registered as *huroobs* (those who do not have required work documents) in the Kingdom of Saudi Arabia.

2 The increasing incidents of atrocities on the women and children in the country.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में इन्फालसिस बीमारी से संबंधित अनुसंधान केंद्र की स्थापना का।
2. उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरहज के पास पड़ी बेकार भूमि पर रेलवे यार्ड या रैक बनाने का कार्य।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Madam, I want to submit that the following items may be included in the next week's agenda.

1 One bye-pass at Panagarh at National Highway No.2, in West Bengal has not been constructed. Widening NH-2 at that place is not possible because a number of structures are to be dismantled. There happens serious traffic congestion. Hence I demand that one bye-pass at NH-2, be immediately undertaken.

2 There is a Railway over bridge at Burdwan – Katwa road at Burdwan in West Bengal. The over bridge is in a dilapidated condition. It causes much traffic congestion. So, the Railway Board should come forward to build a four-lane over bridge there immediately.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित वित्त विहिन माध्यमिक विद्यालय को भारत सरकार से यथाशीघ्र वित्त पोषण कर धनराशि उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता के संबंध में।
2. देश के तीन महत्वपूर्ण राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार तथा मध्य प्रदेश के सिंचाई से संबंधित करीब 25 वर्षों से लम्बित पड़े बाण सागर परियोजना को भारत सरकार के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम योजना के अंतर्गत यथाशीघ्र धनराशि उपलब्ध करा कर कार्य कराए जाने की आवश्यकता।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषय जोड़ें, जो कि इस प्रकार हैं -

1. पूर्व-मध्य रेलवे अंतर्गत बरौनी जंक्शन तक आने वाली दिल्ली-बरौनी, वैशाली एक्सप्रेस का विस्तार बरौनी से सहरसा तक किया जाए।
2. पूर्व-मध्य रेलवे अंतर्गत सहरसा जंक्शन तक आने वाली दिल्ली-सहरसा, पूरवीया एक्सप्रेस को सप्ताह में एक दिन के बदले तीन दिन किया जाए।

12.20 hrs.

GENERAL BUDGET(2011-12)– GENERAL DISCUSSION AND DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (2010-11) – (GENERAL)— (2010-11)Contd.

MADAM SPEAKER: Item Nos. 25 and 26 to be taken up together.

जो भी माननीय सदस्य अपना लिखित भाषण देना चाहते हैं, वे कृपया सभा पटल पर दे दें।

...(व्यवधान)

*__श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):__ लोक सभा में वर्ष 2011-12 के सामान्य बजट पर चर्चा करते हुए मैं कहना चाहता हूं कि इस बार का बजट आम आदमी एवं किसानोन्मुखी है। इस बार के बजट में वित्तीय प्रबंधन, विकास दर, कृषि में अधिक समावेश तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण करने का उपाय वित्त मंत्री प्रणव दादा ने किया है। वित्त मंत्री जी बजट में बिना खर्च को बढ़ाये राजकोषीय घाटे को 5.5% से 5.1% तक लाने में सफल रहे हैं। वास्तव में यह वित्त मंत्री के वित्तीय प्रबंधन का कौशल है। आगामी महीनों में मुद्रास्फीति को और कम करने के लिए मौद्रिक नीतिगत उपाय किये जायेंगे। वर्ष 2010-11 में सकल घरेलू उत्पाद में वस्तुतः 8.6% की वृद्धि का अनुमान है। मुद्रास्फीति प्रबंधन संबंधी ढांचागत चिंताओं का समाधान बढ़ती घरेलू मांग के अनुसार कृषि संबंधी आपूर्ति बढ़ाकर तथा सुदृढ़ राजकोषीय समेकन के माध्यम से किया जायेगा। अप्रैल जनवरी 2010-11 के दौरान विगत वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले निर्यात में 29.4% और आयात में 17.6% वृद्धि हुई है।

वित्त मंत्री ने कर सुधार के लिए प्रत्यक्ष कर संहिता डी.टी.सी पहली अप्रैल 2012 से लागू करने का प्रस्ताव किया है। पहली बार बजट में कांग्रेस यूपीए की सरकार सब्सिडी का लाभ गरीबी रेखा के नीचे के लोगों को सीधे नकद पैसा देने का प्रस्ताव किया है। भविष्य में मिट्टी का तेल, एलपीजी और उर्वरक की सब्सिडी का लाभ कंपनियों के बजाय आम आदमी को नकद के रूप में मिलेगा। इसके लिए सरकार वर्ष 2011-12 में विनिवेश के जरिये 40,000 करोड़ रूपये जुटाने का उपाय करेगी। किसी भी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती मुद्रास्फीति को कम करके महंगाई पर अंकुश लगाना तथा विकास दर (जीडीपी) बढ़ा करके नये रोजगार ज्यादा से ज्यादा पैदा करना। इसीलिए बजट में कृषि के हितों के लिए अधिक से अधिक समावेश करने की व्यवस्था की गई है। इस बार का बजट कृषि के हितों के लिए समर्पित किया गया है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 6,755 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 7860 करोड़ रूपये किया गया है। सरकार का कृषि क्षेत्र में अधिक निवेश का उद्देश्य दूसरी हरित क्रांति लाना है। इसके लिए देश के किसानों के ऋण प्रवाह को बढ़ाकर वर्ष 2011-12 में किसानों के लिए 3,75,000 करोड़ रूपये से 4,75,000 करोड़ रूपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इन किसानों को जो अपना फसल ऋण समय पर अदा करते हैं उन्हें 4% पर अल्पावधि फसल ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आर्थिक सहायता को 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। इस प्रकार किसानों को 7% ऋण अब 4 प्रतिशत पर मिलेगा। कृषि निवेश से उत्पादन में वृद्धि होगी। उससे उत्पादन एवं आपूर्ति में संतुलन कायम होगा। तभी महंगाई पर काबू पाया जा सकता है। विगत दिनों खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के कारण ही मुद्रास्फीति 18% तक पहुंच गई थी, पर पाबंदी लगाई गई। प्याज के आयात के

* Speech was laid on the Table

लिए जीरो इंपोर्ट डयूटी की गई तथा प्याज मंडियों में आयकर विभागों के द्वारा छापे भी मारे गये लेकिन महंगाई को रोकना मुख्यतयाः राज्य सरकार का काम है। क्योंकि वितरण प्रणाली (पीडीएस) राज्य सरकारों के हाथों में है। धारा 3/7 आवश्यक खाद्य वस्तु अधिनियम में भी जमाखोरों एवं कालाबाजारों के खिलाफ कार्यवाही की शक्ति राज्य सरकार में निहित है। आज राज्यों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह से पंगु हो गई है। चीनी, मिट्टी का तेल खुले आम ब्लैक हो रहा है। आज केन्द्र सरकार द्वारा जितना गेहूं एवं चावल की मांग राज्य सरकारों के द्वारा किया जाता है उसकी आपूर्ति भारत सरकार केन्द्रीय पूल से करती है। इसीलिए गेहूं एवं चावल के दामों में काफी स्थिरता है। पूर्वी क्षेत्र में हरित क्रांति के लिए चावल आधारित फसल प्रणाली में सुधार करने के लिए 400 करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है। वर्षा सिंचित क्षेत्रों में 60,000 दलहन ग्रामों को प्रोत्साहित करने के लिए 300 करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है। इसी तरह आयल पाम के पौधों के रोपण के लिए 60,000 हैक्टेयर के लिए 300 करोड़ रूपये की व्यवस्था बजट में की गई है। पहली बार भारत सरकार के 2012 के बजट में शहरों के किनारे सब्जियों की पैदावार बढ़ाने के लिए सब्जी कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु 300 करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है।

भारत में पोषक अनाज समाप्ति के कगार पर था। उसके पुनःद्धार के लिए बाजरा, ज्वार, रागी और अन्य मोटे अनाज, जो पौष्टिक तथा औषधीय गुणों वाले होते हैं, उसके उत्पादन बढ़ाने के लिए 300 करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है। इसी तरह पशुधन विकास को बढ़ावा देने के लिए 300 करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है। 25,000 गांवों के लिए त्वरित चारा विकास कार्यक्रम के तहत 300 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। भारत निर्माण कार्यक्रम के लिए मौजूदा वर्ष में 10,000 करोड़ रूपये की वृद्धि करके वर्ष 2011-12 के लिए 58,000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। देश में 3 वर्ष में सभी 2,50,000 पंचायतों को ग्रामीण ब्राडबैंड कनैक्विटी मुहैया कराने की योजना है। देश के ग्रामों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत 18 वर्ष के युवकों अथवा युवतियों को 100 दिन के रोजगार के लिए 100 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से व्यवस्था देने के लिए 40,000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। देश की 22 लाख आंगनबाड़ी कार्यक्रत्री एवं सहायिकाओं का मेहनताना बढ़ाकर 1500 रूपये प्रतिमाह और 750 रूपये प्रतिमाह से क्रमशः 3000 और 1500 रूपया देने का निर्णय लिया गया है। इस बार के वित्तीय वर्ष के बजट में शिक्षा के परिव्यय में 21,000 करोड़ रूपये आबंटित किये गये हैं, जो बजट 2010-11 में 40 प्रतिशत अधिक है। स्वास्थ्य के लिए आयोजना आबंटन में 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। वर्ष 2011-12 में देश में 15 मेगा फूड पार्कों की स्थापना होगी।

भारत का बजट केवल प्राप्तियों एवं खर्चों का लेखा-जोखा मात्र नहीं है बल्कि देश के विकास एवं ग्रोथ दर बढ़ाने के लिए योजनाओं में पूंजी निवेश का योजनाबद्ध ढंग से दिया गया ब्यौरा है। बजट के

वित्तीय प्रबंधन में साफतौर से परिलक्षित है कि वर्ष 2011-12 में अवसरंचना (infrastructure)के लिए 2,14,000 करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है। इसमें 2010-11 के मुकाबले 23.3 प्रतिशत की बढोत्तरी हुई है। साथ ही यह कुल आयोजना आबंटन की 48.5 प्रतिशत है। सरकार बाजार से पूंजी निवेश बढ़ाने के लिए परियोजनाओं को लागू करने के लिए एक व्यापक नीति निर्धारित की गई है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा देश में आम आदमियों के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का कानून बना करके खाद्यान्न की गारंटी दी जायेगी। इस के लिए खाद्यान्न के भंडारण क्षमता में निजी उद्यमियों द्वारा एवं भंडारण निगमों के माध्यम से वृद्धि की जायेगी। देश के करोड़ों बुनकरों के ऋण वापस न करने के कारण उनके समक्ष भयंकर आर्थिक संकट पैदा हो गया है। फलस्वरूप, हथकरघा, बुनकर समितियां अलाभकारी हो गई हैं।

वित्त मंत्री जी ने किसानों की तरह बुनकरों की सहायता के लिए नावार्ड को 3000 करोड़ रूपये की सहायता करने की व्यवस्था की है। सावर्जनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए प्राथमिकता क्षेत्रगत ऋण के अंतर्गत बकाया ऋणों के रूप में 15 प्रतिशत ऋण अल्पसंख्यक समुदायों के बीच बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार देश के रिहायशी इकाइयों के लिए आवास ऋण की मौजूदा सीमा को बढा करके 25 लाख रूपये कर दिया गया है तथा आवास ऋण पर ब्याज की मौजूदा स्कीम को उदार बनाने के लिए एक प्रतिशत की ब्याज में छूट देने का निर्णय लिया गया है। इस बार बजट में महंगाई को रोकने के लिए एवं आम आदमी के सुविधा हेतु टैक्स में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। केवल दायरा बढ़ाकरके संसाधनों को वृद्धि करने का प्रयास होगा।

हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करके, इसके रोकने हेतु ठोस उपाय तैयार करने के लिए मंत्रियों के समूह का गठन किया है। पहली बार सरकार ने देश के बाहर गये काले धन को वापस लाने हेतु पांच सूत्री कार्य योजना लागू की गई है। काले धन के विरूद्ध लड़ने के लिए दूसरे देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सूचना के आदान प्रदान के लिए समझौता किया गया है। हमारी सरकार ने आम आदमी के बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काम के अधिकार, रोजगार, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार लागू करने के बाद खाद्यान्न के अधिकार के लिए विधेयक लाने का निर्णय किया गया है। कांग्रेस एवं यूपीए सरकार ने आम आदमी की सभी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कानून बनाया है। इसके बावजूद विपक्ष कहता हे कि सरकार ने बजट में क्या किया है। इसके लिए हम उन्हें दो पंक्तियां समर्पित करना चाहेंगे।

"समय की शिला पर मधुर चित्र किसी ने बनाये, किसी ने बिगाड़ें"

इसी के साथ माननीय वित्त मंत्री प्रणवदा के द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करता हूं।

*श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): वित्त मंत्री ने अपने बजट में कुछ घोषणाएं की हैं, उनका मैं स्वागत करता हूं, परंतु अभी भी बहुत सारी ऐसी योजनाएं और परियोजनाएं हैं जिन पर अमली जामा पहनाने के लिए बहुत कुछ किया जाना जरूरी है ।

वित्त मंत्री के ऊपर देश के विकास की गति को बरकरार रखने की जिम्मेदारी और साथ ही आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाने की संकल्पना की है । पर आज हम देख रहे हैं कि देश का आम आदमी चाहे वह मेहनतकश किसान हो, मजदूर हो, नौकरीपेशा हो या गृहणी सभी मंहगाई से परेशान है ।

आने वाले दिनों में जैसाकि सुन रहे हैं, पेट्रोल और डीजल के दाम और बढ़ सकते हैं, कोई शुभ संकेत मंहगाई रोकने के प्रयास में नहीं दे रहे हैं ।

आज essential commodities जिनमें खाद्य पदार्थ शामिल हैं, के दामों में कोई गिरावट देखने को नहीं मिल रही है । दूध के दाम तो अलग से ही बढ़ रहे हैं ।

आपने अपने बजट में स्वयं यह माना है कि मुद्रास्फीति को रोकने के लिए सरकार के सामने कृषि उत्पादों की सप्लाई को घरेलू मांग के चलते पूरा करना एक बहुत बड़ा चैलेंज है । योजनाओं का क्रियान्वयन और उनकी गुणवत्ता पर नजर रखना एक अलग ही समस्या पैदा कर रहा है । घोटालों का जिस तरह से ग्राफ बढ़ता जा रहा है वह सरकार की तरफ से भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उसकी उदासीनता का द्योतक है । राष्ट्र संपत्ति का इस तरह से दोहन मैं समझता हूं हमारे लिए सबसे बड़ा सवाल है जिन पर वित्त मंत्री को कुछ ठोस कदम उठाने पड़ेंगे । सिर्फ पुलिसिया कार्यवाही से बात नहीं बनेगी बल्कि दोषी व्यक्तियों से देश की संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई करवानी पड़ेगी । इसी तरह से देश तथा देश से बाहर काले धन की राष्ट्रीय कोष में वापसी के लिए ठोस उपाय करने पड़ेंगे तभी हम राष्ट्र के समक्ष खड़ी हुई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर पायेंगे ।

वित्त मंत्री ने साल 2010-11 में जीडीपी का ग्रोथ 8.6 प्रतिशत होने का दावा किया है । हम लोग बहुत दिनों से सुन रहे हैं कि यह विकास दो अंकों में हो जायेगा परंतु अभी तक इंतजार ही है।

कृषि की बात करते हैं तो इस साल बजट में उसमें सुधार लाने के लिए बहुत से प्रस्ताव किए गए हैं । कृषि और संबद्ध क्रियाकलापों के लिए बजट अनुपान वर्ष 2011-12 के लिए 14744

* Speech was laid on the Table

करोड़ रूपये है । इन पैसों को कुछ नई योजनाओं पर भी खर्च करने का प्रस्ताव है जिससे कि कृषि पैदावार में बढ़ोत्तरी हो जिससे हम खाद्य पदार्थों की कमी की समस्या से निजात पा सके । पूर्वोत्तर भारत में हरित क्रांति लाने की मुहिम भी एक स्वागत योग्य कदम है ।

इस संदर्भ में सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिधनियम का भी लोग इंतजार कर रहे हैं ।

उत्तर प्रदेश और खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़ा है। इस संदर्भ में बीपीएल सूची में रिवीजन की आवश्यकता है जिससे वंचित वर्गों के ज्यादा से ज्यादा लोग लाभांवित हो सके ।

यह प्रदेश बिजली की भी भारी कमी से जूझ रहा है । आपने इस वर्ष 6000 करोड़ रूपये राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को आवंटित किए हैं परंतु राज्यों को इसका समय से आबंटन हो सके यह देखना होगा । उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की बढ़ोततरी से उसका औद्योगिक विकास होगा तथा आर्थिक पिछड़ापन समाप्त होने के आसार पैदा होंगे ।

इस तरह से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के 20,000 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है परंतु यह देखा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश को मिलने वाली हिस्सेदारी से उसे वंचित रखा जा रहा है । फलस्वरूप वहां पर प्रस्तावित विकास कार्य बाधित हो रहे हैं जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है। मैं राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के संदर्भ में बताना चाहूंगा कि यह योजना धन के अभाव में सुस्त गति से चल रहा है । इस योजना के ऊपर टिप्पणी करते हुए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री जी ने यहां तक कहा था कि राज्यों को जो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जा रहा है वह सब स्टैन्डर्ड का है । अतः मैं सरकार से यह मांग करता हें कि इस बजट में इस योजना के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराया जाए जिससे कि सरकार का यह महत्वाकांक्षी योजना सफल हो सके एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को इस योजना से लाभ प्राप्त हो सके ।

इसी तरह से सेन्ट्रल रोड फंड के माध्यम से जो प्रदेश सरकार के प्रस्ताव, वह भी अभी लंबित है ।

इसी तरह से पूर्वी उत्तर प्रदेश को बाढ़ की विभीषिका से भी जूझना पड़ता है । इस संदर्भ में भी हमें केन्द्र सरकार से मदद की आवश्यकता है परंतु बजट में इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है । इन सबको देखते हुए मेरी वित्त मंत्री से मांग है कि वह देश तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों

को सस्ते बीज, कीटनाशक, सिंचाई की सुविधा तथा उनके उत्पादों की लागत मूल्य के अनुसार लाभकारी मूल्य दे ताकि वहां समृद्धि आ सके । इसके लिए मैं वित्त मंत्री से पूर्व उत्तर प्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग करता हूं ।

वित्त मंत्री ने 21000 करोड़ रूपये सर्व शिक्षा अभियान के लिए आवंटित किए हैं । यह पिछले आवंटन से 40% ज्यादा है । शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद राज्यों से इस मद की मांग में वृद्धि होना अवश्यभावी है । मेरी मांग है कि स्तरीय शिक्षा हेतु इस राशि में आवंटित राशि को राज्यों के विकास इन्डैक्स को देखते हुए उसके अनुरूप आवंटित करने की आवश्यकता है जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास हो सके ।

बजट में आंगनबाड़ियों में कार्यरत कर्मियों के वेतन में वृद्धि की गई है । मैं इसका स्वागत करता हूं ।

इसी तरह जो वित्त मंत्री ने जो कर सीमा में इजाफा किया है । सीनियर सिटीजन और 80 के ऊपर के व्यक्तियों के लिए मैं उसका स्वागत करता हूं तथा उन्हें बधाई भी देता हूं कि वह उनकी सीनियर सिटीजन के प्रति संवेदनशीलता को प्रकट करता है । परंतु मैं साथ ही यह कहना चाहूंगा कि आम वेतनभोगी की कर सीमा को 1,80,000/- से बढ़ाकर दो लाख पच्चीस हजार किया जाए ।

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने सर्विस टैक्स का दायरा बढ़ाया है और जो उसमें वृद्धि की है, वह आम आदमी पर बोझ बढ़ाएगी खासकर 25 बैड या उससे अधिक बढ़े, अस्पतालों पर रोगियों द्वारा ली जा रही सेवाओं पर सर्विस टैक्स तो बिल्कुल ही बेतुका है, इसे वापस लिया जाना चाहिए ।

गत वर्ष अल्पसंख्यक मंत्रालय का कुल बजट 2514.50 करोड़ का था । परंतु खेद के साथ यहां कहना पड़ रहा है कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना में जितने शिक्षकों की नियुक्तियां हुई थीं उनको गत दो वर्षों से वेतन का भुगतान सरकार करने में असमर्थ रही है । यह सिर्फ एक उदाहरण है । मेरा मानना है कि सरकार इस मंत्रालय का बजट और बढ़ाए ताकि इन शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया जा सके तथा पूर्ण रूप से अल्पसंख्यक समाज का विकास किया जा सके ।

आज देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक प्रकार की बीमारियां जैसे इनफ्लाटिस इत्यादि बीमारी होने से तथा उचित इलाज नहीं होने के कारण काफी लोगों की मौत प्रतिवर्ष होती रहती है। मेरा सरकार से आग्रह है कि प्रत्येक प्रखंड (ब्लॉक) में एक एवं तथा प्रत्येक जिला में पूर्ण प्रयोगशाला

सहित इस बजट में खोलने का प्रावधान किया जाए । एवं स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक गांव में प्रत्येक घर के अलावा एक सामूहिक सुलभ शौचालय का प्रावधान भीइस बजट में किया जाए ताकि ग्रामीण पुरूष एवं महिलाओं को शौच के लिए जंगल या खुले मैदान में जाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़े । अभी सरकार द्वारा जो स्वच्छता अभियान योजना चलाई जा रही है वह पूर्णतया सफल नहीं है । अतः इसमें उपरोक्त सुझाव सम्मिलित कर इस अभियान को सही दिशा देने का इसी बजट में प्रावधान किया जाए ।

उत्तर प्रदेश में केन्द्र सरकार के विद्युत प्रतिष्ठानों से 8,753 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जाता है, परंतु सरकार सिर्फ 38 प्रतिशत की उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराती है । विद्युत की कमी के कारण उत्तर प्रदेश के किसान तथा उद्योग धंधे करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेरा सरकार से आग्रह है कि उत्तर प्रदेश में उत्पादित विद्युत का 75 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराया जाए जिससे यहां के किसानों को तथा उद्योग से जुड़े लोगों को किसी प्रकार की विद्युत की कमी नहीं हो सके ।

विगत वित्त वर्ष में पीएमजीएसवाई को कुल 14898.50 करोड़ का निधि सरकार ने आवंटित की थी लेकिन सभी को पता है आज शहरों की सड़कें तो ठीक है परंतु गांवों की सड़कों की हालत एकदम विपरीत है । उसमें भी इस वित्त वर्ष के निधि में कटौती की गई है तथा कुल निधि 12667.10 करोड़ का ही प्रावधान किया गया है । मेरा सरकार से आग्रह है कि जहां 80 प्रतिशत देश की जनता रहती है उस ग्रामीण सड़कों को चुस्त-दुरूस्त किया जाए तथा पीएमजीएसवाई को और निधि आवंटित की जाए जिससे गांव की सड़कों को चुस्त-दुरूस्त किया जा सके तथा सरकार का यह महत्वाकांक्षी योजना सफल हो सके ।

जैसे कि मा0 वित्त मंत्री जी ने अपने 2010-11 के घोषणाओं कार्यान्वयन में उल्लेख किया है कि कृषि हमारे अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है तथा 60 प्रतिशत जनसंख्या का आहार इसी से प्राप्त होता है । चूंकि गत वित्त वर्ष में मा0 मंत्री जी ने 3,75,000 करोड़ रूपया कृषि ऋण प्रवाह में निर्धारित किया था । 7 प्रतिशत ब्याज की दर से तथा समय पर अदायगी करने वाले किसानों को 2 प्रतिशत का सहायता देने का घोषणा किया था । इस वित्तीय वर्ष में इस राशि को बढ़ाया जो 4,75,000/- करोड़ कर दिया तथा सहायता प्रतिशत 3 प्रतिशत कर दिया । महोदया जी मेरा आग्रह हे कि इस राशि को बढ़ाकर 10,0000 करोड़ रूपया कर दिया जाए तथा ब्याज से किसानों को

मुक्त कर दिया जाए । आज देश के किसान इसी ब्याज को चुकता नहीं कर पाने के कारण आत्महत्या तक कर लेते हैं । अतः किसानों को ब्याज मुक्त ऋण उपलपब्ध कराया जाए ।

मैं देश में एक अत्यंत पिछड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करता हूं । जहां बाढ़ से किसानों का खरीफ का फसल प्रतिवर्ष बर्बाद हो जाता है तथा किसान शहरों के तरफ मजदूरी करने के लिए पलायन कर जाता है । महोदया जी, आपके द्वारा सरकार से मेरा आग्रह कि पूर्वांचल के किसानों के लिए एक आर्थिक पैकेज की घोषणा इसी बजट सत्र में किया जाए । जिस प्रकार बुंदेलखंड तथा देश के और प्रदेशों के लिए किया गया था तथा इस क्षेत्र के किसानों के फसलों का बीमा सरकार अपने खर्चों से करें अगर किसानों की फसल प्राकृतिक आपदा में नष्ट होती है । पूर्वांचल में प्रत्येक वर्ष घाघरा, राप्ती, कुआनों, आमी, बढ़ी राप्ती तथा गंडक नदी के बाढ़ से फसल तो फसल किसानों के घर, मवेशी यहां तक की जान भी नष्ट हो जाती है और कुछ बचता है तो वह सिर्फ उनके आंखों में आंसू और घोर निराशा । अतः मेरा एक यह भी आग्रह है सरकार कोई एक ऐसा प्रयत्न करे कि इस क्षेत्र के जनता को इस आपदा से बचाया जा सके ।

पूर्वांचल के किसानों को उनके खेती के लिए खाद बीज तथा सिंचाई के लिए इस बजट में अलग से प्रावधान किया जाए तथा इस क्षेत्र में प्रत्येक प्रखंड के स्तर पर एक-एक कृषि ट्रेनिंग संस्थान बनाया जाए जिससे कि इस क्षेत्र के किसानों को उन्नत कृषि (खेती) करने के लिए शिक्षा मिल सके ।

इस क्षेत्र में एक भी औद्योगिक कारखाने नहीं है तथा इस क्षेत्र के बेरोजगार युवक पलायन करने पर मजबूर है तथा मुंबई जैसे शहरों में राज ठाकरे जैसे लोगों का प्रताड़ना सहने को मजबूर है। अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि इस क्षेत्र में औद्योगिक कारखाने लगाने के लिए इस बजट में प्रावधान करे ।

इस क्षेत्र में बुनकरों, कासा तथा फुल के बर्तन बनाने वाले कारीगरों तथा टेराकोटा बनाने वाले कारीगरों की बहुत जनसंख्या है । आज देश में खास तौर से गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे प्रदेशों में बड़े-बड़े कपड़े बनाने की मिलें, बर्तन बनाने की कारखाने बन जाने से इन बुनकरों तथा कारीगरों की रोजी-रोटी बंद हो गया है तथा ये भुखमरी के कागार पर खडे हैं ।

मेरा आपसे आग्रह है कि इन गरीब बुनकरों तथा बर्तन बनाने वाले कारीगरों को सरकार एक पैकेज की घोषणा इसी वित्तीय बजट में करे । जिससे इन गरीब लोगों को रोजी-रोटी का साधन उपलब्ध हो ।

यह क्षेत्र लघु कॉटेज इंडस्ट्रीज के लिए विश्व विख्यात था । परंतु दुख के साथ कहना पड़ता है कि केन्द्रीय सरकार के उदासीन रवैये के कारण ये लघु हथकरघा उद्योग खत्म हो गया है । मैं आपको बताना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश का शासन आजादी के बाद सबसे ज्यादा कांग्रेस के हाथ में रहा । आपको बताना चाहूंगा कि ये बुनकर/कारीगर सभी अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम) से आते हैं। कांग्रेस हमेशा ही इन समुदाय के लोगों के हित का दम भरती है और ये बहुत ही दयनीय हालात में हैं । अतः आपसे मेरा पुनः आग्रह है कि इनके तथा इनके बच्चों के रोजगार के लिए पैकेज का इसी बजट में प्रावधान किया जाए ।

हमारे इस संसदीय क्षेत्र का नाम महान सूफी संत कबीर के नाम पर है । अतः इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र घोषित कर पर्यटन के हिसाब से जितनी सुविधाएं हो वह उपलब्ध कराया जाए । यह एक महान सूफी संत कबीर को श्रद्धांजलि भी होगी । देश में चीनी उत्पादन के संदर्भ में उत्तरप्रदेश एक अग्रणी प्रदेश है । परंतु यहां का ईख उत्पादक किसान की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है । अतः मेरा आग्रह है कि ईख उत्पादक किसान को सरकार एक आर्थिक पैकेज का प्रावधान इसी वित्तीय वर्ष में दे कि यहां के किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सके ।

इस जिले में एक भी राष्ट्रीय स्तर का प्रौद्योगिकी तथा व्यावसायिक शिक्षा केन्द्र नहीं है । यहां के गरीब किसान, मजदूर, बुनकर, कारीगर के बच्चे आर्थिक तंगी के कारण ये शिक्षा से वंचित रह जाते हैं । इन लोगों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि इनको गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, बंगलौर या अन्य जगहों पर भेजकर पढ़ा सके । मेरा आपसे आग्रह है कि इस जनपद में उपरोक्त शिक्षा संस्थान खोला जाए जिससे कि इस जनपद की गरीब जनता भी ऐसी शिक्षा ग्रहण कर सके । क्रीड़ा-खेल के क्षेत्र में भी यह जनपद बहुत पिछड़ा हुआ है । मेरा आपसे आग्रह है कि खेलों से संबंधित संस्थान तथा राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान (स्टेडियम) का निर्माण कराया जाए । जिससे इस क्षेत्र के युवक खेल (क्रीडा) के क्षेत्र में भी देश तथा प्रदेश का नाम गौर्वान्वित कर सके ।

*श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): माननीय प्रधान मंत्री जी डा0 मनमोहन सिंह के नेतृत्व में एवं आदरणीय श्रीमती सोनिया गांणी जी की अगुवाई में आदरणीय वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी ने जो बेहद संतुलित बजट पेश किया है जो आर्थिक विकास की दिशा के मार्ग को सुगम बनाएगा एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाएगा । भारतीय अर्थव्यवस्थाविश्व की उन चंद बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है जो विश्व व्यापी आर्थिक मंदी के असर को सफलतापूर्वक झेल गई और हमने रह सह कर आर्थिक विकास की दर 8.6% को हासिल किया है ।

ग्रामीण एवं कृषि विकास को मद्देनजर इस बजट में कृषि निवेश को बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में कर्ज के लिए 4.75 लाख करोड़ की व्यवस्था की है एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का बजट 7860 करोड़ किया है । नाबार्ड के लिए 30 अरब का प्रावधान किया है, खाद की समस्या से निजात पाने के लिए नई फर्टीलाईजर नीति लाई जाने का प्रस्ताव किया है एवं ग्रामीण विकास के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 180 अरब रूपये की व्यवस्था की है । यह सभी कदम निसंदेह भारतीय कृषि व्यवस्था को विकास गति को तेज करेंगे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएं मिलने के अवसर प्राप्त होंगे ।

भारत में कच्चे माल की कमी नहीं है आवश्यकता है कि इस कच्चे माल का समुचित उपयोग करके उसका उत्पादन करने की जिससे रोजगार में वृद्धि हो और घरेलू उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो इसके लिए सरकार ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहन दिए जाने हेतु प्रयास किए हैं । हमारे देश में हर साल 3 अरब की सब्जी एवं फल भंडारण एवं परिवहन के अभाव में खराब हो जाते हैं । इस बजट में सब्जियों, खाद्यान्न एवं फलों के भंडारण एवं उनके प्रसंस्करण किए जाने हेतु इस बजट में प्राथमिकता दी है जिसकी नितांत आवश्यकता थी ।

इस बजट में उत्तरी पूर्वी राज्य अपनी भौगोलिक कारणों से अन्य राज्यों की अपेक्षा काफी पिछड़े है उनके विकास के लिए सरकार ने विशेष पैकेज की व्यवस्था इस बजट में की है । सदन के माध्यम से सरकार से मेरा अनुरोध हे कि उत्तरी पूर्वी राज्यों की तरह राजस्थान के मरूस्थल इलाका भी भौगोलिक कारणों से अन्य क्षेत्रों से काफी पिछड़े है । मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर एवं जैसलमेर में उद्योगों की काफी कमी है जिसके कारण यहां के लोगों को पलायन करके दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है । बाड़मेर में आज देश के कुल पेट्रोलियम पदार्थों का 25 प्रतिशत के करीब

* Speech was laid on the Table

उत्पादित हो रहा है और बाड़मेर में सरकारी क्षेत्र में एक रिफाईनरी स्थापित करने की अति आवश्यकता है साथ ही इस क्षेत्र में जो पेट्रोलियम कंपनियां पेट्रोलियम पदार्थों को निकाल रही है उनके द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से यहां के लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए बुनियादी सुविधाएं दिलवाई जाए ।

हमारा देश के 65 प्रतिशत लोग खेतीबाड़ी पर निर्भर है और देश के लिए अनाज पैदा कर रहा है परंतु उनकी जमीनों को अधिग्रहित करने के लिए पुराने कानूनों का सहारा लिया जाता है जिसके कारण उनको उनकी भूमि का बाजार मूल्य नहीं मिलता है और न ही उनको रोजगार । इसलिए भूमि अधिग्रहण में व्याप्त कानूनों में संशोधन किया जाए जो सरकार ला रही है परंतु इसमें देरी करने से किसानों के साथ अन्याय होगा । भूमि अधिग्रहण तभी किया जाए तो जब अति आवश्यक हो देखा गया है कि चाहे सेना हो, चाहे रेलवे हो, या राज्य सरकार को या केन्द्र सरकार हो यह किसानों से भूमि लेकर छोड़ देती है जहां पर परियोजनाएं नहीं लगी है और जिस कार्यों के लिए जमीन ली गई है वह कार्य नहीं किए जा रहे हैं तो किसानों की जमीन को वापिस कर देना चाहिए । इससे खाद्यान्न के उत्पादन में सहायता मिलेगी । इस बजट में किसान के लिए 7 प्रतिशत पर ब्याज को जारी रखा है और जो किसान समय पर कर्ज को अदा कर देंगे तो उनको 3 प्रतिशत की राहत मिलेगी इससे किसान में ऋण लेने की प्रवृत्ति बढ़ेगी और कर्ज अदा करने की भी । किसानों का शोषण करने वाले साहूकारों से मुक्ति भी ।

देश के लिए गरीबी एक अभिशाप है यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार देने हेतु कई कार्यक्रम दिए हैं जैसे ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा, इन्दिरा आवास, ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता हेतु कार्य किए जा रहे हैं । ग्रामीण क्षेत्र में किसानों का खुशहाल करने के लिए डेयरी, मत्स्य पालन, मुर्गी पाल, मधुमक्खी पालन जैसे कार्य शुरू किए है जिससे गांव के लोगों को रोजार की तलाश करने के लिए शहरों की तरफ न दौड़ना पड़े । इन सबका परिणाम यह हुआ है कि देश में 1993-94 में 32 करोड़ थे जो घटकर 30 करोड़ से कम रह गए हैं जिस गति से विकास हो रहा है उससे गरीबी का पूरी तरह से उन्मूलन हो जाएगा । इस दस सालों के दौरान साढ़े पांच करोड़ गरीब परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है जो दर्शाता है कि देश में 8.23 प्रतिशत गरीबी हटी है । शहरों में सुविधा दिलाने एवं स्लम मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए कई सुविधाएं दी हैं और राजीव

आवास योजना में शहरों के गरीब लोगों को मकानों का मालिकाना हक दिलाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं ।

विदेशों में हमारे नवयुवकों को उनकी योग्यता एवं तकनीकी शिक्षा के आधार पर अच्छी-अच्छी नौकरी मिल रही है और सर्विस क्षेत्र में हमारे नवयुवक विदेशों में काम करके देश का नाम कमा रहे हैं और विदेशी मुद्रा भारत भेज रहे हैं । पहिले हम मजदूर बनकर विदेश जाते थे और आज हम डॉक्टर एवं इंजीनियर बनकर विदेश जाते हैं । शिक्षा प्राप्ति की ओर जिस प्रकार का उत्साह देखा जा रहा है कि हमारे क्षेत्र में शिक्षा संस्थान कम पड़ गए हैं । हमारे भारत में शिक्षा का अधिकार एवं निशुल्क शिक्षा का अधिकार का कानून बनाने पर हमें विश्व में प्रशंसा मिल रही है । इस बजट में हमने 52.57 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान किया है जो एक रिकार्ड है ।

देश में बच्चों के विकास हेतु सरकार ने बुनियादी सुविधाएं दिलवाई है और इस बजट में आंगनवाड़ी में कार्यरत सहायकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन को दुगना किया है विधव की पेंशन राशि को प्राप्त करने की आयु को 65 से 60 किया है । स्वास्थ्य क्षेत्र में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है परंतु जहांपर जनसंख्या घनत्व कम है वहां पर स्वास्थ्य की सेवा ग्रामीण लोग वंचित है । इसलिए स्वास्थ्य सेवा को जनसंख्या का आधार न बनाकर दूरी का आधार बनाया जाए ।

देश के कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर पानी की बहुत कमी है जिसके कारण उनके खेतों को पानी नहीं मिलने से फसल पर बुरा असर होता है और दूसरी ओर चारे की समस्या से पशुपालन पर बुरा असर होता है । मेरे संसदीय क्षेत्र में लिफ्ट परियोजना स्वीकृत हो गई है । इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाना चाहिए और नर्मदा परियोजना का लाभ राजस्थान के मरू भूमि पर दिलाने हेतु जोर दिया जाए ।

अंत में मैं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था के विकास को गति प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत से यह बजट तैयार किया है और इसका तहेदिन से समर्थन करता हूं ।

***श्री श्रीपाद येसो नाईक (उत्तर गोवा):** माननीय वित्त मंत्रीजी ने वर्ष 2011-12 का बजट देशवासियों के सामने पेश किया । अपेक्षा थी कि देश में हुए भ्रष्टाचार के मामलों में बढ़ोत्तरी के कारण त्रस्त हुई देश की जनता को और बढ़ती हुई महंगाई कारण त्रस्त जनता को कुछ ना कुछ राहत मिलेगी । लेकिन डायरेक्ट टैक्स के अधीन 20 हजार का टैक्स स्लैब (1,60,000 से 1,80,000) तक बढ़ाके सिर्फ 20,000/- की पूरी साल के लिए राहत दिलाई है । और दूसरा आंगनवाड़ी कर्मियों का मानधन रूपये 1500 से 3000 तक बढ़ाया इसके सिवाय आम आदमी की घोर निराशा की गई है ।

आने वाला बजट कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने वाला होगा ऐसी चर्चा थी लेकिन बढ़ावा देने के बजाय कृषि क्षेत्र का पैरा घटाया गया है यह दुर्भाग्य की बात है । कृषि हमारी रीढ़ की हड्डी है । कृषि उत्पादन बढ़ गया तो देश का आम आदमी ठीक तरह से जीवनयापन कर सकेगा । सरकार ने किसानों के ऋण पर ब्याज यदि कम करते तो किसान के पैर पर खड़े हो सकते थे । मगर सरकार ने आलिशान कारों के ऊपर ब्याज कम कर दिया ताकि अमीर लोगों को और अमीर बनाने का प्रयास किया है ।

मैं सरकार से यही पूछना चाहता हूं कि महंगाई कम करने के लिए इस बजट में आपने क्या व्यवस्था की है ? महंगाई से आज आम आदमी त्रस्त है । किसान हर दिन आत्महत्या करने लगा है। आखिर यहां का अन्नदाता किसान ऐसी आत्महत्याएं करने लगा तो आम आदमी जियेगा किस के आधार पर ? आज धान, सब्जियों की, दालों की कीमतें बढ़ी है । लेकिन यह पैसा किसानों को नहीं मिलता । बिचौलिया और साठेबाज ही उसका फायदा उठा रहे हैं । सरकार इनके ऊपर कुछ कारवाई नहीं करती । लोग कहते हैं कि साठेबाज और सरकार की साठगांठ है ।

आज देश ऐसे विकट परिस्थितियों से गुजर रहा है कि आगे अंधेरा ही अंधेरा दिख रहा है । सरकार में भ्रष्टाचार की परिसिमा हुई है । एक के बाद दूसरा स्कैंडल उसमें 2जी स्पैक्ट्रम घोटाला है। 1,76,000 करोड़ का जो स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा है । कॉमन वेल्थ गेम के नाम पर हजारों करोड़ का घोटाला हमने देखा है । आदर्श घोटाले जैसे अनेक घोटाले हर स्तर पर होते जा रहे हैं । जब सरकार के ही मंत्री, सांसद घोटाले करने लगे तो साधारण आदमी क्यों नहीं करेगा भ्रष्टाचार ?

आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे हैं । 60 करोड़ लोगों को दोनों वक्त की रोटी तक नहीं मिल रही है । उत्पादन बढ़ाने की कोशिश नहीं हो रही है । सरकार किसानों को अच्छे

---

* Speech was laid on the Table

बीज नहीं दे पा रही है । उपजाऊ जमीन के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही । किसान खाद की कमी से परेशान है । दूसरी ओर गोदाम की पर्याप्त व्यवस्था ना होने के कारण देश का कई लाखों टन अनाज बाहर सड़ रहा है । आखिर इस के लिए सरकार की ही जिम्मेदारी है । देश का किसान आज संकट में है । कहीं ज्यादा बारिश, कहीं कम बारिश से फसल बर्बाद हो जाती है । कर्ज अदा नहीं कर पाता है । सरकार ने इस बजट में ऋण का ब्याज कम करना चाहिए था। ज्यादा ब्याज के कारण किसान और त्रस्त हो रहा है । अतः मेरी प्रार्थना है कि किसान का ब्याज दर 7 प्रतिशत से 4 प्रतिशत कर उन्हें मदद दी जाए ।

सरकार ने बहुत योजनाएं देश में चलाई है, लेकिन इनकी अमलबजावनी ठीक तरह से नहीं हो पा रही है । 40 प्रतिशत से ज्यादा बजट का पैसा खर्च नहीं हो रहा है । उसमें भी भ्रष्टाचार है । इस योजनाओं को चलाने के लिए आम आदमी को बैंक कर्ज देने में असमर्थता दिखाते हैं । पीएमआरवाई एसजीआर द्वारा और कई योजना बैंक के कारण सफल नहीं हो पाती है ।

देश में अनाज का उत्पादन बढ़ा है लेकिन हजारों लाखों टन अनाज मैनेजमेंट के अभाव से गोदामों में और बाहर सड़ रहा है । सड़ा हुआ अनाज गरीबी तक सरकार क्यों पहुंचाने में असमर्थ है? सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरी तरह से नाकामयाब साबित हुई है । लोगों को सार्वनजिक वितरण प्रणाली का अनाज वक्त पर नहीं मिल रहा है । अतः मेरा आग्रह है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार किया जाए ताकि गरीबों को ठीक तरह से अनाज मिले ।

यूपीए सरकार ने देश को गहरे संकटों में डाल दिया है । भ्रष्टाचार चरमसीमा पर है। मंहगाई ने आम आदमी की रीढ़ तोड़ दी है, किसानों की आत्महत्याएं हर दिन हो रही है, कानून व्यवस्था चरमरा रही है, लुटेरों ने हडकंप मचाया है, दिन-दहाड़े महिलाओं की हत्याएं हो रही है । साठेबाज इस गरम माहौल में अपनी रोटियां सेंक रहा है । किसान, आम आदमी भगवान भरोसे जी रहा है । इन परिस्थितियों से देश को ऊपर उठाने के लिए, देश को खड़ा करने का प्रयास यूपीए सरकार करे यही हमारी मांग है ।

[*]**SHRI IJYARAJ SINGH (KOTA):** I would like to complement the finance minister on having presented an excellent budget. The macroeconomic situation under which the budget has been presented is not an easy one.

We are facing the issue of inflation, which is worldwide, though admittedly the degrees vary. This is coupled with the fact that a number of nations in the world are still tackling the economic slowdown or are just emerging from it. Fiscal stimulus packages have been used by many countries to battle the economic slowdown. However, care needs to be taken to ensure that demand is not stimulated to such a degree that demand outstrips supply, and create inflationary pressures.

What is very welcome is the increased focus on infrastructure. The outlay on infrastructure has been increased by 23% in 2011-12 to Rs.214 crore. To increase the inflow of funds which can be used for infrastructure development, SEBI approved mutual funds can now receive investments from foreign institutional investors. In addition, the ceiling on FII investments into infrastructure bonds has been increased to $40 billion. FII's can also invest into unlisted bonds with a minimum lock in period of 3 years. In addition, notified infrastructure dedicated debt funds will now attract a withholding tax of 5% as opposed to the current 20%. The income tax deduction on the investment in infrastructure bond continues, in order to encourage these kinds of investments.

One of India's most valuable assets is its human resource. This can be a source of great advantage to us in the coming years. We have a large percentage of our population in the youth bracket, but they need to be well educated, and have vocational skills. It is with this in mind that there is a big increase in the allocation for education, especially primary education. The allocation for Sarva Shiksha Abhiyan has been increased by 40%. The allocation for secondary and higher education has been increased by 24%. Scholarships to those belonging the SC/ST category has been increased and would benefit about 40 lakh students.

---

[*] Speech was laid on the Table

The budget has attempted to increase the efficiency of the segments which are of primary importance for an agrarian economy like India's. Agriculture contributes about 24% of India's GDP, and India is the 2nd largest food producer in the world. There are increased incentives for investment in godowns, silos, cold chains and refrigerated warehouses. Infrastructure status has been granted to post harvest storage to enable foreign and increased investment in this sector. Machinery and equipment used in cold storage, mandis and warehouses has been extended excise duty exemptions. Due to increased demand for food grain and fruit and vegetables, their effective storage is vital. This would also encourage the food processing industry which depends a lot on the ability to store perishable produce (such as fruits and vegetables) which often end up getting spoiled and rotting in the absence of proper and adequate storage. Another step in this direction is the proposed setting up 15 food parks.

To improve the efficiency of farming, steps have been taken to encourage the procurement of agriculture machinery and micro irrigation, by reducing customs duty from 5 to 2.5%, and from 7.5 to 5% respectively. Micro irrigation methods like drip irrigation and sprinkler systems would be very beneficial where there is need to use water resources effectively in rain-fed and water scarce regions.

The finance minister has also announced that farmers repaying loans on time will get a discount or incentive of 3%, making their effective rate of interest 4%. This will be of benefit to countless number of farmers. The finance minister has also attempted to improve agricultural credit further, by infusing Rs.3000 crore into NABARD.

To further aid development, the allocation to Bharat Nirman, which includes Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna, Accelerated Irrigation benefit Programme, Rajiv Gandhi Vidyutikaran Yojna, Indira Awas Yojana, National Rural Drinking Water Yojna and Rural Telephony, has been allocated 58,000 crore, which is an increase of 10,000 crore.

The wage rates under MNREGA has been indexed to the Consumer Price Index for Agriculture Labour, which will benefit thousands of rural inhabitants. We have all experienced and seen that subsidies for LPG, Kerosene and fertilizers do not reach where they should, despite the best intentions of the government. Therefore, the stated intent of the Government to move towards a system of direct transfer of cash to those targeted for the subsidies by March 2012, in a phased manner, is most welcome and laudable. This will also free up resources for use elsewhere by their more efficient use.

Healthcare allocation has been increased by 20%, which is a very positive step. Rashtriya Swasthya Bima Yojana, which benefits poor and marginal workers, has been extended to MNREGA workers, in addition to others

To enable the common man to have more money left in his pocket in these times when inflation is a worry, the Finance Minister has raised the no tax bracket to Rs.1,80,000. There have been cuts in excise duty on several items to benefit the common man.

The age for qualifying as a Senior citizen has been lowered from 65 to 60, and the exemption limit raised from 2,40,000 to 2,50,000. For citizens over the age of 80, the tax exemption limit has been raised to 5,00,000. All these measures will help our elderly citizens live better and more honourably.

However, service tax has been imposed on hospitals having more than 25 beds and being centrally air conditioned. This will hurt the common man, and effect the smallest hospitals, as a hospital of 25 beds is not very large and in certain weather conditions, air conditioning is a necessity. The service tax component will be passed on the patients already affected by inflation. In addition, service tax has been imposed on hotels having a room rate of more than Rs.1000. This will hurt the tourism industry, which has suffered due to the economic downturn. Tourists from the US and Europe have dropped in numbers, and are now price sensitive. Major tourist destinations like Rajasthan and Kerala will be particularly effected.

One of the very positive steps has been to increase the salaries being paid to Anganbadi workers. This has been doubled for all categories, and will greatly benefit the workers who generally come from a very impoverished background.

I once again congratulate the finance minister on a presenting a good budget.

Finally, I commend the budget.

*__श्री रघुवीर सिंह मीणा (उदयपुर):__ मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत 2011-12 के बजट का समर्थन करता हूं । यह गर्व की बात हे कि भारत आज दुनिया में चीन के बाद सबसे तेज गति से विकास की ओर बढ़ने वाला देश है । जब दुनिया के बहुत सारे देश, खासकर विकसित देश, पिछले 2-3 वर्षों में, मंदी के दौर से गुजर रहे थे, भारत की प्रगति सराहनीय रही है ।

2011-12 में विकास की दर का लक्ष्य 9% का रखा गया है जोकि निश्चित रूप से हमारी पहुंच में है । कृषि विकास दर 2010-11 में 5.4% रही है जो कि अच्छे मानसून व सरकार के प्रयासों का नतीजा है । अर्थव्यवस्था के बाकी क्षेत्रों की भी विकास दर अपेक्षाओं के अनुसार हो रही है ।

कृषि विकास को महत्व

3. मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस बार आपने अपने बजट भाषण में कृषि विकास पर फोकस किया है एवं विस्तृत रूप में सरकार की प्राथमिकताओं को सुनिश्चित किया है । आपने बजट में एक स्पष्ट संदेश (message) दिया है कि भारत जैसे देश के लिए दालों एवं तिलहनों में आत्मनिर्भरता उतनी ही आवश्यक है जितना कि गेहूं व चावल में । पहली बार मोटे अनाज (coarse cereals) जैसे बाजरा, मक्का, ज्वार को पोषक (nutiritional) अनाज का दर्जा देकर इसके प्रसंस्करण (processing) को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है । इससे छोटे व सीमांत किसान, खासकर आदिवासी क्षेत्रों के किसानों एवं वर्षा आधारित (rainfed area) खेती करने वाले किसानों को लाभ होगा ।

4. कई वर्षों से हम सुन रहे हैं कि दूसरी हरित क्रांति की आवश्यकता है जिससे कि देश में खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित किया जा सके । स्वामिनाथन साहब की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग ने भी इसकी सिफारिश की थी । इस बजट में इसकी घोषणा हुई है कि देश के पूर्वी राज्यों - बिहार, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, आसाम, छत्तीसगढ़, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसकी शुरूआत करनी है । असल में देश के इन राज्यों में अच्छा व पर्याप्त पानी है, अच्छी भूमि है, परंतु कृषि उत्पादकता बहुत कम है जिसको एक दिशा देकर आसानी से बढ़ाया जा सकता है । इसलिए वित्त मंत्री जी का यह एक सराहनीय कदम है । इसके अतिरिक्त पशु चारे का उत्पादन,

* Speech was laid on the Table

भण्डारण क्षमता बढ़ाने और कृषि ऋण की मात्रा को 3.75 लाख करोड़ से 4.75 लाख करोड़ का करना, विशेष कदम है ।

5. वित्त मंत्री जी ने टिकाऊ खेती (sustainable agriculture) का भी प्रावधान रखा है । इस बारे में मेरा एक सुझाव है कि आदिवासी क्षेत्रों में जहां अब तक रासायनिक खाद (chemical furtilizer) और कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल न के बराबर है वहां एक योजनाबद्ध तरीके से जैविक (organic) फसलों को पैदा करने के आवश्यक सहायता, वित्तीय और तकनीकी सहायता (financial and technical) केन्द्र सरकार की विशेष योजना द्वारा उपलब्ध कराना चाहिए ।

6. दूसरा सुझाव है कि जैव उर्वरक (bio-furtilizer) व कम्पोस्ट खाद का उत्पादन एक संगठित तरीके से करवाना चाहिए जिससे इसकी गुणवत्ता एवं विपणन सुनिश्चित होगी । किसानों को सस्ती खाद मिलेगी, उनको पशुधन से गोबर प्राप्त होता है उसकी अच्छी कीमत मिलेगी जोकि आज आधे से ज्यादा मिट्टी हो जाता है । हम सब जानते हैं कि इसके इस्तेमाल से जमीन की सेहत व गुणवत्ता बनी रहेगी एवं इसकी ज्यादा पानी प्रतिधारण क्षमता (water retention capacity) होने से कम पानी में ज्यादा उत्पादकता प्राप्त की जा सकेगी । इन फायदों को देखते हुए देश में जैव उर्वरक (bio-furtilizer) का संगठित तरीके से उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक है कि इसके उत्पादनकर्ताओं को रासायनिक खाद (chemical furtilizer) की तर्ज पर सब्सिडी उपलब्ध कराएं तथा उसके लिए एक उचित विपणन तंत्र (marketing network) को बढ़ावा दें । चूंकि आदिवासी समाज पशुधन व जंगलों पर आधारित है इस तरह की व्यवस्था से उनको भी फायदा होगा ।

7. टिकाऊ खेती (sustainable agruculture) के परिप्रेक्ष्य में जल संरक्षण एवं इसके उचित उपयोग का बहुत महत्व है । यद्यपि देश में फव्वारा व बूंद-बूंद सिंचाई (sprinkler and drip irrigation) को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, लेकिन इसकी प्रगति धीमी है । अभी तक देश में केवल 25 लाख हेक्टेयर में यह व्यवस्था हो पाई है । हमें अगले 2-3 वर्षों में कम से कम 150 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य रखना चाहिए । इससे न केवल पानी की बचत होती है बल्कि उत्पादकता में 25 से 30% वृद्धि भी होती है । भविष्य में भूमि की उर्वरकता बनी रहती है । लेकिन इसमें शुरूआती खर्चा ज्यादा आता है जोकि छोटे व सीमांत किसानों के बस की बात नहीं है । इसलिए सरकार को इसके लिए 90% सब्सिडी देनी चाहिए ।

8. इसके अतिरिक्त देश में कृषि के उपकरण (tractors, thrashers, cultivators) आज भी काफी महंगे हैं एवं आम किसान की पहुंच से बाहर है । इन पर ऋण मिलता है लेकिन ब्याज दर ज्यादा है । जिस तरह से अल्प अवधि के लिए फसल ऋण (crop loan) पर 4% ब्याज कर दिया है, इसी तरह से इन पर ब्याज दर कम करने की आवश्यकता है । यह इसलिए भी जरूरी हो गया है कि मनरेगा (MNAREGA) में गरीब मजदूरों को रोजगार मिलने से कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त मजदूरों की उपलब्धता नहीं है एवं मजदूरी लागत बढ़ने से किसान की उत्पादन लागत भी बढ़ गई है। समय पर कृषि कार्य (जुताई, बुआई, कटाई) नहीं होने से उत्पादकता भी कम हो जाती है । इसलिए ऐसी स्थिति में कृषि का मशीनीकरण आवश्यक हो गया है जिसके लिए हमें ब्याज दर में ही कमी करने की जरूरत नहीं है बल्कि कृषि उपकरणों का देश में बड़ स्तर पर उत्पादन हो, इसको भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है ।

9. इसमें कोई संशय नहीं है कि आने वाले वर्षों में देश में खाद्यान्नों की मांग, उत्पादन से ज्यादा होने वाली है । कृषि योग्य भूमि का एक बड़ा हिस्सा गैर कृषि कार्यों के लिए जा रहा है जोकि देश में बढ़ते विकास का परिणाम भी है । प्रश्न यह है कि इस घाटे की पूर्ति कैसे करें । देश में राष्ट्रीय दूरसंवेदी एजेंसी (National Remote Sensing Agency - NRSA) के अनुसार करीब 55 मिलियन हैक्टेयर (550 लाख हैक्टेयर) भूमि उसर या degraded है हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि कम से कम 15 मिलियन हैक्टेयर जमीन को हम अगले 3-4 वर्षों में कृषि योग्य बना सके । इसके लिए एक विशेष कार्यक्रम (land development) शुरू होना चाहिए जिसकी नजदीकी से निगरानी (monitoring) होनी चाहिए । मैं जानता हूं कि आज भी देश में बहुत से कार्यक्रम चल रहे हैं, भूमि विकास के दावे भी किए जा रहे हैं, लेकिन इस विकसित भूमि से उत्पादन बढ़ा है इसके प्रमाण बहुत कम है । इसलिए मैंने नजदीकी निगरानी का सुझाव दिया है ।

चिकित्सा सुविधा का अधिकार

10. बजट 2011-12 के परिप्रेक्ष्य में एक और बात रखना चाहूंगा, जोकि आदरणीय वित्त मंत्री जी एवं स्वास्थ्य मंत्री जी से संबंधित है । जिस तरह से हमारी सरकार ने रोजगार के अधिकार एवं शिक्षा के अधिकार का प्रावधान किया है और खाद्य सुरक्षा के अधिकार पर अभी विचार हो रहा है, उसी तरह से चिकित्सा सुविधा के अधिकार, विशेषकर गरीब तबकों के लिए, की भी अत्यंत आवश्यकता है । उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में करीब एक लाख करोड़ रूपयों की दवाओं का

उत्पादन होता है और करीब 50,000 करोड़ रूपये का हम निर्यात (export) भी करते हैं । लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के मुताबिक भारत में अभी भी करीब 65% जनसंख्या को आधुनिक दवा नहीं मिल पाती है एवं इसमें गरीब लोग सबसे ज्यादा है । इसके कई कारण हैं, दवा नहीं है, दवा की दुकान नहीं है, डॉक्टर नहीं है, नर्स नहीं है एवं दवा की कीमत ज्यादा है ।

11. एक अनुमान के अनुसार, यद्यपि अमेरिका में 38% डॉक्टर भारतीय है, हमारे देश में अभी करीब 7 लाख डॉक्टरों की कमी है । यह कमी 2020 तक और बढ़ेगी । 2020 तक 19 लाख डॉक्टर, 37 लाख नर्स तथा 82 लाख पैरा मेडिकल स्टाफ कुल मांग की तुलना में कम रहेंगे । यह एक गंभीर स्थिति है । आज भारत में हर वर्ष करीब 33-34,000 डॉक्टर बनते हैं । नर्स भी हर वर्ष मांग की तुलना में बहुत कम बनती है । क्या उपाय किए जाएं, हमको प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है ।

12. गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं किस तरह से उपलब्ध कराएं यह सुनिश्चित करने की जरूरत है । आज स्वास्थ्य पर करीब 80% खर्चा व्यक्ति अपनी जेब से करता है, राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों मिल कर करीब 15% खर्चा करते हैं, बाकी बीमा स्कीमों के मार्फत होता है । आज, औसत तौर पर दवा पर प्रति व्यक्ति खर्चा करीब 300 रू0 प्रति वर्ष होता है । कुल स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति खर्चा, जो अस्पताल में भर्ती होने पर होता है वह करीब 1500 रू0 है । इस आधार पर सरकार यदि बीपीएल (BPL) परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देने का निर्णय लेती है तो कुल वार्षिक खर्चा एक अनुमान के अनुसार 9000 करोड़ रूपये से लेकर 29000 करोड़ रूपये आता है ।

13. इस बारे में मैं एक उदाहरण, राजस्थान का देना चाहूंगा । वहां पर एसएमएस व अन्य बड़े अस्पतालों में Life Line Stores के मार्फत liquid injectable और intra-venous fluids (ग्लूकोज की बोतलें) बाजार भाव से 20 से 70% कम कीमत पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं । इस दिशा में "मुख्यमंत्री जीवन रक्षा कोश" योजना के तहत BPL परिवारों को जनवरी, 2009 से मुफ्त इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है । यदि कोई दवा या किसी बीमारी विशेष का इलाज सरकारी दुकान या अस्पताल में उपलब्ध नहीं है तो उन्हें निर्धारित अस्पतालों से यह सुविधा दी जाती है । इस योजना के तहत पिछले एक वर्ष में करीब 66 लाख मरीजों का मुफ्त इलाज हुआ एवं राज्य बजट से करीब 65 करोड़ रूपया खर्च किया गया ।

14. इसको देखते हुए मेरा सुझाव यह है कि केन्द्र सरकार बीपीएल (BPL) परिवारों के लिए स्वास्थ्य गारंटी योजना (Health Guarantee Scheme) के तहत राज्य सरकारों को 70% हिस्सा देने का प्रावधान करे । राज्य सरकारों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए 30% व्यय वे स्वयं करे । इसमें जो भी दवाईयां चाहिए वे राज्य सरकार अपने स्तर पर एक निविदा समिति (Tender Committee) के द्वारा दवाईयां जानी-मानी कंपनियों से खरीदे । राजस्थान का अनुभव बताता है कि निविदा प्रणाली (tender system) से बाजार भाव के 10-20% पर ही दवाईयां खरीदी जा सकती है। मतलब, 10 रूपये की दवा 2 रूपये में खरीदी जा सकती है । इससे रोगियों पर कम भार तो पड़ेगा ही साथ ही सरकार कम पैसे में ज्यादा लोगों का इलाज कराने में सक्षम होगी ।

15. मेरा यह मानना है कि गरीब को स्वास्थ्य गारंटी (Health Guarantee) देने के लिए 9000 करोड़ रूपये या 29000 करोड़ रूपये बहुत ज्यादा राशि नहीं है । और यदि व्यक्ति स्वस्थ रहता है तो ज्यादा कमाता है एवं इससे उसकी पारिवारिक आय बढ़ने के अतिरिक्त हमारी सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर (GDP Growth Rate) भी बढ़ेगी ।

16. मैं अपेक्षा करता हूं कि आप मेरे द्वारा दिए गए सुझावों पर गौर करेंगे । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं ।

17. अंत में मैं बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात को विराम देता हूं ।

*SHRI M. ANANDAN (VILUPPURAM): I would like to lay my views on the general budget 2011-12 on behalf of AIADMK Party.

As per the implementation of Special Component Plan (SC) and Tribal Sub Plan (TSP) initiated in 1980 and 1974 to bring SCs & STs into mainstream focusing on their socio and economic development, it has been decided to allocate budget for the same according to their population percentage. But the allocation has been always very low from the required (16.2% for SCs and 8.2% for STs). In the present Union Budget also the allocation under SCP is 8.98% and TSP is 5.11%. For the development of SCs and STs Government should have allocated Rs.55,121 crores and Rs.25,430 crores respectively. But it has allocated Rs.30,551 for SCs and Rs.17,371 crore for STs. Out of 104 departments only 24 departments have made allocation under SCP and 26 departments have made allocations under TSP. It is a sorry affair according to the framed policy this allocation is very low. The number of departments like industries, mines, coal, steel, atomic energy etc. are being left out.

In the present budget the allocation to Indira Awas Yojana have been reduced from Rs.6000 crores to 3530 crores. The Ministry of Youth Affairs has reduced its budget on SCP by 32%. I appeal to the Hon'ble Minister to ensure the following.

1. allocation under SCP and TSP should be as per the population percentage of SCs and STs.
2. all departments like Energy, Power, Roads and Bridges, Coal, Petroleum, Mines, Coal, Industry etc., should allocate SCP and TSP
3. all departments must have separate cell on SCP and TSP which are proactive in ensuring effective implementation of the programme.
4. clear schemes and programmes which have utility value for the SCs and STs need to be innovated for SCP and TSP.

---

* Speech was laid on the Table

***डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** यूपीए-2 के हमारे विद्वान और आदरणीय वित्त मंत्री जी के इस बजट में सरकार ने अपनी वित्तीय व्यवस्थापन को बेहद सफल दिखाया है और ग्लोबल मंदी होते हुए भी जीडीपी को 9 प्रतिशत रख के अपनी पीठ खुद ही थपथपाई है । मगर अगर सही मायने में देखा जाए तो ये सिर्फ भ्रामक स्थिति है । सही मायने में देखों तो प्रणालीगत भारतीय अर्थतंत्र का ढांचा ही ऐसा है, जिसकी वजह से हमारा अर्थतंत्र एक आर्थिक सभ्यता की मजबूत बुनियाद पे खड़ा है । मैं मानता हूं कि यही भारतीय वित्तीय व्यवस्था सदियों से चली आती है और जो मजबूत नींव पर खड़ी है । वही शक्ति के तहत हम ग्लोबल रीसेसशन दौर में अपने आपको बचा सके हैं ।

ये सरकार जीडीपी 9 प्रतिशत हासिल करने का दावा कर रही है मगर वास्तविकता ये है कि जिस "आम आदमी" की दुहाई देके ये सरकार सत्ता में आई है । आज वो आदमी बेबस और महंगाई के चक्कर में फंसा हुआ है । जहां 9 प्रतिशत जीडीपी के बिगुल बजाए जाते हैं वहां वास्तविक स्थिति ये है कि बीपीएल की संख्या तेजी से बढ़ रही है । कमनसीब बात ये है कि ये सरकार बीपीएल धारकों की सही सूची भी नहीं बता सकती है । मेरा स्पष्ट मानना है कि यूपीए सरकार के 9 प्रतिशत जीडीपी के खोखले दावे के बावजूद गरीबों और अमीरों के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है । ये व्यवस्था में कुछ गिने चुने "खास लोगों" को ही फायदा पहुंचा है और "आम आदमी" और गरीब होता जा रहा है ।

जबसे ये सरकार सत्ता में आई है तब से महंगाई तेजी से बढ़ रही है । यूपीए-2 के दो साल के कार्यकाल में ये ही गलत नीतियों की वजह से महंगाई बढ़ती जा रही है । इस बजट में महंगाई कम करने के लिए कोई भी प्रावधान नहीं रखा गया है ।

जब महंगाई और डबल डीजीट ईन्फेशन को काबू में रखने को यूनियन सरकार विफल रही है तब एक आशा की किरण है कि महंगाई को काबू में रखने के लिए आदरणीय श्री नरेन्द्रभाई मोदी के नेतृत्व में गठन की गई समिति ने कुछ ठोस उपाय प्रस्तुत किया है, जैसे कि :

- वायदा के व्यापार पर बैन लगाना
- एफसीआई का पुनर्गठन और डी सैन्ट्रलाइजेशन
- खेत में पैदा फसलें और रिटेल मार्केट की कीमतों की दूरी को कम करना

---

* Speech was laid on the Table

- कानून को सख्त करते रीटेल मार्केट के दामों को स्थिर रखना
- लंबी दूरी की, ठोस कृषि नीति बनाना
- रीटेल कोमोडिटी एक्ट-10 ए को और चुस्त बनाना औरउसके लिए स्पेशीयल एवं फास्ट कोर्ट बनाना
- पीबीएम एक्ट में संशोधन करके डीटेइनमेंट अवधि को 6 मास से बढ़ाना

बढ़ती हुई महंगाई और अन्य दामों की वृद्धि को रोकने के लिए ये कमिटी ने प्रस्तुत किए विकल्पों के साथ और अन्य ठोस कदम उठाने की मैं प्रार्थना करता हूं । इस बजट में असंगतताएं एवं त्रुटियां है, जैसे कि

- रोकाणकारों के लिए कोई प्रावधान नहीं है ।
- कृषि क्षेत्र में समतोल और लचीली नीति होनी चाहिए ।
- लंबी दूरी की डेवलप्मेंट पोलिसी बनानी चाहिए ।
- अनुसूचित जाति और जनजातियों की पोप्युलेशन करीब 25 प्रतिशत से भी ज्यादा है, मगर उनके लिए अब के सभी बजटों में .1 से .2 प्रतिशत ही आबंटन किया जाता है । एससी/एसटी के नाम पर दुहाई देने वाली ये खोखली राजनीति का त्याग कर सही आबंटन करना चाहिए । मेरा आपसे नम्र निवेदन है कि इन वर्गों के लिए बजट में 25 प्रतिशत प्रावधान किया जाना चाहिए ।
- सर्विस टैक्स में हैल्थकेयर सैक्टर पर भारी बोझ लादा गया है । मैं मानता हूं कि ये आम आदमी के आरोग्य प्रति असंवेदनशील रवैया है । उसे शीघ्र ही वापस लिया जाना चाहिए और सर्विस टैक्स के दायरे को नेशनलाइज करना चाहिए ।
- सर्विस टैक्स पेमेंट में ढील पर पैनल्टी रू. 2000 से बढ़ाकर रू. 20,000 की गई है। उसे भी रेशनालाईस करना चाहिए ।
- गारमेंट इंडस्ट्री पर 10 प्रतिशत एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई गई है । मैं अहमदाबाद (गुजरात) मतक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । जैसे अनेक प्रदेशों में ये बढ़ावा की तहत वस्त्र उद्योग मुश्किल में आ पड़ा है, मैं उसे शीघ्र ही वापस लेने का निवेदन करता हूं ।

- सहकारी क्षेत्र पर इन्कम टैक्स लेना, सहकारी मूवमेंट को नकारात्मक गति देता है । मैं उसे वापस लेने की प्रार्थना करता हूं ।

माननीय वित्त मंत्री ने यह बजट में राष्ट्र की गंभीर समस्याओं जैसे की भ्रष्टाचार, कालाधन, बेरोजगारी क्षेत्रों में कोई ठोस सुझाव एवं उपाय नहीं किए हैं । इनके लिए स्पष्ट नीति और प्रावधानों की जरूरत है ।

* SHRI KHAGEN DAS (TRIPURA WEST): While participating in the discussion, at the outset I would like to say that I strongly oppose the Budget for the year 2011-12. The Union budget for 2011 has singularly failed to protect the interest of common man. The budget is very disappointing particularly for North East special category states. It has failed to address the burning issues the nation is grappling with today like unabated inflation, corruption and black money stashed in foreign bank and unemployment. The Union Budget for 2011-12 is taking the country to a path of unbridled liberalization and open market economy in total disregard to the interest of the common man. The budget will only protect and benefit the Indian corporate and foreign Multi National Companies.

5. In the Budget speech, the Finance Minister has claimed the allocation for special assistance has been almost doubled to Rs. 8,000 crore for 2011-12 in order to boost development in the North Eastern Region and Special Category States. Though the BE 2010-11 for special assistance was Rs. 4500 cr, it was actually increased to Rs 11,657 cr in RE 2010-11 for special category states. Thus, the provision foe special assistance has actually come down from Rs. 11,657 cr in RE 2010-11 to 8,000 cr for BE 2011-12. Moreover, additional money as reflected in RE to the tune of Rs. 7,157 cr has been distributed to selected states in a non transparent manner, which is highly discriminatory. I can say Tripura did not get any single penny. The reduced allocation of Rs. 8,000 cr for BE 2011-12 is highly inadequate to take care the developmental needs of the region. This is insufficient particularly in keeping in view the shortfall on committed liabilities like salary, pension etc created by 13th Finance Commission. The Non Plan salary and pension expenditure of Tripura for the current financial year (2010-11) as per R.E. is about Rs.2,034.06 crore and Rs. 661.51 crore respectively whereas the assessment of 13 Finance Commission for these were only Rs. 1,505.05 crore and^ Rs.455.21 crore respectively indicating a shortfall of about Rs. 735.31 cr on salary and pension[1]

---

* Speech was Laid on the Table

alone and the state is struggling to raise resource for plan even upto the last year's level ie Rs.1 1860 cr. The position of other North East states is no better.

To address problems related to Left Wing Extremism affected districts, an Integrated Action Plan (IAP) for 60 selected tribal and backward districts has been launched in December 2010. The scheme is being implemented with 100 per cent block grant of Rs.25 crore and Rs. 30 crore per district during the years 2010-11 and 2011-12, respectively. But no fund has been kept for those districts which are suffering from other forms of extremism. Tripura, though a small special category state, has been forced to spend large part of its budget on maintenance of Law and order. Police constitute 25% of total employee strength which is a heavy burden on a small State. Yearly increase in salary expenditure is about Rs. 50 crore which is quite substantial. Between 2000-01 and 2009-10, the expenditure of Home(Police) Department has gone up by about Rs. 338 cr yearly. The government of India should shoulder part of this burden by yearly grant for maintenance of Law and Order.

For MGNREGA, the allocation for this scheme has actually been reduced from 40,100 cr this year to 40,000 cr for 11-12. On the other hand, the wage has been increased and cost of construction materials have gone up, on the other allocation of MGNREGA has been reduced. Even with allocation of Rs. 40,100 crore the actual mandays of work created was much less than 100. Now, with reduced allocation, it will be impossible for the government to guarantee 100 mandays of work to each card holder.

For Bharat Nirman which consist of PMGSY, AIBP, RGGVY (Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana), I AY, National Rural Drinking water Programme and Rural Telephony, allocation has been increased by only 10,000 cr. As the large chunk of additionality will go in Rural Telephony, the provision for 2011-12 is quite inadequate.

The allocation for IAY has been reduced from Rs. 9333.50 cr. in RE 2010-11 to Rs. 8,996.00 crore in BE 2011-12. The housing for poor in rural areas does not appear a priority for the central government.

The allocation of PMGSY has been reduced from Rs. 21,110 cr in RE 2010-11 to Rs. 17,789.00 crore for BE 2011-12. With reduced allocation how does the government expect to provide road connectivity to rural areas particularly those in inaccessible and difficult areas of North East?

Provision for SGSY (Swarnajayanti Gran? Swarozgar Yojana) has been reduced from Rs. 301.00 cr in BE & RE 2010-11 to Rs. 292.40 cr for BE 2011-12. The reduction in allocation indicates lack of commitment of the government for creating self employment of poor particularly SHGs.

No measures have been indicated in the budget to deal with unprecedented price rise in the country particularly food inflation. The base rate of central excise duty has been increased from 4% to 5% which will add to inflationary pressure on essential commodities.

No concrete measures to deal with corruption in public life except formation of GOM (Group of Ministers). Five fold strategy mentioned in budget are nothing but existing mechanisms which have proved to be totally ineffective. Similarly, no measure has been announced to bring back money in foreign banks and measures to deal with black money except formation of a task force.

The Central Government is still pursuing the policy of disinvestment in public sector undertakings and a target of 40,000 cr has been kept for 2011-12. The disinvestment policy will adversely affect the functioning of these undertakings and limit further employment in public sectors.

There is proposal to increase the income tax exemption limit to 1.80 lakh from 1.60 lakh , but the exemption limit for woman remains at Rs. 1.90 lakh. The women have been given a raw deal in this matter.

The Budget for 2011-12 on the whole does not hold much promise for the poor. It also lacks focus on the special requirement of the North East of the country.

*SHRI SUKHDEV SINGH (FATEHGARH SAHIB): I thank to the Hon'ble FM, the biggest point that he made in budget was improving the governance. Hon'ble committed to strengthening all the flagship programmes from Agriculture, Education and healthcare infrastructure.

I would like to complement to Hon'ble FM for increasing the salaries of the Anganwari Workers, which was I think milestone decision taken by the Hon'ble FM. It also part of appreciations that Hon'ble FM tried to keep balance between the Urban and Rural and he has tried to please most of us in the interest of the country.

I come from the state of Punjab, the state totally based on the agriculture, the agriculture is the backbone of the state. The state is totally dependent on agriculture. So there are some points which I would like to highlights especially for Agriculture Sector of the state of Punjab:-

I represent a side of the country where more than 70% people of my entire constituency is rural and dependent directly or indirectly on agriculture. I want to make a request to the Hon'ble FM that Crop Insurance Facilities also provided to the farmers of state of Punjab. If any provision for Crop Insurance for state of Punjab in this budget, I shall be thankful on the behalf of more than two crore farmers of state of Punjab.

I am thankful on the behalf of more than two crore farmers of state of Punjab due to 4% rate of interest for farmers in place of 7% in last years but Hon'ble FM the agriculture sector especially small farmers needs more subsidies for their survival because agriculture is not profitable profession this is like a service to the nation country without any profitable motive.

I am thankful on behalf of farmers of the country regarding agro food processing for giving to more Mega Park in the country but I request to the Hon'ble FM on the behalf of the farmers of Punjab for consideration and providing Mega Park in state of Punjab.

---

* Speech was laid on the Table

I thankful to the Hon'ble FM on the behalf of the BPL families of Punjab regarding FM and Govt. giving the direct cash transfer subsidies schemes for BPL families. I request to the Hon'ble FM that BPL list revised once a every year the person cross the barrier due to more income they deleted from the list and the person involved in financial crisis they shall putted in the BPL list.

I made a request to the Hon'ble FM on the behalf of the SCs/STs and downtrodden people especially for the women to provide the more funds for their upliftment e.g. education, health and recognition.

I made the request to the Hon'ble FM the more funds provided for education to the ignored classes and rural areas especially for state of Punjab, because education in rural area of the Punjab totally collapsed.

Lastly, I thankful to the Hon'ble Speaker Madam for giving me a chance to express my views on the General Budget presented by the Hon'ble FM for 2010-2011.

***श्री प्रेमदास (इटावा):** वित्त मंत्री जी के द्वारा रखे गए बजट 2011-2012 में किसानों के लिए सुविधा उपलब्ध कराए जाने के रूप में प्रचारित किया जा रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है । देश में विशेष आर्थिक क्षेत्र तथा उद्योगों के लिए बड़े पैमाने पर हो रहे भूमि अधिग्रहण के कारण कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल लगातार घट रहा है और उ.प्र. सहित कई राज्यों में किसानों को दिए जा रहे भूमि के कोड़ियों के दाम के कारण असंतोष निर्माण हो रहा है । अंग्रेजों के द्वारा 1894 के भूमि अधिग्रहण कानून में विसंगतियों के कारण किसानों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है वह विद्रोह की स्थिति में आ गए हैं । इसे देखकर किसान हितैषी नए भूमि अधिग्रहण कानून बनाए जाने की आवश्यकता है ।

सरकार ने कृषि क्षेत्र में 375000 करोड़ रू0 के पिछले वर्ष के मुकाबले में इस वर्ष 475000 करोड़ रू0 कृषि ऋण के लिए उपलब्ध कराए लेकिन छोटा किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकारों पर आश्रित है । उसे बैंकों के द्वारा ऋण उपलब्ध नहीं कराया जाता है। मेरे क्षेत्र में ऐसे कई मामले आए हैं फिर इतनी बड़ी राशि के प्रावधान करने का क्या फायदा । किसानों को अच्छे बीज खाद एवं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के मद में अधिक राशि खर्च करने की आवश्यकता है लेकिन सरकार किसानों का कर्ज लेकर खेती कराने पर अमादा दिखाई देती है । देश के किसान को समृद्ध होने के लिए उसे कर्ज से अधिक सिंचाई और अच्छे बीज की आवश्यकता है लेकिन सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है । केन्द्र सरकार के द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित क्षेत्र में ध्यान देने की जरूरत है । देश दूर दराज क्षेत्रों से मरीज इलाज कराने आए हैं । उनको तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है । अगर किसी मरीज को गंभीर बीमारी है तो उसे आपरेशन की तारीख 8 माह एवं साल भर तक दे दी जाती है । सरकार ने देश में पांच बड़े अस्पताल खोलने संबंधी चर्चा हुई थी लेकिन उस तरह भी कोई ध्यान नहीं दिया गया अगर एम्स की तर्ज पर पांच बड़े अस्पताल खुल जाते हैं तो देश की जनता को बहुत राहत मिलेगी । देश में सरकारी बड़े अस्पतालों की आवश्यकता है ।

देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए सरकार बेरोजगार छात्र एवं छात्राओं की तरफ ध्यान देने योग्य कोई भी बात नहीं की गई है । सरकार को देश के छात्र छात्राओं की तरफ ध्याना देना चाहिए ।

---

* Speech was laid on the Table

देश में बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए सरकार का ध्यान देश की गरीब जनता की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । अगर सरकार ने खाद्यान्न पदार्थों के बढ़ते दामों की कीमतों में कमी नहीं की तो देश की जनता त्राहिमाम करने लगेगी जिससे कि मेरा सरकार से आग्रह है कि बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए सरकार के द्वारा आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है जिससे कि गरीब जनता को राहत की सांस मिल सके ।

*श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): माननीय वित्त मंत्री जी ने जो 2011-12 का जो बजट पेश किया है वे देश की वास्तविक अर्थव्यवस्था से काफी दूर है । उसमें आम आदमी नजर नहीं आ रहा है । उद्योग जगत को सुविधाएं दी है । कृषि को बजट में कृषि के महत्व के हिसाब से कम आवंटन किया है जिससे देश में खाद्यान्न उत्पादन पर बहुत असर पड़ेगा । सरकार काले धन और महंगाई पर बातें ही कर रही है अमल में कुछ नहीं कर रही है ।

बजट के शुरू में बुनकरों के संबंध में देश में कृषि के बाद हथकरघा क्षेत्र में 65 लोगों को रोजगार मिला हुआ है और इसमें 61 प्रतिशत महिलाएं है जो अपनी पारंपरिक कला को बचाने के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे हैं और कई आत्म हत्या कर रहे हैं । सरकार ने अनेकों योजनाएं चलाई रखी है परंतु उनका कोई असर नहीं हो रहा है । एक टाईम में भारत का बना कपड़ा का काफी मान एवं सम्मान था जिन्हें आज के आर्थिक स्थिति के कमजोर बुनकरों के पूर्वज बनाया करते थे । बनारसी साड़ी का आज अता पता नहीं है । जो धन बुनकरों के कल्याण के लिए आवंटित किया है वह भी कहा जा रहा है पता नहीं है क्योंकि उनका कोई कल्याण तो हो ही नहीं रहा ।

इस बजट में पूर्वांचल के विकास की तरफ ध्यान नहीं दिया है । भारत अनेक क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, फिर भी हमारी आबादी के कई ऐसे हिस्से ऐसे है जिन तक विकास का लाभ अभी तक नहीं पहुंचा है । यह बात उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों पर विशेष रूप से लागू होती है जिनके क्षेत्र विकसित क्षेत्रों की गति के साथ तालमेल नहीं रख पाए हैं । इन क्षेत्रों के पिछड़ेपन के पीछे अनेक कारण हैं इनमें सड़क, संचार, स्कूल और स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव शामिल है । महात्मा गांधी जी का स्वप्न था जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक पूरे भारत का संतुलित विकास नहीं हो सकता है ।

उत्तर प्रदेश के कई जिले पिछड़े हैं उनके लिए इस बजट में किसी पैकेज दिए जाने का जिक्र नहीं है । देश में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर कर देश का संतुलित विकास होना चाहिए । इसके लिए सरकार प्रयासरत भी है परंतु अभी तक हो रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के अत्यंत पिछड़ेपन से ग्रामीण लोगों का शहरों की तरफ पलायन हो रहा है जिससे लगता है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश यानि पूर्वांचल का विकास यथोचित ढंग से नहीं हो हुआ है । अभी तक पूर्वांचल के 29 जिलों में विकास के बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं हुआ है । जिसके कारण पूर्वी क्षेत्र के कुछ जिलों में नेपाल की

* Speech was laid on the Table

नदियां हर साल बाढ़ का कहर ढाती हे और पूर्वी क्षेत्र के कुछ जिलों में सिंचाई के अभाव में ये जिले हर साल सूखे की चपेट में आ जाते हैं जिसके कारण पूर्वांचल में भूखमरी, मलेरिया एवं दिमागी बुखार से हजारों की संख्या में लोग मौत के शिकार हो जाते हैं ।

कई परिस्थितियों ने पूर्वांचल में कई समस्याएं खड़ी कर दी गई है जिसके कारण पूर्वांचल के 29 जिलों को आर्थिक पैकेज दिए जाने की अत्यंत आवश्यकता है । पूर्वांचल का कुम्हार जिसको प्लास्टिक ने मार दिया है । बनारस के आस पास का सिल्क कारीगर भी आज खली बैठा है जिसने पूरी दुनिया में भारत को इज्जत और सम्मान दिलवाया था उसको कच्चा माल सस्ता नहीं मिला रहा है जिसके कारण वह कपड़ा बनाने में असमर्थ है । मछुआरे भी तालाब की कमी एवं नदियों में बढ़ रहे प्रदूषण से मछलियां नहीं पकड़ पा रहे हैं वे भी बेरोजगार हो गया है । पूर्वांचल में लोगों को अपना जीवन चलाने के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कई लोग तो पूर्वांचल में पैदा होने पर अपने आपको बदकिस्मती की श्रेणी में ला रहे हैं और भगवान को दोषी मान रहे हैं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया के अंतर्गत जो छोटे शहर है वहां ग्रामीण बैंकों की शाखाएं नहीं है। पूर्वांचल में विकास न होने से कई अनुसूचित बैंकों ने अपनी शाखाएं बंद कर दी है और ग्रामीण बैंक बंद होते जा रहे हैं और इन अनुसूचित बैंकों में म्यूचल फंड जैसी योजना को नहीं चला रखा है । कइ जगहों पर भूमि का जलस्तर 50 फुट से ज्यादा चला गया है । पूर्वांचल का युवा वर्ग अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहा है क्योंकि पढ़-लिखकर उसको अपना भविष्य नहीं दिखाई दे रहा है ।

मेरा संसदीय क्षेत्र देवरिया शिक्षा के क्षेत्र में, सामाजिक क्षेत्र में, आर्थिक विकास क्षेत्र में अभी तक पिछड़ा है एवं गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले गरीब लोगों की संख्या भी ज्यादा है परंतु देवरिया को पिछड़े जिलों में शामिल नहीं किया है इसकी जांच की जाए और देवरिया को पिछड़ा जिला घोषित किया जाए । देश में सरकार ने अत्यंत पिछड़े इलाकों के विकास के लिए क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए 2007 में 259 जिलों में पिछड़ा क्षेत्र विकास अनुदान योजना चलाई है । इस अनुदान से स्थानीय स्तर पर क्षमता पैदा करना और इन पिछड़े क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना था परंतु योजना आयोग ने समीक्षा के बाद पाया है कि ये योजना भी कारगर नहीं है । जहां तक क्षेत्रीय विकास एवं क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने की बात है उसमें पंचायतें एक अहम भूमिका निभा

सकती है । परंतु वहां पर भ्रष्ट आचरण एवं पक्षपात ने क्षेत्रीय संतुलन के उद्देश्य प्राप्ति में कठिनाई पैदा कर रही है ।

देश के कर्ज व्यवस्था पर ध्यान दे तो हमारा सिर शर्म से झुक जाता है । आज देश के हर नागरिक चाहे वह बच्चा क्यों न हो उस पर 29 हजार 800 रूपया का कर्जा है और विदेशी कर्जा 1177 रूपये का है । देश में आज 25 लाख करोड़ रूपया का कर्जा है और इसका ब्याज हम बजट के खर्चा अगर एक रूपया है तो हम 19 पैसे ब्याज के रूप में कर रहे हैं । इस कर्जे से सरकार ने अब तक क्या किया है लगता है कि इन कर्जों का नाजायज उपयोग किया जा रहा है और इस कज के उपयोग करने जो मशीनरी है वह भी अयोग्य एवं अकुशल है । अगर इस कर्ज का उपयोग सही ढंग से किया जाए तो प्रत्येक बेरोजगार को नौकरी मिल सकती है । इस बात का संकेत यही है कि देश में प्रबंध व्यवस्था सही नहीं है एवं वित्त मंत्री जी इस प्रबंध व्यवस्था के मालिक है तो दोष मालिक का ही तो होगा ।

देखा यह जाता है कि सरकारी योजनाओं का फायदा गरीब किसान नहीं उठा पाते हैं । उसका फायदा अमीर किसान ही उठा रहे हैं । देश में छोटे किसान की मासिक आय केवल 1578 रूपया है और बड़े किसान की आय 8321 करोड़ मासिक है । छोटे एवं बड़े किसान की आय में इतना अंतर । आज देश में दो हैक्टेयर खेत में काम करने वाले किसान 70 प्रतिशत है इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि केन्द्रीय योजनाओं से छोटे किसान को भी मिले ।

सूखे से निपटने के लिए बिजली के माध्यम से काफी राहत के काम किए जा सकते हैं । ट्यूब वेल इत्यादि बिजली सेचलाकर खेतों को पानी पहुंचाया जा सकता है । आज उत्तर प्रदेश में जो बिजली की हालत है वे केन्द्र सरकार ने की हुई है । उत्तर प्रदेश के लिए बिजली की मांग एवं आपूर्ति में 3000 मेगावाट का अंतर है । जितनी हमारी बिजली की मांग है उससे बहुत ही कम बिजली दी जा रही है । केन्द्र सरकार से हमारी मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो बिजली की मांग की है उसकी आपूर्ति की जाए । केन्द्र सरकार बिजली उत्पादन करने में हमेशा पीछे रहती है । अगर सूखे से प्रभावित खेतों में सिंचाई नहीं हुई तो उसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं है अपितु केन्द्र सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है । बारिश होने के लिए कई जगहों पर मेढक मेढकी का विवाह हो रहा है । महिलाएं खेतों में बैलों के स्थान पर स्वयं अपने कंधों पर हल चला रही है कई

तरह के टोटके हो रहे है कई मुख्यमंत्री एवं कई मंत्रीगण बारिश करवाने के लिए मन्दिरों में जा रहे हैं । नई सरकार के आते ही मानसून हमसे रूठ गया है ।

देश में 2007-08 में 109 चीनी मिले बंद पड़ी थी । जो 2009-10 में यह बढ़कर 172 हो गई एवं जून 2010 की स्थिति के अनुसार 23 प्राईवेट एवं 139 कापरेटिव चीनी मिले बीमार पड़ी है। यानि 162 मिले बीमार है अगर बंद चीनी मिलों की संख्या बीमार पड़ी चीनी मिलों की संख्या मिला दी जाए तो इनकी संख्या 334 हो जाएगी । देश की 334 चीनी मिले बंद पड़ी हो और बीमार हो तो इसका मतलब है कि देश में इनको पर्याप्त मात्रा में गन्ना नहीं मिल रहा है या इनकी उत्पादन लागत पूरी नहीं होने से यह घाटे में है या आधुनिक तकनीकी से काम करने की स्थिति में है जिसके कारण एक ओर तो किसानों को गन्ना को बेचने में दिक्कत आएगी उसके आय स्त्रोत घटेगें। दूसरी ओर बेरोजगारी और चीनी के उत्पादन कम होगा । देश के कृषि मंत्री चीनी मिलों के मामले में एक निपुण व्यक्ति है निपुणता के बाद भी देश की चीनी मिलों का यह हाल है तो आगे राम जाने क्या होगा ।

देश में कृषि के प्रति किसानों का रूझान कम हो रहा है । देश में 40 प्रतिशत से ज्यादा किसान आज खेतीबाड़ी में कोई रूचि नहीं ले रहे क्योंकि किसानों को अपनी उत्पादन की लागत भी नहीं मिल रही है और किसानों के कल्याण की योजनाएं छोटे किसानों तक पहुंच नहीं रही है । उसका फायदा कुछ ही बड़े किसान उठा रहे हैं और कई राज्यों में आत्महत्या खाद्यान्न उत्पादन करने वाला किसान कर रहा है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत देवरिया एवं कुशीनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग दुरस्त नहीं है । देश की सड़क सुरक्षा व्यवस्था अत्यंक खराब है, वाहन शराब पीकर चलाए जाते हैं । देश में 2008 के साल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 37,096 दुर्घटनाएं हुई और इसमें 42,670 लोगों की मौत हुई और खेद की बात है एक साल बीत जाने के बाद भी सरकार के पास 2009 में इन सड़कों पर कितनी मौते हुई है के आंकड़े सरकार के पास नहीं है । हिट एवं रन मामलों की सूचनाएं सरकार एकत्र नहीं करती है ।

देश में विदेशी व्यापार घाटा बढ़ रहा है जिसका मतलब है कि विश्व में हम नीचे जा रहे हैं । निर्यात से ज्यादा हम आयात कर रहे हैं और पेट्रोलियम पदार्थों का आयात बड़े पैमाने पर किया जाता है जबकि भारत में पेट्रोलियम पदार्थों के विकल्प उत्पादन किए जाने की काफी संभावनाएं हैं ।

परंतु हम नहीं कर पा रहे हैं जबकि विश्व का छोटा ब्राजील देश एक-तिहाई विकल्प पेट्रोलियम पदार्थों का उत्पादन कर रहा है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में उद्योगों की कमी है और बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है । देश में रोजगार सृजन के, निर्यात के माध्यम से विदेशी मुद्रा कमाने में एवं क्षेत्रीय विकास के संतुलित विकास में लघु, कुटीर, कृषि एवं ग्रामीण उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । परंतु औद्योगिक नीतियों में बात तो छोटे उद्योगों के विकास की जाती है परंतु बढ़ावा बड़ी-बड़ी कंपनियों को दिया जाता है । 2009 में देश में 261 लाख सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग इकाईयां थी एवं कृषि, ग्रामीण, कुटीर एवं लघु उद्योग के 1553 लाख पंजीकृत इकाईयां थी । इन उद्योगों में 51.77 लाख ग्रामीण कार्यरत थे एवं जिसमें 7.36 प्रतिशत महिलाएं थीं । खेद की बात हे कि ईमानदारी से इन छोटे-छोटे उद्योगों का विकास नहीं हो पा रहा है और न ही समुचित मात्रा में उन्हें ऋण मिल पा रहा है । जिससे छोटे-छोटे उद्योगपतियों के बीच कोई उत्साह नहीं है और देश में बेरोजगारी तेजी के साथ बढ़ रही है ।

इस बजट ने इधर दिया उधर से लिया वाले सिद्धांत अपनाए हैं । प्रत्यक्ष करों में बढ़ोत्तरी की तो अप्रत्यक्ष में बढ़ोत्तरी की । वेट घटाया तो मेट बढ़ाया । जब तक देश में बुनियादी ढांचा ठीक नहीं होगा तब विकास की कल्पना बेकार है । देश की सड़कें ठीक नहीं है, सिंचाई के साधन देश के आधे भाग में है, बेरोजगारी फैल रही है, बेरोजगार आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं । खाद्यान्न का उत्पादन कम हो रहा है, 20 करोड़ एवं उससे ज्यादा वाली लागत परियोजनाएं देश में अपने निर्धारित समय पर पूरी नहीं हो रही है । देश में 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार 1005 परियोजनाएं में से 478 परियोजनाएं देरी से चल रही है जिससे उनकी उत्पादन लागत देरी के कारण बढ़ रही है जो सुविधाएं जनता को आज मिल जानी चाहिए वे नहीं मिल पाई है इसके लिए सरकार ने किसी भी अधिकारी को आज तक जिम्मेदार नहीं ठहराया है । सरकारको इसके लिए जिम्मेदारी निश्चित करके सजा दी जानी चाहिए ।

इस बजट का हमारी वास्तविक अर्थव्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है । यह हमारे देश की आर्थिक विकास की गति भी नहीं देगी और गत ही करेगी । इसलिए मैं इसका विरोध करता हूं ।

*श्री लक्ष्मण टुडु (मयूरभंज): 2011-12 के बजट देश में व्याप्त महंगाई को रोकने में असफल रहेगा और आम आदमी की समस्याओं का कोई निराकरण नहीं करता है । इस बजट में आदिवासियों के विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है जबकि देश में आदिवासियों की जनसंख्या 9 प्रतिशत के बराबर है और बजट का 9 प्रतिशत हिस्सा भी आदिवासियों के लिए नहीं है । 64 साल की आजादी के बाद भी आज जंगलों में आदिवासी नारकीय जीवन बिता रहे हैं और बुनियादी सेवा से पूरी तरह से वंचित है। वन कानूनों के कारण उनको विकास जैसी बुनियादी सेवाएं सड़क, चिकित्सा एवं शिक्षा से वे मुहताज है ।

देश में आदिवासी क्षेत्र से संबंधित कई योजनाएं कई दशकों से क्लीरेयंस कारण से लंबित है जिसके कारण आदिवासी क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्र अभी तक सिंचाई सुविधा से वंचित है । और राष्ट्र का खाद्यान्न उत्पादन को नहीं बढ़ाया जा सकता है । आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा के कार्य में कई खामियां हैं और अनावश्यक देरी हो रही है । सिंचाई योजना में देरी से क्रियान्वयन एवं इन सिंचाई योजना में जनजाति क्षेत्र की उपेक्षा पर चर्चा होने से वास्तविक तस्वीर देश के सामने आएगी । केन्द्र सरकार राज्य सरकार को दोषी बताती है और राज्य सरकार केन्द्र सरकार को दोषी बताती है इससे देरी कहां पर हो रही है इससे पता चल जाएगा ।

मेरे संसदीय क्षेत्र मयूरभंज में सिमलीपाल एक रमणीय जगह है जो पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है परंतु इस रमणीय स्थान पर पहुंचने के साधन नहीं है । अगर इस पर्यटन स्थल तक पहुंचने के लिए आने जाने के अच्छे साधन हो तो विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है । पर्यटन के बढ़ने से यहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा । यहां पर नेशनल पार्क भी है । देवकुंड, खिचिंग एवं लूलंग आदि भी पर्यटन स्थल है जो पर्यटन स्थल के रूप में उन्नयन किए जा सकते हैं। इस पर्यटन स्थन पर आकर्षित करने के लिए रासगोविन्दपुर एयर स्टेप पर छोटे हवाई जहाजों की सेवा शुरू की जा सकती है ।

गरीब लोगों को आवंटित खाद्यान्न को खुले बाजार में बेचा जा रहा है । सरकार के पास ऐसा कोई आकलन नहीं है जिससे पता लगाया जा सके कि कितना खाद्यान्न काला बाजार में जा रहा है लेकिन देश में 42 प्रतिशत राशन खुले बाजार में चला जाता है। सर्वाच्च न्यायालय ने भी कहा है कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए जारी खाद्यान्न केवल काला बाजार में जाता है परंतु सरकार

* Speech was laid on the Table

ने इस संबंध में कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की है । यह काम भ्रष्ट अधिकारियों से मिलीभगत से हो रहा है । देश में कई आधुनिक तकनीकी का उपयोग हो रहा है क्यों नहीं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आधुनिक तकनीकी का उपयोग किया जाए जिससे हम एक ओर तो गरीबों को उनका खाद्यान्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दिलवा सकते हैं और इस प्रणाली में से भ्रष्टाचार को दूर कर सकते हैं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र मयूरभंज उड़ीसा का सबसे बड़ा जिला है जहां पर आदिवासी की जनसंख्या बहुत ज्यादा है पर सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं आदिवासी गांव तक नहीं पहुंच रही है । समेकित बाल विकास योजना से यहां के बच्चों को विशेष फायदा नहीं हुआ है । सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में चल रही स्वास्थ्य संबंधी एवं बाल विकास योजनाओं की समीक्षा की जाए ।

भारत अनेक क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है, फिर भी हमारी आबादी के कई ऐसे हिस्से ऐसे है जिन तक विकास का लाभ अभी तक नहीं पहुंचा है । मेरा संसदीय क्षेत्र मयूरभंज ऐसे जिलों में है । यह बात उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों पर विशेष रूप से लागू होती है जिनके क्षेत्र विकसित क्षेत्रों की गति के साथ तालमेल नहीं रख पाए है । इन क्षेत्रों के पिछड़ेपन के पीछे अनेक कारण है । इनमें सड़क, संचार, स्कूल और स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव शामिल है । महात्मा गांधी जी का स्वप्न था जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक पूरे भारत का संतुलित विकास नहीं हो सकता है । मेरे संसदीय क्षेत्र मयूरभंज में ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा करके उसमें सुधार किया जाए ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 5 स्थित है जिसे चार लेन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है पर अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया है । इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाए । यह कार्य नहीं होने से यातायात जाम होता है और भीषण दुर्घटनाएं हो रही है ।

आज देश के 90 प्रतिशत कोयला खदानों, 72 प्रतिशत जंगल और 80 प्रतिशत खनिज उत्पाद क्षेत्रों की कोख में भारत की कुल आबादी का 10 प्रतिशत से ज्यादा आदिवासी बसे हुए हैं और अपनी आंखों से प्रकृति के साथ खिलवाड़ का खेल देख रहे हैं । देश के 15 प्रतिशत भूभाग पर आदिवासी प्रकृति के साथ मिलकर देश में पर्यावरण को कायम रखे हुए हैं । देश में आदिवासी के विकास का नाटक प्रथम पंचवर्षीय योजना के साथ चला था जब 43 योजनाएं चलाई गई थी जो

बूरी तरह से अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में असफल रही । एक तरह से यह योजनाएं नहीं थी यह तो केवल उप-योजनाएं थी जो कई दूसरी योजनाओं के साथ जोड़ दी गई थी । आज भी शहरों की बुनियादी सुविधाएं एवे औद्योगिकीकरण के संसाधनों को इन आदिवासी क्षेत्रों से जुटाया जाता है । इन आदिवासियों में से 85 प्रतिशत आदिवासी गरीबी रेखा से नीचे जी रहे हैं । यह आदिवासी आज अपने को राष्ट्र की मुख्य धारा में अलग-थलग महसूस कर रहे हैं । 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आदिवासी की आबादी का 93 प्रतिशत बंधुआ मजदूर है । सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि आदिवासियों के विकास के लिए अलग से प्रयास किए जाएं और जोर दिया जाए ।

आज के युग में बिजली का बहुत महत्व है । मेरे संसदीय क्षेत्र में अभी तक ऐसे गांव हैं जहां पर बिजली नहीं पहुंची है । इन गांवों का विद्युतीकरण किया जाए जिससे लोगों को बिजली के अभाव में हो रही असुविधा से मुक्ति मिल सके एवं बिजली की आपूर्ति को बढ़ाने के लिए नए बिजली प्लांटें लगाए जाए ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के केशोपुर में एवं इसके आस पास सिल्वर कापर के अपार भंडार है । इसका एक सर्वेक्षण किया गया है । परंतु कुछ कारणों से सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं किया गया है । इसका पुनः सर्वेक्षण किया जाए और खनन कार्य के साथ यहां पर सिल्वर एवं कापर आधारित उद्योग लगाए जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र में चाईना कले जैसे काओलाईन पदार्थ है । अगर इसके उत्खलन कार्य के साथ काओलाईन आधारित उद्योग को बढ़ावा दिया जाए तो यहां पर व्याप्त बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है । इस क्षेत्र में बिजली की कमी है और सौर प्लांट स्थापित किया जाए तो बिजली की कमी की समस्या का निराकरण हो सकता है ।

शिक्षा के क्षेत्र में मेरे संसदीय क्षेत्र में संतोषजनक काम नहीं हो रहा है और साक्षरता दर अभी तक 50 प्रतिशत से अधिक है । मेरे आदिवासी बहूल्य संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय विश्वविद्यालय को स्थापित किया जाना अति आवश्यक है ।

सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी आदिवासी क्षेत्र में काम नहीं करना चाहते हैं जिसके कारण आदिवासी के शिक्षा एवं स्वास्थ्य कार्य पर बुरा असर पड़ रहा है । जहां तक शिक्षा के विकास की बात है आदिवासी क्षेत्रों में आदिवासी वर्ग के पढ़े-लिखे लोगों को नौकरी देकर शिक्षा का काम किया जा सकता है वह स्थानीय भाषा को अच्छी तरह से जानते हैं । आदिवासी क्षेत्रों में काम करने के लिए जोखिम भत्ता, आवास एवं अन्य अनुदान इत्यादि पर भी विचार किया जाना चाहिए । निजी क्षेत्र

के लोग कई कारणों से आदिवासी क्षेत्रों में पूंजी नहीं लगाना चाहते । इसके लिए पहले सरकार को आगे आना होगा । आदिवासी क्षेत्र में जो उद्योग चलते हैं वहां सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत उस उद्योग के आस पास लोगों को कल्याण संबंधी कार्य करने का प्रावधान है परंतु भारत ने कानून ऐसे बना रखे हैं कि यह उद्योग पर निर्भर करता है वह सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय लोगों के कल्याण संबंधी काम करे या न करे ।

इस बजट में गरीब, किसान, एवं आदिवासी एवं महिला वर्ग को कोई फायदा नहीं हो रहा है इसलिए मैं इस बजट का विरोध करता हूं ।

*श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): देश के संतुलित विकास में यह आने वाले वित्तीय वर्ष किसी प्रकार से सहायक नहीं है । यह एक घुमावदार बजट है जो एक हाथ से दे रहा है दूसरे हाथ से ले रहा है । ऊपर से देखने में बजट अच्छा सा लगता है परंतु अंदर केवल गरीब को और गरीब कर रहा है और अमीरों को और अमीर कर रहा है । विश्व में कुछ ही देश हैं जो 10 लाख करोड़ का बजट बनाते हैं पर भारत 12 लाख 57 हजार 729 करोड़ रूपये का बजट है जिसमें 9 लाख के करीब आय से मिलेगा इससे यह बजट में 3 लाख करोड़ का घाटा है जो देश में महंगाई को बढ़ाएगा जबकि पहले देश का आम आदमी महंगाई से चूर-चूर हो गया है इसलिए मैं इस बजट के विरोध में खड़ा हुआ हूं ।

मेरा संसदीय क्षेत्र क्योझर एक आदिवासी बहूल्य क्षेत्र है । इस बजट में एक सरकारी आंकड़ों के आधार पर 9 प्रतिशत से भी अनुसूचित जनजाति के लोग एवं अधिकतर जंगलों में रहते हैं उन्हें Depressed class कहकर भी पुकारा जाता है । पिछले साल उनके लिए 185 करोड़ की व्यवस्था जो इस साल बढ़ाकर 244 करोड़ किया है जो उनके विकास के लिए बहुत ही कम है । इस बजट में आदिवासी के साथ न्याय नहीं हुआ है । आदिवासी हर दृष्टि से कमजोर है और देश की आधुनिक सुविधा से वंचित है । उनके लिए जो कानून बनाए हैं उनको इस तरह से अपनाया जा रहा है कि उनको लाभ के स्थान पर घाटा हो रहा है ।

बजट में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कोई स्कीम नहीं चलाई है जिससे देश में भ्रष्टाचार की बीमारी और फैलेगी । मेरे संसदीय क्षेत्र क्योझर में सार्वजनिक वितरण योजना एवं केन्द्र प्रयोजित योजनाएं भ्रष्टाचार के चलते ज्यादा कारगर नहीं हुई है । आज देश में कई विशेषज्ञों ने अवलोकन किया है कि देश में ऐसी धारणा है कि नौकरशाही में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है और सरकार स्वयं मानती है कि यह भयावह समस्या है जिसका समाज पर व्यापक दुष्प्रभाव पड़ता है परंतु भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के कार्य में सरकार मंजूरी नहीं देती है और कई बार बड़े गंभीर अपराध पर केवल मामूली दंड देती है जिसके कारण भ्रष्टाचार भष्मासुर की तरह बढ़ता ही जा रहा है । कभी-कभी सरकार भ्रष्टाचारी अधिकारी को दूसरी जगह पर ट्रांस्फर कर पोस्टिंग कर देती है परंतु यह अधिकारी भ्रष्ट आचरण अपनाए बिना बाज नहीं आते क्योंकि चोर चोरी से जाए हैराफेरी से नहीं ।

---

* Speech was laid on the Table

मेरे संसदीय क्षेत्र क्योझर एक सूखा प्रवण क्षेत्र है जहां पर अधिकांश खेती पर सिंचाई की सुविधा नहीं है और एआईबीपी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है । देश में कई इलाके सिंचाई के अभाव में खेती बाडी पर बुरा असर कर रहे हैं । नदियों से सिंचाई व्यवस्था की जा सकती है । दूसरी ओर देश में नदियों में प्रदूषित समस्या बढ़ रही है जबकि इस पर भारत सरकार करोड़ों रूपया कई वर्षों से पानी की तरह बहा रही है जबकि आज प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के शहरों से सीवर का पानी एवं गन्दगी 382540 लाख लीटर रोजाना निकलकर नदियों में बह रहा है जबकि भारत में केवल 117870 लीटर रोजाना इस सीवर के पानी एवं गन्दगी को समाप्त करने की क्षमता है । 270000 लीटर सीवर का पानी या गन्दगी नदियों में मिल रही है । यह तो भला हो राम का कि इस गन्दगी को नदियां अपने बहाव में बहा ले जाती है अन्यथा बड़ी भयानक स्थिति होगी । विदेशों में सीवर के पानी एवं गन्दगी को समाप्त करने की अच्छी व्यवस्था है परंतु भारत में प्रदूषण को रोकने के अच्छे इंतजाम नहीं है ।

देश में बजट में कई बातें कही जाती है परंतु उस पर पालन सहीं ढंग से नहीं हो पाता है जिससे देश कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा पैसे का दुरूपयोग हो रहा है । देश में सरकार कानून बना देती है और कई दिशानिर्देश जारी कर देती है परंतु उनका पालन हो रहा है या नहीं इस बात की सरकार चिंता नहीं करती है । कृषि क्षेत्र को कुल ऋण का 18 प्रतिशत दिए जाने का प्रावधान तो बना दिया परंतु इसको लागू नहीं किया गया है । आज बैंक कृषि की बजाय उद्योगपतियों को ज्यादा ऋण दिया जाना पसंद करते हैं क्योंकि भ्रष्ट लोगों का यह कमाई का जरिया है । 18 प्रतिशत का लक्ष्य अभी तक नहीं पहुंचा है जिसके कारण आज का किसान साहूकारों की शरण में रहकर शोषित होता रहता है और किसानों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है । देश के वित्त मंत्री किसानों की बजाय उद्योगपतियों के समूहों से ज्यादा समय बिताने में लगाते हैं । किसानों के हित की बजाय कारपोरेट जगह के लोगों का ज्यादा ध्यान रखते हैं । मैं वित्त मंत्री से पूछना चाहता हूं कि वित्त मंत्री जी गत तीन वर्षों के दौरान बड़े घरानों को कितना ऋण दिया गया है और उनकी अदायगी कितनी हो गई और कितनी धनराशि समय पर अदायगी नहीं दी गई । एक बात और जो उद्योग मध्यम किस्म के हैं जहां पर लोगों को अधिक रोजगार मिलता है वहां पर बैंकों द्वारा ऋण की मात्रा कम होती जा रही है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र क्योझर में कच्चा माल एवं खनिज पदार्थ प्रचूर मात्रा में है जो विदेशों में भेजे जा रहे हैं । अगर उनका उपयोग उद्योग स्थापित करके देश में किया जाए तो रोजगार में वृद्धि होगी और घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा । परंतु वित्त का अभाव के कारण ऐसा नहीं हो रहा है । मैं इस क्षेत्र में सरकारी स्टलील प्लांट लगाने की मांग कर रहा हूं परंतु आज तक कार्यवाही नहीं हुई है । विदेश में रहने वाले लोग भारतीय मूल के लोग भारत में निवेश करना चाहते हैं इसके लिए सरकार ने जो नियम बनाए हैं वह इतने कठिन है जिनके कारण अपने देश के प्रति हमदर्दी रखने वाले यह भारतीय मूल के लोग सरकार के कामकाज के कारण भारत में निवेश करने में असमर्थ है। कितने भारतीय मूल के लोगों ने भारत में निवेश किया है इसके आंकड़े सरकार के पास नहीं है । यह रूकावटे कुछ औद्योगिक घरानों के दबाव में हो रही है क्योंकि वह नहीं चाहते है कि विदेशों से भारत में निवेश हो क्योंकि इससे उनको कम्पटीशेसन करना पड़ेगा और भारत के आद्योगिक घराने प्रतियोगिता के खेल में काबिले योग्य नहीं है क्योंकि उनके बढ़ने का एकमात्र रास्ता सरकारी संरक्षण है जो उपभोक्ता को मिलना चाहिए परंतु हमारे देश में यह संरक्षण बड़े औद्योगिक घराने को मिलता है । 2008-09 में 7,314 करोड़ रूपये का निवेश हुआ था जो घटकर 2009-10 में 1,691 करोड़ रह गया है यानि एक साल में यह निवेश की मात्रा 5700 करोड़ के लगभग कम हुई । इस निवेश में भारत में रोजगार और उत्पादन बढ़ने के आसार होते हैं परंतु सरकार की गलत नीतियों से इस निवेश से होने वाली रोजगार और उत्पादन वृद्धि को प्राप्त करने में असमर्थ है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र क्योझर में रोजगार के अभाव में शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं यह बजट बेरोजगारी को दूर करने में सहायक नहीं है । बेरोजगारी की अनदेशी की गई है । देश में बेरोजगारी आज से दस वर्ष पूर्व 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी जो 2004-05 में यह बढ़कर 2.3 प्रतिशत हो गया है और आज 5 प्रतिशत से भी ज्यादा की दर से बढ़ रही है एवं 2005 से 2008 के बीच दो तीन राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में सार्वजनिक क्षेत्र में बेरोजगारी वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ रही है जबकि इन सार्वजनिक क्षेत्रों में खरबों अरबों रूपयों के मूल्य का निवेश हो रखा है एवं सात से दस राज्यों में निजी क्षेत्रों में भी बेरोजगारी तेजी के साथ बढ़ रही है जिन राज्यों में बेरोजगारी बढ़ी है वहां केन्द्र सरकार ने उद्योग को लगाने के लिए प्रयास नहीं किए हैं जिसके कारण इन राज्यों के लोग अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं ।

जुलाई 2010 तक जनजातीय भूमि अन्य संक्रमण के 4.77 लाख मामले पंजीकृत किए गए जिसमें 8.10 लाख एक भूमि कवर हुई है । खेद के साथ सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि 3.78 लाख मामलों का जिसके अंतर्गत 7.86 लाख कवर है उनका निर्णय न्यायालय को करना पड़ा है जो काम सरकार को करना चाहिए था उसे न्यायालय को करना पड़ा । और न्यायालय ने हस्तक्षेप करके 2.09 लाख मामले का निर्णय जनजातियों के पक्ष में दिया जिसमें 4.06 लाख एकड़ भूमि कवर थी । जिसका सीधा मतलब है कि यह सरकार जनजाति विरोधी है और जनजातियों को अपने हक के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़ी ।

कोयला खानों एवं अन्य खनन कार्यों में सुरक्षा निर्देशों की खुली अवहेलना हो रही है जिससे आए दिन खनन कार्यों में घातक दुर्घटनाए हो रहे हैं और गरीब मजदूरों की मौत हो रही है । 2008 में 145 घातक घटनाएं खानों में हुई है और इन दुर्घटनाओं में 179 मजदूर मारे गए । 2010 में मारे गए मजदूरों की संख्या 175 थी । दूसरी तरफ श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत खान सुरक्षा महानिदेशालय का कहना है कि सुरक्षा मानदंडों के नियमों की उल्लंघन की कोई विशिष्ट जानकारी उनको नहीं है जबकि भारत सरकार खानों की सुरक्षा का जिम्मा खान सुरक्षा महानिदेशालय को देती है और इसके कार्यालय पर करोड़ों रूपया हर साल खर्चा हो रहा है । इस तरह के महानिदेशालय की क्या जरूरत है अगर खानों में असुरक्षा बढ़ रही हो ।

देश में अवैध खनन के मामले बढ़ रहे हैं । 2006 में 36,677 अवैध खनन के मामले थे जो बढ़कर 2008 में 43,560 हो गए हैं । राज्य सरकारों ने 1,47,922 वाहन जब्त किए जो अवैध खनन के कार्यों में लगे हुए थे एवं केवल 4,827 मामलों की एफआईआर दर्ज की गई । 39,483.96 लाख रूपये जुर्माने के तौर पर प्राप्त किए है इससे पता लगता है कि देश में अवैध खनन कार्य बड़ी मात्रा में हो रहे हैं और अवैध खनन के कानूनों की धज्जियां उड़ रही है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र क्योझर में सिंचाई एवं पेयजल के स्त्रोत में कई पारंपरिक जल स्त्रोत है जिस पर सरकार कोई विशेष ध्यान नहीं दे रही है । देश में औसत वार्षिक जल उपलब्धता लगभग 1869 बिलियन घन मीटर है और उसमें से हम केवल 1123 बिलियन घन मीटर का उपयोग कर रहे हैं क्योंकि हमारे कई पुराने डैम एवं जलाशय जर्जर हालत में है । सरकार ने ग्यारहवीं योजना में 10,000 करोड़ धनराशि का प्रावधान किया है परंतु उस पर केवल अभी तक केवल 25 प्रतिशत भी

खर्च नहीं हुआ है जिससे यह पता लगता है कि हमारे डैम एवं जलाशय के मरम्मत कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा है जिसके कारण जल संरक्षण की समस्या बढ़ती जा रही है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर में आदिवासी लोगों को केन्द्र की खाद्यान्न योजनाओं से यथोचित लाभ नहीं मिल रहा है । केन्द्र सरकार ने गरीबों को सस्ती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली आरभ की थी परंतु आज लगभग 358 करोड़ रूपये का खाद्यान्न कल्याणकारी योजनाओं एवं राशन की दुकानों पर दिए जाने की बजाय खुले बाजार में चला जाता है। इस तरह से गरीबों का राशन यह माफिया लोग डकार जाते हैं । 2008-09 में केन्द्र सरकार ने 49000 करोड़ रूपये की खाद्यान्न सब्सिडी प्रदान की है । भ्रष्टाचार की शुरूआत राशन की दुकान आवंटित होने से शुरू हो जाती है । एक अनुमान है कि हर साल राशन दुकानदार राशन का खाद्यान्न काले बाजार में बेचकर 10 करोड़ कमाते हैं और इसकी कोई शिकायत करते हैं तो शिकायतों पर भी कोई कार्यवाही नहीं होती है ।

यह बजट बढ़ती महंगाई को रोक नहीं पाएगा, गरीबी एवं आम आदमी के हितों पर चोट करता है । इसलिए इस बजट का विरोध करता हूं ।

The contentious provision of the 1983 Act was the condition that the onus of proving the citizenship credentials of a person in question lies with the complainant and the police and not on the accused, which is not the case with the 1946 Foreigners Act. This has been heard in the Supreme Court. The Supreme Court has held the 1983 Act as *ultra vires* of the Constitution and has overthrown it. In overthrowing the 1983 Act the Supreme Court decided that all cases will be decided in the manner provided by the Foreigners Act 1946 and the Foreigners Tribunals Act, 1964, and accordingly, 32 foreigners tribunals are functioning in Assam.

Assam is not the only part of the country that has this problem. We cannot turn a blind eye to the fact that the Supreme Court has ruled unconstitutional certain aspects of new laws which were attempted within the last two or three decades which did not solve the problem. The fact is, we have laws in place. The

1946 Foreigners Act the Supreme Court found adequate. And it does put the onus on the alleged people to prove their citizenship. Anybody who is a citizen of India should not have any problem in proving that.

If 32 tribunals can be functioning in Assam, there is no problem why five of them cannot function throughout the country or 30 of them cannot function throughout the country, one in each State. The fact is, we need to take steps to check illegal immigration and infiltration. We need to take steps to check those legal visitors who come here with proper papers and then stay on illegally.

Some steps have been taken. Before concluding I want to acknowledge that. For example, I mentioned that some enhancement of resources of Coastguard has happened but it has not happened uniformly, as I said. Some parts of the country are being patrolled, my part of the country is not being patrolled. Similarly, some resources have been provided to the Border Security Force. There has been some investment in equipping them with modern and sophisticated equipment, reduction in the gaps between border outposts. Now, there are more outposts because the gaps between outposts are less.

But a lot more needs to be done. Patrolling needs to be intensified by the BSF as well as by the Coastguard. There has to be a comprehensive programme of construction of border roads, border fencing, flood-lighting, and many other such steps.

I know that many of my colleagues are waiting to speak on this subject as well as on many other subjects. I do not want to take up too much time but I want to conclude by saying that we have enough of a problem with a large population; we have enough of a problem with constraints of resources that we should not be turning a blind eye to adding to these problems with illegal immigrants coming into the country. It is high time that we took notice of this. We keep taking notice of this every time there is a hue and cry. But it is high time that we put a mechanism in place which will deal with this on a day-to-day basis so that the Government does not lose focus and move on to other issues and once or twice a year be hauled up on this issue.

It is high time that we pass such a Bill and put such Commissions in place with eminent people who can deal with this problem on an on-going basis.

All I am asking for is implementation of the existing laws and to create new laws to allow immigrants in qualified categories in highly technical and in higher education categories. I am not asking for any fundamental change of the law; I am only asking for the law to be implemented for which we need these Commissions to be in place.

With that, I move this Bill.

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

> "That the Bill to provide for identification of illegal immigrants and those foreign nationals who are overstaying in the country or have gone missing after the expiry of their visas and for their deportation to the countries of their origin and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

16.22 hrs

PRIVATE MEMBER'S BILLS- INTRODUCED-Contd…

(xii) NATIONAL COMMISSION FOR YOUTH BILL, 2011 *

MR. CHAIRMAN : Before I call the next hon. Member to speak on this Bill, there is one Bill left to be introduced. So, if the House agrees, I call Shri Adhir Chowdhury to introduce his Bill.

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the setting up of a National Commission for Youth for their overall development and for matters connected therewith.

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the setting up of a National Commission for Youth for their overall development and for matters connected therewith."

SHRI ADHIR CHOWDHURY : I introduce the Bill.

———————

MR. CHAIRMAN: I have one request to make to the hon. Members. To maintain the sanctity of the Private Members' Business, I would request all of you to be present. Otherwise, the sanctity will be lost.

Shri Shailendra Kumar.

---

* Published in the Gazette of India Extraordinory, Part-II, Section-2 dated 11.3.2011

16.22 ½ hrs

ILLEGAL IMMIGRANTS AND OVERSTAYING FOREIGN NATIONALS (IDENTIFICATION AND DEPORTATION) BILL, 2009 - contd.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपका आभार व्यक्त करता हूं और भाई अर्जुन मेघवाल जी को भी धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे पहले बोलने का समय दिया। श्री वैजयंत पांडा जी द्वारा अवैध आप्रवासी और स्वीकृत अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए विदेशी राष्ट्रिक (पहचान और विवासन) विधेयक, 2009 पर बोलने का अवसर दिया।

सभापति महोदय, मैं पांडा जी की बात को बड़े ध्यान से सुन रहा था, उन्होंने कोई ऐसी बात नहीं छोड़ी, सब बातें विस्तार से कही हैं। यह बात सत्य है कि हमारे देश में बहुत समय से बाहर रहने वाले आप्रवासी यहां आते हैं, जिनका वीज़ा होता है, वीज़ा समाप्त होने के बाद भी वे यहां रुक जाते हैं। यहां आने के बाद वे लापता भी हो जाते हैं। वे यहां अधिक समय से ठहरे हुए होते हैं, इससे भारत की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को भी खतरा है। इससे हमारी आंतरिक सुरक्षा भी प्रभावित होती है। खासकर देखा जाए तो हमारे देश में बंग्लादेश के बहुत सारे लोग यहां पर हैं, जिनकी अभी तक हम लोग कोई व्यवस्था नहीं कर पाए हैं। अगर आंकड़े देखे जाएं तो मेरे ख्याल से भारत में लगभग दो करोड़ अवैध प्रवासी इस वक्त रह रहे हैं, जो चिन्ता का विषय है। जो दक्षिण-भारतीय हैं, वे श्रीलंका से आए हैं। पंजाबी बताने वाले बहुत से लोग हैं, जो पाकिस्तान से आए हैं और जो अपने को बंगाली बताते हैं, वे बंग्लादेश से आए हैं। ये बहुत बड़ी समस्या है, इसे कायदे से हमारी जो इंटेलीजेंस है, आंतरिक सुरक्षा से जुड़े हुए जो लोग हैं, उन्हें चाहिए कि इसकी जनगणना कर लें और देखें कि बहुत से लोग कब आए हैं, किस स्थिति में हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहता हूं कि यह बड़ी चिन्ता का विषय है, यहां रहने के बाद वे राशन कार्ड और मतदाता पहचान-पत्र भी बनवा लेते हैं। ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवा कर यहां पर आराम से भारतीय, एक तरीके से शरणार्थी बन कर यहां रह रहे हैं। गवर्नमेंट को इसके बारे में नहीं पता है। हमारी सरकार ने, बहुत सी इंटेलीजेंस एजेंसियां हैं, उन्होंने इस पर कदम उठाया है। मेरे ख्याल से लगभग 13,000 लोगों को वापस भेजने का काम भी किया है, जो एक चिन्ता का विषय है। मैं चाहूंगा कि हमारे जो विदेश मंत्रालय और अन्य एजेंसियां हैं, ये वहां के तमाम देश के जो लोग हैं, उनके दूतावासों, विदेश मंत्रियों से वार्ता करके इन लोगों को वापस भेजने की व्यवस्था करें।

सभापति महोदय, दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि जो खुद को शरणार्थी कह रहे हैं, उनके बारे में भी सरकार चिन्तित थी, यही कारण है कि आज इस विधेयक को यहां पर लाया गया है। सन् 2009 में

देश में रहने वाले विदेशियों की संख्या के आंकड़े जो बताते हैं, वे 65,000 के करीब और सन् 2008 में 11,000 थे। उस समय 53 लाख विदेशी भारत आए, जिसमें 65,000 अवैध तरीके से रुक गए।

सभापति जी, जिनमें से सुरक्षा एजेंसियों ने केवल 7426 विदेशियों को गिरफ्तार किया था और केवल 13 हजार को वापस भेजा गया है। यह चिन्ता का विषय है कि इस तरह से इतने लोग यहां अवैध तरीके से रह रहे हैं, यह ठीक नहीं है। यह सवाल हमारे देश की आन्तरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। देश में तमाम ऐसी आतंकवादी घटनाएं भी होती रहती हैं। इनमें ऐसे तमाम तरह के लोग, जो घुसपैठ कर के आ जाते हैं और यहां रह रहे हैं, वे शामिल पाए जाते हैं। इसलिए इन सभी की जनगणना होनी चाहिए, ताकि सुरक्षा एजेंसियां उन्हें समय-समय पर जाकर देखें कि उनकी गतिविधियां क्या हैं।

महोदय, यहां तक देखा गया है कि जो बंगला देश के लोग हैं, वे यहां आए हैं। अफगानिस्तान से बहुत से लोग आए हुए हैं, जो अवैध तरीके से रह रहे हैं और वे तमाम अपराधों में लिप्त रहते हैं। वे पकड़े भी गए हैं। उनके वीजा भी समाप्त हो गए हैं और फिर भी यहां पड़े हैं। जिनके वीजा समाप्त हो गए हैं, तो उन्हें वापस जाना चाहिए। इस विषय पर विदेश मंत्रालय, उन देशों के दूतावासों से बात करे, उन देशों के विदेश मंत्रियों से बात करे। मैं अभी रिपोर्ट देख रहा था, जिसमें मैंने पढ़ा कि विदेश राज्य मंत्री, श्रीमती परनीत कौर ने संसद में बयान दिया कि अमेरिका में जो हमारे 1500 छात्र पढ़ रहे हैं, उनके लिए भी छुट्टियों में एक संकट पैदा हो जाता है, क्योंकि रेडियो यांत्रिक तंत्र के द्वारा उनकी विजिलेंस की जाती है और जब उनका वीजा समाप्त हो जाता है, तो अमेरिका की कोशिश रहती है कि वे वापस अपने देश जाएं। जो लोग पढ़ने जाते हैं, उनके लिए वहां अनेक प्रकार की समस्याएं होती हैं। इस प्रकार के बहुत लोग हैं, जिन्हें समस्याएं झेलनी पड़ती हैं।

महोदय, अभी हमारे श्री पांडा जी ने जैसा कहा हमारे बहुत से मछुआरे ऐसे हैं या बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनजाने में बॉर्डर क्रॉस कर जाते हैं और पकड़े जाते हैं, उन्हें भी अपने देश में लाने की व्यवस्था की जाए। अभी हमारी विपक्ष की नेता ने, सोमालिया के डाकुओं द्वारा जो हमारे भारतीय पकड़े गए हैं, उन्हें भी छुड़ाने और देश लाने की बात कही था। सदन उनके लिए चिन्तित था। इस प्रकार की तमाम बातें हैं। यदि बाहर का नागरिक यहां आता है, तो जब तक उसके पास वीजा है, तब तक वह यहां रह सके, यहां घूम सके, पर्यटक के रूप में घूम सके और देश को देख सके, लेकिन वीजा समाप्त होने के बाद उसे जाना चाहिए। हमारे लोग बाहर जाते हैं और वीजा समाप्त होने के बाद उन्हें सख्ती से और कड़ाई से देश भेज दिया जाता है और जो नहीं आ पाते हैं, उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। वे वहां इतनी फ्रीडम में नहीं रह पाते हैं। इसलिए कम से कम दूसरे देशों से सीख लेकर हमें अपने देश में भी ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे कि वीजा समाप्त होने के बाद, भारत आए हुए विदेशी वापस अपने देश में जा सकें।

महोदय, पांडा जी ने जो यह विधेयक प्रस्तुत किया है, इसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं क्योंकि यह बहुत अच्छा विधेयक है। यह हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ विधेयक है। मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए, अपना बात समाप्त करता हूं।

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, श्री वैजयंत पांडा द्वारा लाए गए विधेयक के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। आपको पता है कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वहां हम लोग खुद ही इस समस्या से जूझ रहे हैं और किस कॉंटैक्ट में समस्या से जूझ रहे हैं, यह भी आप जानते हैं। हम मालिक हैं, झारखंड के लोग मालिक हैं, आप भी उसी राज्य से आते हैं। हम इस देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा माइंस, मिनरल्स, कोल और अन्य चीजें पैदा करते हैं। हमारे ही ऊपर पूरा देश आधारित है, फिर चाहे रेलवे चल रही है या मुम्बई चल रही है या दिल्ली चल रही है। यदि हम अपना उत्पादन बन्द कर दें, तो यह देश ठप्प हो जाएगा। मैं इस सदन में बड़ी गम्भीरता से ये बातें कह रहा हूं, लेकिन जो मुम्बई के अन्दर हो रहा है, आपने देखा होगा कि हमारे ही लोगों को बिहारी कह कर और मारकर भगा दिया जाता है। हम लोग ही गरीब हैं, हम लोग ही परेशान हो रहे हैं। उसका कारण क्या है? उसका कारण रोजगार है। इसका मतलब यह नहीं है कि मुम्बई के लोग बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश के खिलाफ हैं या हिन्दी भाषी लोगों के खिलाफ हैं। उसका कारण यह है कि उनमें समझदारी का अभाव है। जिन लोगों को वे बिहारी समझ रहे हैं और समझ रहे हैं कि वे लोग हमारे लेबर का काम छीन रहे हैं, गार्ड का काम छीन रहे हैं, ड्राइवर और कंडक्टर हो रहे हैं और खलासी हो रहे हैं, ऐसा नहीं है। वे बेसिकली इन्फिल्ट्रेटर हैं। उनकी भाषा एक है, उनकी जुबान एक है, उनका चेहरा एक है और यह दिल्ली के अंदर भी हो रहा है। दिल्ली के माननीय सदस्य श्री जय प्रकाश अग्रवाल जी यहां उपस्थित हैं, वे मेरी इस बात की गवाही देंगे कि दिल्ली में भी ऐसा ही हो रहा है। घरों में काम करने वाले जो लोग हैं, वे इसी प्रकार के लोग हैं।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): सभापति महोदय, मुझे तो इस बात की खुशी है कि माननीय दुबे जी ने मुम्बई के बारे में यह बात कहा तो सही।

श्री निशिकांत दुबे : महोदय, हमारी 15 हजार किलोमीटर की सीमा है। 7500 किलोमीटर की कोस्टल सीमा है और इस इन्फिल्ट्रेशन के कारण लोग कहते हैं कि हम वोट बैंक की पॉलीटिक्स के कारण बोलना नहीं चाहते, इस देश को बंटने मत दीजिए। कहा जाता है कि ''जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसे'' पहले यह जमीन है, जननी है, भारत है, उसके बाद हम सब हैं। वोट बैंक की पोलिटिक्स के आधार पर इस देश का बंटवारा हो चुका है और इस इन्फिल्ट्रेशन के आधार पर श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या हो चुकी है। पंजाब में किन लोगों ने आतंकवाद को भड़काया, यह किसी से छुपा नहीं है। हमारे दूसरे प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की हत्या हो चुकी है, मुम्बई में अटैक हो चुका है और हमारे प्लेन का हाईजैक हो चुका है, कंधार जैसा मामला हो चुका है।

यदि आप इतिहास में जाने की कोशिश करेंगे तो आप देखेंगे कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ भी हो रहा है, वह भी उसी इन्फिल्ट्रेशन के कारण हो रहा है। नागा एक्टिविटी यदि बढ़ रही है, उल्फा की

एक्टिविटी यदि बढ़ रही है, नक्सलवाद यदि इस देश में बढ़ रहा है तो यह सब घुसपैठ के कारण हो रहा है या वैसे देश, जो इस देश को तोड़ देना चाहते हैं, उन देशों के कारण हो रहा है। इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं कि बिगाड़ के डर से ईमान की बात नहीं करेंगे क्या? यदि वोट नहीं मिलेगा तो इस देश को बचाने की बात नहीं करेंगे क्या?

हमारी गरीबी बढ़ रही है। यदि तेंदुलकर कमेटी की रिपोर्ट देखेंगे तो पहले हमारी गरीबी 27 प्रतिशत थी, वह अब 37 परसेंट हो गई है। लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है, 120 करोड़ लोगों को आप पानी क्या पिलाएंगे। पानी के लिए वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट आई है कि 2020 के बाद यदि सबसे ज्यादा भारत में कहीं लड़ाई होनी है तो वह पानी की लड़ाई होनी है, लेकिन हम पानी की चिन्ता नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि लोग बढ़ रहे हैं। मेरा यह कहना है कि हम इस बिल का समर्थन करते हुए इन बातों को यदि देखने का प्रयास करें तो हमारे लिए वह बढ़िया होगा।

कुछ फैक्ट्स हैं और मैं इसलिए यह बात कहता हूं कि हमेशा कहा जाता है, Our mistakes increase our experience and our experience always decreases our mistakes. एक बार हम गलती कर चुके हैं, दोबारा इस देश को गलती करने से रोकिये। घुसपैठ के कारण क्या हो रहा है, इसके कुछ आंकड़े माननीय विजयन्त पाण्डा जी ने दिये हैं। मैं कुछ और आंकड़े देना चाहता हूं और कुछ बयान हैं, जो मैं आपको सुनाना चाहता हूं। शेख मुजीबुर्रहमान ने अपनी किताब में लिखा है कि पूर्वी पाकिस्तान के पास पर्याप्त जनसंख्या है, वहीं असम के पास पर्याप्त मात्रा में वन सम्पदा है। असम में कोयले व तेल के भंडार हैं, इस कारण असम को पूर्वी पाकिस्तान का भाग होना ही चाहिए, तभी पूर्वी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सकती है। यह उन्होंने लिखा है। उसके आगे जुल्फिकार अली भुट्टो ने अपनी पुस्तक मिथ्स ऑफ इंडिपेंडेंट में लिखा है कि यद्यपि यह सबसे महत्वपूर्ण विवाद है, परन्तु यह गलत होगा कि भारत और पाकिस्तान के मध्य मात्र कश्मीर ही विवाद का मुद्दा है। कश्मीर के जितना ही महत्वपूर्ण विवाद पूर्वी पाकिस्तान की भारतीय सीमा से लगते हुए कुछ जिले और असम के बारे में भी है। पाकिस्तान का इन पर दावा बनता है। ढेरों उदाहरण ऐसे हैं, जो यह दिखाते हैं कि वे अपनी चीजों में सफल हो रहे हैं। हमारे यहां जो वोट बैंक की पोलिटिक्स हो रही है, वह इन बातों को सफल बनाने के लिए एग्रेसिव है।

अभी माननीय विजयन्त पाण्डा जी ने सुप्रीम कोर्ट का जिक्र किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट के जिक्र से पहले मैं आपको कहूं कि ऐसा कारण कैसे हुआ कि आई.एम.डी.टी. एक्ट को सुप्रीम कोर्ट को खत्म करना पड़ा। आई.एम.डी.टी. एक्ट कैसे इस पार्लियामेंट ने अलग से बना लिया, इस संविधान की धारणा को कैसे खत्म कर लिया। मौ. करीम छागला, वैलनोन लॉयर थे, ज्यूरिस्ट थे, मैं उनका बयान कोट करना चाहता हूं, जब यह कानून बना था तो उन्होंने इसके बारे में क्या कहा था। यह आपको पता है कि वे मुम्बई उच्च

न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे, यहां के शिक्षा मंत्री रहे। उन्होंने कहा कि हमारे पास अपना संविधान है, हमारे पास नागरिकता कानून है, सर्वोच्च न्यायालय के ऐसे निर्णय हैं, जो यह दर्शाते हैं कि कौन नागरिक है और कौन विदेशी। वर्ष निर्धारण करने में अनावश्यक इस विषय को इतना उलझा कर रख दिया है कि कोई भी व्यक्ति, जो इस देश का नागरिक नहीं है और यदि वह विदेशी है तो इसका क्या महत्व है कि वह भारत में कब आया है। भारत में प्रवेश करने का वर्ष उस व्यक्ति के वैधानिक स्तर को परिवर्तित नहीं कर सकता। विदेशी लोगों के नाम राज्यों की मतदाता सूची में नहीं हो सकते। उनको मतदान करने का कोई अधिकार नहीं है। यदि उनके नाम मतदाता सूची में हैं तो उनके नाम उनमें से निकाल देने चाहिए और इस बात की पूरी सावधानी बरतनी चाहिए कि दोबारा वे नाम न आ जायें। यह करीम छागला साहब ने कहा है और क्या हुआ है? आपको पता है कि इसी पार्लियामेंट में एक विदेशी मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट बन चुका है और सुप्रीम कोर्ट के कारण उसकी सदस्यता खत्म हुई है। वह एक-दो बार नहीं बना है, तीन बार सांसद बना है तो आप किस तरह की राजनीति कर रहे हैं, इस देश को कहां ले जाना चाहते हैं? ...(व्यवधान) उनका नाम सब को पता है। यहां नाम नहीं लेना चाहिए।...(व्यवधान)

राजेश्वर जी कहते हैं, जो पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल थे और जो आईबी के आफीसर रहे हैं, उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के सीमा क्षेत्र का एक अध्ययन बता रहा है कि बीस से चालीस पर्सेंट गांव सीमावर्ती क्षेत्र में घुसपैठियों के कारण घुसपैठ से प्रभावित हो रहे हैं। इसमें जाति का सवाल नहीं है, रिलीजन का सवाल नहीं है। इस देश में अलग-अलग कारण हैं, जो इन चीजों को बढ़ाता है। कोई कास्ट के आधार पर किसी को मदद करने की कोशिश करता है, कोई रिलीजन के आधार किसी को मदद करने की कोशिश करता है, कोई भाषा के आधार पर किसी को मदद करने की कोशिश करता है, लेकिन इस देश को तोड़ने के लिए वही सारी चीजें, जैसे सोवियत यूनियन टूट गया, जैसे तिमोर टूट गया, वही सिचुएशन इस देश की बन रही है। सभापति महोदय, हमारे और आपके ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि इस देश को हम कैसे बचायें? असम के पूर्व राज्यपाल श्री एस. के. सिन्हा थे, मैं कुछ कोट कर रहा हूं, वह कहते हैं कि राष्ट्रपति को भेजी रिपोर्ट में घुसपैठ के कारण असम में असमिया लोगों के अल्पमत में होने का खुलासा किया गया है। जब वह असम के गवर्नर थे, तब उन्होंने अपनी रिपोर्ट दी थी। उसके बाद श्री अजय सिंह गवर्नर बने थे, उन्होंने कहा था कि हर दिन बांग्लादेश में असम की सीमा पर कम से कम 15 हजार लोग घुसपैठ कर रहे हैं। ये कोई पालिटिकल लोग नहीं हैं। मैं जिन बातों को कह रहा हूं, इनका पालिटिक्स से लेना-देना नहीं है। उससे आगे बढ़कर सीपीआई के श्री इंद्रजीत गुप्ता जी, जब होम मिनिस्टर बने थे, तो उन्होंने इसी संसद में 6 मई, 1997 को कहा था कि भारत में डेढ़ करोड़ घुसपैठिए हैं। इंद्रजीत गुप्ता साहब ने ऐज होम मिनिस्टर 6 मई, 1997 को सदन में कहा था। पूर्व गृह राज्यमंत्री

श्रीप्रकाश जायसवाल साहब, जो अब कोयला मंत्री हैं, उन्होंने खुद एक्सेप्ट किया था कि डेढ़ से दो करोड़ अवैध घुसपैठिए यहां रह रहे हैं। इसमें पार्टी का सवाल नहीं है। इतनी सारी चीजें मौजूद हैं और उनको न रोकने के कारण आज क्या हो रहा है? पश्चिम बंगाल में अभी चुनाव होने वाले हैं, अधीर साहब यहां बैठे हुए हैं, वहां 292 विधानमसभा सीटों में से 52 पूर्ण रूप से और 100 अन्य विधानसभा सीटें घुसपैठियों से प्रभावित हैं। यह आईबी की रिपोर्ट है, मेरी रिपोर्ट नहीं है। असम में भी चुनाव हो रहे हैं, वहां 126 विधानसभा क्षेत्रों में 46 क्षेत्रों में ये निर्णायक भूमिका में हैं। हम जिस राज्य से आते हैं, यदि उसका पाकुर जिला, साहेबगंज जिला, गोड्डा जिला यानी पूरे संथाल परगना को आप देखेंगे तो उसकी डेमोग्राफी पूरी तरह से बदली है। पाकुर जिला एक रिलीजन विशेष का जिला बनता जा रहा है, साहेबगंज एक रिलीजन विशेष का जिला बनता जा रहा है। उसकी आग गोड्डा में आ रही है, देवघर में आ रही है, दुमका आ रही है, जामतारा में आ रही है, वही आग दिल्ली में आ रही है, वही आग गुजरात में जा रही है, अहमदाबाद में जा रही है, सूरत में जा रही है। इस पार्लियामेंट में अटैक हुआ, तो वह कौन लोग थे? यदि नेपाल से एक प्लेन का हाईजैकिंग हो गया तो वह कौन लोग थे? पूरी सीमा खुली हुयी थी, नक्सलवाद जिससे हम और आप प्रभावित हैं, आप जहां से चुनकर आते हैं, ये नक्सलवादी कौन हैं? प्रचंड का बयान है कि जब वह अपना आंदोलन चला रहा था, तो पांच साल जब वह अंडरग्राउंड था, संथाल परगना में बिताया। ये कौन लोग हैं? परवेज बरूआ साहब कहां रह रहे है? कौन उसकी एक्टिविटी को कौन बढ़ा रहा है, लश्कर-ए-तोइबा के लोग कहां रह रहे हैं, कौन उसकी एक्टिविटी को बढ़ा रहा है, कौन लोग अंदर आ रहे हैं, राजन देववर्मन कहां रह रहे हैं? नागा के जो हेड हैं, वह कहां रह रहे हैं? ये कौन लोग हैं? बर्मा बढ़ा रहा है, बांग्लादेश बढ़ा रहा है, पाकिस्तान बढ़ा रहा है, श्रीलंका से जो लिट्टे आया था, जिसके कारण माननीय राजीव गांधी की हत्या हो चुकी है, ये किस तरह के लोग हैं? केवल इसे रिलीजन से जोड़कर कि यदि भारतीय जनता पार्टी घुसपैठ की बात कर रही है, तो रिलीजन की बात कर रही है, यदि इस तरह की बात करेंगे तो यह देश कभी नहीं बन सकता है। इस देश को, इस पार्लियामेंट को यह समझने की आवश्यकता है और हमें देश बनाने की आवश्यकता है। वह क्या कर रहे हैं? वहां तस्करी हो रही है। मैं शिवरात्रि के दिन देवघर में था। आपको पता है कि मेरे चुनाव क्षेत्र में बासकीनाथ और बाबा वैद्यनाथ है, दो-दो ज्योतिर्लिंग हैं। मैं रात के ढाई बजे, चूंकि मुझे सुबह पार्लियामेंट आना था, मेरा प्लेन दुमका में था, तो मैंने ढाई बजे रात में कहा कि हम देवघर से बढ़ते हैं। देवघर से जब मैं दुमका की तरफ बढ़ रहा था, तो तीस किलोमीटर के रास्ते में देवघर से बासकीनाथ के बीच में, मैं गाड़ी बीस से पच्चीस किलोमीटर प्रतिघंटे से अधिक स्पीड से नहीं चला पा रहा था।

कारण क्या था? शिवरात्रि के दिन लोग रात के दो-ढाई बजे गाय और बैल लेकर जा रहे थे। बगल में जरमुंडी थाना है। मैं वहां गया और थाना प्रभारी को उठाया। मैं सांसद हूं और रात के दो बजे थाने में पहुंचा तो स्वाभाविक है कि वह भी दौड़ा-दौड़ा आया। उसने एसपी को फोन किया। वहां गाय और बैल की तस्करी हो रही थी। हम यहां एनीमल हस्बैंड्री की बात करते हैं, कृषि की बात करते हैं और वहां गाय, बैल कट रहे हैं, बंगलादेश जा रहे हैं, तस्करी हो रही है।

अभी सिल्क में ड्यूटी घटी है। यदि कहीं से चाइना सिल्क आ रहा है तो वह अरुणाचल प्रदेश, बंगलादेश, नार्थ ईस्ट के रास्ते से आ रहा है। यदि आप सिल्क में ड्यूटी घटाएंगे तो उस तरह की सिल्फ की तस्करी और ज्यादा होकर आएगी। इसी तरह हथियार आ रहे हैं। यदि राजस्थान का बार्डर देखेंगे तो एके-47 से लेकर एके-54 तक हथियारों की तस्करी हो रही है। जाली नोट कहां से आ रहे हैं? जाली नोट भी उसी रास्ते से आ रहे हैं। मादक एवं नशीले पदार्थ उसी रास्ते से आ रहे हैं। आप आईबी, रॉ या कोई भी रिपोर्ट देख लीजिए। सबसे बड़ी बात यह है कि जितनी भी अनैतिक गतिविधियां होती हैं, यदि प्रॉस्टीट्यूशन की बात भी करें तो यह उसमें भी बढ़ावा दे रहा है। मैंने आपको 5-6 कारण गिनाए। आपको लगता है कि इस देश में घुसपैठियों के खिलाफ कानून नहीं बनना चाहिए। पूरा किशनगंज, अररिया, दार्जिलिंग, वैस्ट बंगाल, राजस्थान के बार्डर का एरिया देखिए, किसने जमीन खरीद ली, पता ही नहीं चलता। यदि आप जम्मू कश्मीर को देखेंगे, सारी गतिविधियों को नोट करेंगे, तो इन्हें रोकने का सवाल है। यदि नहीं रोका तो पूरा देश इसे मार्क करके इम्प्लॉयमैंट की बात करेगा। हम गरीबों की जितनी भी बात कर लें, जितनी भी सैंट्रली स्पॉन्सर्ड स्कीम ला दें, आज गरीब वही है, क्योंकि हम-आप जिस राज्य से आते हैं, वहां 70 प्रतिशत लोग अशिक्षित हैं। 70 से 75 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे अपनी गुजर-बसर करते हैं। वे हमसे, आपसे लाल कार्ड के लिए प्रार्थना करते हैं। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की एक कविता है --

पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक
चल रहा लकुटिया टेक
मुट्ठीभर देने को, भूख मिटाने को
चाट रहे हैं झूठी पत्तल
कहीं सड़क पर खड़े हुए
झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए।

सवाल यह है कि गरीब आदमी की आत्मा हमें और आपको दोष देगी।

सभापति महोदय, मैं पांडा जी को धन्यवाद देता हूं कि वे बहुत अच्छा बिल लेकर आए हैं। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि आप इन घुसपैठियों को भगाने की कोई व्यवस्था कीजिए। आप यूआईडी के माध्यम से उन्हें जो नागरिक बनाने की बात करते हैं, इसके लिए कानून में कोई न कोई संशोधन कीजिए। यदि यूआईडी हो जाएगा तो उनका नाम वोटर लिस्ट में आ जाएगा, उन्हें बीपीएल कार्ड आदि सारी

सुविधाएं दे दी जाएंगी। आप इसे खत्म कीजिए और हमारे सुझावों को मानते हुए इस बिल को ऐक्सैप्ट कीजिए। इन्हीं शब्दों के साथ जय हिन्द, जय भारत।

MR. CHAIRMAN : Shri Panda, have you given any suggestion that the names of those who have illegally infiltrated here should not be entered in the voters' list and that the guilty officials should be punished?

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): Sir, I have left it to the Commission which I have proposed and the rules are to be framed for the Commission and these are suggestions which ought to be incorporated in those rules.

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, my esteemed colleague, Shri Baijayant Panda has introduced a Bill under the nomenclature 'The Illegal Immigrants and Overstaying Foreign Nationals (Identification and Deportation) Bill, 2009'.

Sir, the tone and tenor of this legislative document appear to be innocuous as it has not been proposed that the existing Act should be replaced or repealed or anything like that. Some provisions are sought to be inserted in the existing legislation so as to implement the essence of the Foreigners Act, 1946.

So, I think, it is a pertinent proposition in view of the fact that illegal immigration has become a matter of major concern for us. Further more, illegal immigration has already assumed a world-wide phenomenon. In the United States of America also illegal immigration has been rising alarmingly as per the estimates of the US Government. We are well aware that Hispanic population used to cross over to the United States of America over the years and are eating away the jobs of the native Americans. Reports have also come that illegal immigrants from India are also swarming into that country. Therefore, illegal immigration cannot be a matter of concern for India alone. It is a world-wide phenomenon.

There are two types of immigration. One is political and the other is economical. Some of the immigrants are called political immigrants because they immigrate to other countries due to political persecution or religious persecution that they face in their own countries. So, due to these reasons they are forced to flee their native countries and they take refuge or shelter in their adopted countries or host countries. This is one type of immigration.

The other type of immigration is due to economic reasons. The socio-economic factor of all the countries is not the same. Therefore, people from developing countries or poor countries emigrate to the other countries for well-being of their lives.

So, there are two factors. One is 'pull' factor and the other is 'push' factor. Some people think that their fortune could be changed by emigrating the native country and by establishing themselves in foreign land, I mean the land of

destination. The cost that they have to pay for this is that, they may not be eligible for exercising their franchise in the destination country; and they may be apprehended or arrested.

The other reason is the 'push' factor. Due to poverty and unemployment, people usually from poor countries cross the borders out of desperation, to eke out their livelihood. This kind of illegal immigration usually tends to flow from developing countries to developed countries. In the Indian sub-continent, as we know, India has been recognised as an emerging economy.

India is going to be an economic Super Power. That is why India plays the pull factor of the people of our neighbouring countries as they are allowed to eke out their livelihood by settling themselves in our country. There are other factors also, viz., religious persecution. Since our Independence, we have been facing the immigration problem due to the religious persecution being taken place, especially in Bangladesh and in Pakistan. When we attained Independence, the Hindu population in Pakistan was 20 per cent. Now, it has been reduced to 1.5 per cent Hindu population in Pakistan. That means due to religious persecution, a great chunk of Hindu population have been forced to flee their native country. Now, the question is how do we define those Hindus who have appeared as illegal immigrant in India. I would like to know whether they should be treated as refugees or they should be treated as illegal immigrants. Sir, we need to have a clear distinction in regard to refugee and illegal immigrant.

Sir, when Bangladesh was carved out to be a sovereign country, religious persecution also took place there. Lakhs of Hindu population were forced to flee into our country. Even *Chakmas* from Bangladesh also had the same fate and even the Burmese Muslims were forced to flee into Bangladesh by the persecution of Burmese Government. Therefore, we need to have a clear definition of who should be called a refugee and who should be called an illegal immigrant.

Sir, I do not know whether illegal immigration and infiltrators can be defined in the same way. I also beg to differ that all the terrorist problems in our country are borne out due to illegal immigration. I think this will be the over

simplification in view of the insurgency problem in our country. If you see the entire North Eastern Region, you will find that there is huge number of illegal immigration. It is also true that in West Bengal, there is huge number of illegal immigrants. But the fact is that West Bengal, Assam and Bangladesh at some point of time belong to undivided British India. The entire Assam region was sparsely populated. So, people from West Bengal, North India and from Bangladesh would have settled in Assam.

But the day the Independence was announced, the entire North-Eastern Region got geographically isolated. Those areas which were earlier known as the traditional areas of migrants, have become areas of illegal immigrants because before the partition, traditionally, people from West Bengal, Bangladesh and North India used to settle in Assam. At that time, it was called internal migration. But, in the wake of Independence, all of them became midnight children and illegal immigrants and the traditional migration got augmented by the flow of refugees and other illegal immigrants. Therefore, we should conceive a way so as to determine the illegal immigrants and refugees.

A number of estimates often emerged in the media or the other forum also in regard to the number of illegal immigrants. When Shri Indrajit Gupta was the Home Minister, he stated in Parliament that the number of illegal immigrants was 10 million. When Shri L.K. Advani was the Home Minister, he stated that the number of illegal immigrants was estimated at 15 million. The senior bureaucrat Shri P. Raman stated that the number of illegal immigrants went up to 20 million. According to the Law Commission, it is a common perception that in Assam, the number of illegal immigrants was 4.5 million and for West Bengal, it was 5.4 million. About 3,50,000 illegal immigrants are entering our country annually. It is a fact that if you want to hire the cheap labour, the Bangladeshi workers are available.… (*Interruptions*)

Sir, in the United States of America, H1B Work Visas are available for the people from other countries. It is a Work Visa. Like that, can we not give Work Visas for the nationals of the other countries so that the problem of illegal

immigrants could be dealt with? It has been referred to by even the initiator of the Bill Shri Baijayant Panda. So, this can be considered. By all indications, the Bill is simply seeking to implement the tone and tenor of the existing laws. I think I should support this legislation.

With these words, I conclude.

17.00 hrs

श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र.): सभाति महोदय, मैं यहां से बोलने के लिए आपसे अनुमति चाहता हूं।

सभापति महोदय, मैंने बहुत गौर से पूरी बहस सुनी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि स्थिति बहुत अलार्मिंग है, क्योंकि अब दो करोड़ का आंकड़ा आ चुका है। मैं अपने आप से पूछता हूं कि इतनी अलार्मिंग स्थिति में क्या अवैध आप्रवासी और स्वीकृत अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए विदेशी राष्ट्रीय (पहचान और विवासन) विधेयक, 2009 इसकी दवाई है। यह जो एक्ट आया है, दो करोड़ का आंकड़ा सामने आया है, मैं भी असम वकील के तौर पर हाई कोर्ट जाता था। वहां जो नदी है, तो लोग नदी के किनारे पचास-सौ किलोमीटर आ जाते हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि यह जो एक्ट बन रहा है, इससे उस समस्या का 0.11 परसेंट निदान होने वाला नहीं है। इसका एक कारण है, जैसे हमारे यहां कोई शुभ कार्य आरम्भ होता है, तो गणेश जी की प्रतिमा लोग स्थापित करते हैं। इसी तरह हर एक्ट में ट्रिब्यूनल बनेगा और ट्रिब्यूनल में आटोमेटिकली हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का जज विराजमान कर दो। इससे तो ट्रिब्यूनल के एक जज और चार सदस्यों की स्थापना हो रही है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सकेगा। मैं बहुत आदर से कहना चाहूंगा कि जनसंख्या के लिए प्लानिंग के बाद इसमें भी फैमिली प्लानिंग होनी चाहिए। संसद में हर सैशन में पचास एक्ट आ रहे हैं।

दूसरी बात मैं आपको एक उदाहरण बता रहा हूं। सैक्शन-3, मैं एकदम लीगल आर्गुमेंट और लीगल बिल बात कह रहा हूं। मैं श्री वैजयंत पांडा जी का स्वागत कर रहा हूं कि उन्होंने बहुत अच्छी तरह से इस स्थिति को आइडेंटीफाई किया है। जैसा इसमें लिखा है -

> "The Commission shall consist of a Chairperson who shall be a serving or a retired Supreme Court judge appointed by the President in consultation with the Chief Justice and four other members…"

I put a question to myself and to my friend. Will this mitigate or ameliorate or solve the problem of illegal immigrants? I submit with all respect, 'no'. इसका एग्जीक्यूटिव एक्शन होना चाहिए। मेरा कहना है कि इससे कोई काम बनने वाला नहीं है। आईपीसी एक्ट है कि चोरी करना खराब है, भ्रष्टाचार का भी एक्ट है, तो क्या ब्लैकमनी और क्रप्शन खत्म हो गई है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI V. NARAYANASAMY): You tell Mr. Panda.

SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA): He is telling it to Mr. Panda only; he is not telling you.

SHRI V. NARAYANASAMY: Thank you.

श्री विजय बहादुर सिंह : महोदय, अगर आप इजाजत दें, तो मैं बहुत अच्छी बात सुनाना चाहता हूं। इंग्लैंड में लार्ड डैनिंग चीफ जस्टिस थे। यह बात यहां फिट हो रही है, इसलिए मैं इसका जिक्र कर रहा हूं। एक जंगल में सियार ने मुकदमा दायर किया कि मुझे जंगल में बहुत परेशानी है, क्योंकि सब मुझे खाने का दौड़ते हैं इसलिए मेरा प्रोटोकाल, मेरा स्टेटस टाइगर, जो कि जंगल का राजा है, उसके बराबर कर दीजिए। उसने बहुत नामी-गिरामी वकील हम लोगों की तरह किया और वकील ने बहुत अच्छी बहस की, तो जज ने उसकी बात मान ली।

सभापति महोदय : आपने बहुत ढंग से नामी-गिरामी में अपने को जोड़ लिया।

श्री विजय बहादुर सिंह : महोदय, आपने सही पकड़ लिया, दूसरे लोग समझ नहीं पाए थे। उस सियार को आर्डर मिल गया कि दो महीने तक उसे वही प्रोटोकाल मिले, जो जंगल के राजा को मिलता है। सियार ने वह स्टे आर्डर अपनी पूंछ से बांध लिया और घूमने लगा। यह बात डैनिंग ने अपनी किताब में कोट किया है। उसके बाद उसकी आंटी फोक्स उससे मिली। सियार ने कहा कि मुझे आर्डर मिल गया है और दो महीने तक मुझे जंगल के राजा का प्रोटोकाल मिलेगा। लोमड़ी ने कहा कि इस आर्डर के चक्कर में मत पड़ो। मैं जहां से आई हूं, रस्ते में मैंने दो-चार जंगली कुत्ते देखें हैं, वे मुसीबत कर देंगे। लोमड़ी अभी सियार को समझा ही रही थी कि दो-तीन कुत्तों ने उसे दौड़ा दिया। लोमड़ी तो अपनी बिल में घुस गई और सियार कुत्तों को पूंछ से लगा हुआ आर्डर दिखा रहा था। सियार को भी समझ आ गया और वह भी अंदर घुस गया, लेकिन उसने अपनी पूंछ बाहर ही रहने दी।

कुत्ते जो काटने आ रहे हैं, वे स्टे ऑर्डर देख लें। कुत्तों ने न स्टे ऑर्डर देखा, उनको काट लिया, उनकी पूंछ भी कांट ली और स्टे ऑर्डर को चबा दिया। दूसरे दिन फिर अदालत बैठी। फिर उसी वकील ने कहा कि माई लॉर्ड, इन्होंने कंटेम्प्ट कर दिया क्योंकि आपके ऑर्डर की अवहेलना हुई। इस पर जज साहब बड़े

पशोपेश में पड़ गये और कहा कि देखिए, हम ऑर्डर देते हैं, कानून बनाते हैं लेकिन इम्प्लीमेंटेशन हमारा काम नहीं है।

इसलिए महोदय, मैं इस एक्ट से आपकी हिम्मत की दाद देता हूं कि आपने एक बहुत अच्छा प्रयास किया लेकिन इससे कुछ नहीं होने वाला है। यह उसी तरह से है कि टेनिस फील्ड में फुटबॉल खेलने की कोशिश हो रही है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इसकी एक एग्जासटिव जैसे बीएसएफ इसकी एक ऑरगेनाइजेशन बने, उसमें पुलिस और उससे कनैक्टेड अधिकारी हों। उसमें हाइकोर्ट के जज और सुप्रीम कोर्ट के जज जिन्होंने 40 साल तक सिर्फ मुकदमा और किताबें देखी हैं, वे उसको कैसे कर पाएंगे? जिन बॉर्डर स्टेट से ज्यादा घुसपैठ हो चाहे यू.पी. हो या असम हो, उनमें उसका प्रभाव बढ़ाया जाए और ये टोटली इसमें इंवाल्व हो जाएं अन्यथा इस बिल से सिर्फ ध्यानाकर्षण की बात होती है।

हमारा जो विदेश मंत्रालय है, देश में यह फीलिंग हो रही है कि बहुत स्लो एक्शन हो रहा है। यह ग्लोबल समस्या है चाहे वह सोमालिया के लुटेरों की हों और चाहे ट्राई यूनिवर्सिटी में कॉलर लगाने की हो, इसको डिप्लोमैटिकली ब्राडकॉस्ट किया जाए। यूनाईटेड नेशंस के माध्यम से, सिक्योरिटी काउंसिल के माध्यम से इललीगल इम्ब्रिड का मामला हो, अगर हम आतंकवादियों जैसा कि निशिकांत जी ने बहुत अच्छा इस पर कहा, ...(व्यवधान) इस चीज का आइडेंटिफिकेशन तो हो गया, इसको वोट की राजनीति से न जोड़ा जाए कि वह आ गये हैं तो हमें वोट मिलेगा। इसलिए हम नहीं बोलेंगे और यह नेशनल क्राइसिस है, इसमें दो राय नहीं है, पूरा हाउस इस प्वाइंट पर है। इस पर एक कमेटी बैठाकर, इसका आकलन करते हुए इस पर सुझाव दिया जाए और फिर इस पर एक्शन हो तो वह बेहतर होगा। मैं एक बार अपनी बात समाप्त करने से पहले जिन्होंने बड़ी मेहनत की है, He has burnt mid-night oil. हम उनको धन्यवाद देते हैं लेकिन निराशा की बात यह है कि इससे काम चलने वाला नहीं है।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, I may be permitted to speak from here.

सभापति महोदय : इससे भी आगे आना चाहें तो मुझे कोई एतराज नहीं है।

...(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री वी.नारायणसामी) : इससे आगे कहीं वैल में मत आ जाना!..(व्यवधान)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : I have never been to the well of the House.

सभापति महोदय : आप अपनी बात आरम्भ करिए।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Sir, the Bill which has been moved by my colleague, Shri Baijayant Panda and the manner in which he has put forth his view point today encompasses, especially, three aspects. One is, who is a citizen; second is, who is an immigrant; and third is what is illegality relating to citizenship and immigration.

So, when we discuss on this topic, specifically on these three aspects, one is reminded, as has been mentioned in the Bill, to the Constitution which, I think, our learned friend from the Bar, who is a Member here, Shri Vijay Bahadur Singh, must have referred relating to articles 5 to 10 depicting the citizenship of this country.

In the Foreigners Act of 1946, to which Mr. Panda has referred in the Bill, he clearly mentions that a person who migrates to India legally is entitled to a number of provisions, which is enshrined in the Constitutions. Legally, he is entitled to take advantage of the provisions that are enshrined in the Constitution.

To further his cause, he has also mentioned that India is becoming prosperous year after year, as in our country the GDP growth also, on an average, is hovering around 8 per cent. The number of rich people is growing. I think in today's newspaper, in the *Forbes* Magazine, how many billionaires have been listed, that list has come up. And the middle class is growing; income is also

growing. That also attracts many people to come here from outside the border of our country to live in peace and tranquillity and also earn their livelihood. Should we make some provisions in our Constitution, in our law so that we can invite talent, invite professionals, invite those technically skilled people to come here and also make our society prosper? That was one of his suggestions that though we have more than a billion of people in our country, we lack professionalism, we lack skill and there is a need that legally we can also invite those persons to come and earn their livelihood and also make our society prosper. But there will be two opinions always on this issue. Even the United States today has two opinions on that. Different provinces or States of the United States have different laws relating to immigration. Immigration is legal. To a great extent, it is legal; and it should be legalised. That is why, when some skilled personnel from our country go to the United States, go to England, go to France or go to Australia, or go to any other developed country, legally, they have to go through a specific channel. But still in their country, there is a different opinion that why these people are coming to our country; they are eating our jobs; that should be stopped. Elections are also fought on that issue. So, in our country, if we hold a different view to that, there is no quarrel on that. There should not be any quarrel on that. Everybody is entitled to hold his own view.

But my opinion is that any country can prosper if we invite talent, if we invite professionals. That is how this country at one point of time was inviting talent and professionals. That is the only gravitational force which makes a society prosper. That is how a society prospers, a country prospers. The history is .replete with instances that when a particular place or a particular country of the world is in a growth mode, is prosperous, people have a tendency to go there and live there. That is how in hoary past, a number of people had migrated into this country. That is how, during Chandragupta Maurya's time, after he established the empire, a number of people from different parts of the world had come here. That system continued attracting talents, attracting students, attracting engineers. That is how it continued for more than a thousand years. That was also one of the

reasons why it was attacked by Central Asian tribes. I think it was in 10th century AD; that is how India got disintegrated as an empire and fell to ruins. The maritime activities also fell to ruins.

But my point here is this. Australia, of course, is a country of migrants. So also is the United States. If you take 200 years of their history, that is also a country of migrants. Even today they attract talent. If today, the Middle East is growing, they are also attracting talents. So, India also should attract talented professionals. But here comes the problem. We need skilled manpower. I would like to mention one specific problem about Assam. We discussed this in our country for the last 25 years or 30 years to be specific. Why do the people from Bangladesh have a tendency to migrate to Assam? I am only focussing on Assam, in the sense that why the people from Bangladesh migrate to Assam. Shri Nishikant Babu mentioned about one of the speeches of Mujibur Rahman before 1971. That was not after 1971; that were before 1971, when it was East Pakistan. … (*Interruptions*)

SHRI NISHIKANT DUBEY : He wrote the book. … (*Interruptions*)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Yes, that is a compilation.

I would say why people of Bangladesh have a tendency to go to Assam. Is it just to change the demography of that State? Is it just to change the demography of the North-East? They very well know that it cannot be. The Guwahati High Court later on gave a judgment. I would be quoting that judgment later on. But my point here is that simple people of Bangladesh who have to toil everyday to earn their livelihood also go across the border, earn their livelihood and come back in the evening to their house. A lot of people used to migrate. The division on August 14th and 15th of 1947 is an unnatural division; not only in the Eastern sector but also in the Western sector. It is an unnatural division. I am not saying this. This had been said by Yogi Aurobindo in those days. On a specific message on the 15th August, 1947 he had said: "This unnatural divide will evaporate.". That was the prediction which, I think, in my lifetime would come true. … (*Interruptions*)

SHRI VIJAY BAHADUR SINGH (HAMIRPUR, U.P.): Best of luck! … (*Interruptions*)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : You will be there also to share.

But that is an unnatural division. People, who used to work in the fields of Assam, earn their livelihood and come back. But because of this artificial boundary which had been carved out, a new nation has come into being for the last 64 years. We have to accept the reality. What should we do?

Before the Assam Accord, which was signed in 1985, was implemented or when the system of identification was put in place in 1983, an idea was floated. When it was under the President's Rule, Shri K. Ramamurthy, who was the Advisor to the Governor of Assam, had floated an idea that let us give them a 'working pass'. So, a card will be provided to these people; they will come, work here but they will not be entitled to the citizenship of this country. What is the issue today? I do not know if any Members from Assam would participate in the discussion on this Bill. I do not know if at all they will be participating in the future because election is knocking at the door, and already the dates have been declared.

But how to tackle this problem? There is a shortage of labour force in Assam. People from West Bengal will not go there to work. People from Manipur are not coming to Assam to work. People from Bihar are not going to work in the fields of Assam. Tea Estates are different. But in the paddy fields, the problem lies there where the people from Bangladesh go to Assam and work. … (*Interruptions*) So is the case in Meghalaya. … (*Interruptions*)

So is the case in Meghalaya. People from Bangladesh also come into Meghalaya. There is another type of ethnic problem, which is emanating in Meghalaya. I do not know if Members from Meghalaya would also be participating in this debate. People from Bangladesh come into Meghalaya, marry the tribal girls, beget children. They already have one family in Bangladesh and they have another family here in Meghalaya. I think the Government is aware of this situation.

MR. CHAIRMAN : Mahtabji, be a bit short in your speech because there are still three to four hon. Members, who want to speak on this Bill and I want that this should be concluded today; and the new Bill of Prof. Ranjan Prasad Yadav is taken up for discussion. That is why I am in a hurry.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : I would try to wind up by making three to four suggestions.

In the world across, illegal immigrations do take place. Those who cross the United States-Mexico border, very strict actions are taken against them. People get shot. Although there is a fence all across the United States border yet people do cross the border. People also illegally migrate into Europe through Romania, Greece, Spain and even Italy and accidents do take place in the Mediterranean Sea and other routes. People do die.

I do not say only about the Indians, Asians and Africans also do have to lose their lives. Illegal immigrations also take place in the South-East Asian countries. In a very inhuman way, people have to cross from one country to another to earn their livelihood. So, from the humanitarian point of view, India as a country, should accept this reality and also accept them to earn their livelihood.

Mr. Chairman, Sir, we always say *Atithi Devo Bhava.* Who is 'Atithi'? I always interpret it in this way. A person, who does not give us the *tithi* (date) and arrives. He is 'a-tithi'. He never gives us the date and time as to when he is going to come. Without notice, who arrives in our house, in our place is 'a-tithi'. That is all. And, we have a tradition of providing him all respect, all provisions. That is the culture of our country. About a person, who comes here to earn his livelihood, the onus lies on us to give him that much of provision. But the issue that Mr. Panda raised is this. By doing such things, should we deny the provisions to our people for which we are indebted to, for which we are committed to legally. That is the question, which should be addressed. The Mover of this Bill has said that we need a Commission to identify and take decision instantaneously. That is the need of the hour.

सभापति महोदय : मेरी इच्छा नहीं होती है कि मैं महताब जी को कहूं कि आप बंद कीजिए, लेकिन मैं सोचता हूं कि वे आज किसी लॉजिकल एंड पर पहुंच जायें।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Sir, I am just concluding.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): महोदय, मेरा नाम भी है।

सभापति महोदय : क्या यह संभव है कि आपका नाम न हो?

श्री जय प्रकाश अग्रवाल : महोदय, क्यों?

सभापति महोदय : आपका नाम है ही।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : There are actually three 'Ds', which are required here – Detect, Delete and Deport. One has to detect; one has to delete; and one has to deport. These are the three 'Ds,', which one has to work on. In the Foreigners' Act, the onus lies with the person against whom a complaint is lodged and he has to prove that he is the citizen of India.

It was struck down by the Supreme Court. There, the person who is lodging a complaint has to prove that this fellow is not a citizen. There the problem lies. That is why, it was struck down by the Supreme Court. I would say to identify the person, as I mentioned, to detect a person, to delete his name, if it is there in the voters' list or any other list that is there, and also to deport, is one of the most difficult portions of identification and deletion. Deportation is one of the most difficult issues. Language is not the only identification criteria.

We have to find out by other means because in Orissa, because of the coastline, a number of people have come and settled. As that has been mentioned, in the ravines of Brahmaputra a lot of people have come and settled there, so also in the coastal Bheda area of Kendrapara and Bhadrak districts, a lot of illegal immigrants have come and settled. They have been there and that has become a political issue for a number of political parties.

I would conclude by saying this that the Government should first come out with a statement. How much illegal immigrants we have in this country? The last number that was told to this House was in 1997. But we should hear it from the

Government. Also, we would like to understand what steps they are going to take to delete and to deport all the illegal immigrants.

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): सभापति महोदय, इस विधेयक के समर्थन में और उसके विभिन्न पहलुओं पर हमारे साथियों ने अपने विचार रखे। मैं वैजयंत पांडा जी को हृदय से धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन और देश का ध्यान आकृष्ट किया है। निशिकांत जी ने विस्तार से इस पर चर्चा की। मैं भारत-नेपाल सीमा पर रहने वाला हूँ। भारत-नेपाल सीमा के साथ-साथ बिहार की बंग्लादेश के साथ भी सीमाएँ जुड़ती हैं। कटिहार से लेकर पूर्णिया, अररिया, किशनगंज की तरफ बंग्लादेश से भी काफी संख्या में लोग आते हैं और नेपाल के मार्फत अब खतरा ज्यादा बढ़ने लगा है। जो बात निशिकांत जी ने उठाई थी, इसका केवल एक पहलू नहीं है। हमारे देश में जो घुसपैठिये आते हैं, चाहे वे अवैध रूप से आएँ या वीज़ा लेकर रह आएँ, चाहे वे एनजीओ बनाकर काम करने वालों के साथ मिलकर काम में लग जाएँ, लेकिन वे अनेक रूप से छद्म रूप धारण करके भारतवर्ष के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक और राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को भी अस्त-व्यस्त कर रहे हैं। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। महताब जी कह रहे थे कि हमारे यहाँ अतिथि की सेवा करने की बात कही गई है। वह तो है, लेकिन जब अतिथि को हम घर में रहने दें और वही हमें घर से बाहर निकाल दे तो उस अतिथि की हम क्या पूजा करेंगे? गणेश की मूर्ति बनाने चलें और वह राक्षस बन जाए, तो उस मूर्ति की पूजा करेंगे या उसको ले जाकर समुद्र में डुबा देंगे? आज यह स्थिति पैदा हो गई है।

मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि मधुबनी जिला के कैसे-कैसे संबंध हैं । सरकार की तरफ से अतारांकित प्रश्न संख्या 2335, दिनांक 27.7.2009 में गृह मंत्री ने स्वीकार किया कि उपलब्ध जानकारी से संकेत मिलता है कि आतंकवादी तत्वों और बिहार के कुछ लोगों के बीच संपर्क है। अब यह बिहार में संपर्क है, यह कौन है? हमारे यहाँ का तो है नहीं। मैं सबसे ज्यादा सघन मुस्लिम आबादी से जीतकर आता हूँ लेकिन मैं कह सकता हूँ कि जो भारतीय मुसलमान हैं, लगातार उनके पूर्वज बसे हुए हैं, उनमें से ये नहीं हैं। वहाँ एक भी राष्ट्रद्रोही नहीं हैं। लेकिन आखिर ये कौन हैं? उपलब्ध जानकारी से संकेत मिलता है कि आतंकवादी तत्वों और बिहार के कुछ लोगों के बीच संपर्क है। जब गृह मंत्री कहते हैं कि संपर्क है तो फिर उनको बाहर निकालने के लिए प्रयत्न क्यों नहीं किया गया? अभी एक प्रश्न निशिकांत जी उठा रहे थे।

भारत-नेपाल सीमा पर 4178 लोग वर्ष 2010 तक पकड़े गए थे। भारत बांग्लादेश की सीमा पर 19091 लोग पकड़े गए थे। तस्करी करने वाले नेपाल और बांग्ला देश की सीमा पर कुल मिलाकर 23229 पकड़े गए। उनको पकड़ने के बाद उन पर केस चल रहा है। लेकिन उसकी बज़ायाफ्ता छानबीन होनी चाहिए। वे क्यों आए थे? वे कौन हैं? क्या केवल तस्करी करते हैं या राष्ट्रद्रोही संगठनों से उनका संबंध है? पूरी छानबीन करने के बाद ही उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं सदन का एक पहलू

की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस हिन्दुस्तान मे विदेशी धन से जितने एनजीओज़ चल रहे हैं, जो कोई विदेश से आता है, वीज़ा से या अवैध रूप से आता है, उनका कहीं न कहीं इनसे संबंध है। तीन साल का आंकड़ा इस सदन में दिया गया, जिसमें हमें यह बताया गया कि कहां से कितना पैसा इस देश में एनजीओज़ के द्वारा खर्च किया जाता है, वह यदि आप देखेंगे तो आपको आश्चर्य होगा। नेपाल और बांग्ला देश की सीमा वाले एरिया में 7854.75 करोड़ रूपए केवल शिक्षा के क्षेत्र मे खर्च किए गए। इसमें सरकार ने कहा कि प्राप्त हुई विभिन्न शिकायतों तथा की गई जांच के आधार पर 41 संगठनों को विदेशी अभिदाय प्राप्त करने से निषेध किया गया। 35 संगठनों को पूर्वानुमति श्रेणी में रखा गया। 11 संगठनों के खातों को सील किया गया। ये कौन हैं? इसमें भी जो घुसपैठ करने वाले एनजीओज़ के साथ जुड़कर, राष्ट्र विरोधी गतिविधि में शामिल होते हैं। विदेशी धन से चलने वाले एनजीओज़ उन्हें बचाने का काम करते हैं। मैं आपके सामने यदि कहूं तो इस देश में इतना बड़ा मामला है, जो देखने के बाद आदमी का मन घबरा जाता है कि कितना इसमें गड़बड़ किया गया है। सरकार द्वारा विदेशी सहायता प्राप्त करने वाले संगठनों पर कार्यवाही के संबंध में सरकार ने कहा कि कार्यवाही नहीं की है। सरकार ने कहा कि सीमा क्षेत्र का शत्रु द्वारा इस्तेमाल किया जाता है, यह भी सरकार ने अतारंकित प्रश्न संख्या 849 दिनांक 24.11.2009 में स्वीकार किया है कि सीमा क्षेत्र को शत्रुओं की खुफिया एजेंसी द्वारा मधुबनी से लेकर बंगलादेश तक भारत-नेपाल सीमा तक, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। सरकार ने हमें उत्तर दिया है उसके आधार पर 28869 करोड़ रूपए भारत वर्ष में, तीन साल का आंकड़ा है, एनजीओ द्वारा लाया गया।

सभापति महोदय, मैं इस बात को इसलिए उठा रहा हूं कि एनजीओ विदेशों से धन लेते हैं, शिक्षा के मामले में ये पैसा खर्च करते हैं और कहते हैं कि हम शिक्षा में प्रयुक्त प्रयोजनार्थ राशि जो देश में खर्च हुई है, वह 7229 करोड़ रुपए है और जो भारत-नेपाल सीमा पर है, शिक्षा के प्रयोजन सहित भारत-नेपाल सीमावर्ती राज्यों के विदेशी अभिदाय की राशि 1104 करोड़ है और शिक्षा प्रयोजन सहित भारत-बंगलादेश सीमावर्ती राज्यों की विदेशी अभिदाय राशि 1874 करोड़ है। आखिर नेपाल सीमा पर, बंगलादेश की सीमा पर ये शिक्षण संस्थान चलाते हैं, वे कौन-सी शिक्षण संस्थाएं हैं? सौ एकड़, दो सौ एकड़ में कैम्पस बनाए गए हैं, जिनके अंडरग्राउंड में माल लदा हुआ ट्रक घुस जाता है, उसकी जांच नहीं कर सकते हैं, जांच करने की किसी की हिम्मत नहीं है। अगर इसे रोकना है, तो दृढ़ इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प से रोक सकते हैं। अगर हमारे ह्रदय के अंदर अपने राष्ट्र की एकता, अखंडता, संस्कृति, धर्म, समाज सभी से प्रेम है और इनके प्रति समर्पण भाव है, तो हम इसे रोक सकते हैं। अगर देश के अंदर ही कोई जयचंद पैदा होगा, देश के अंदर ही विदेशी ताकतों को बुलाने वाला होगा, तो कभी भारत वर्ष को इससे मुक्ति नहीं दिला सकते हैं। भारत को अगर मुक्ति दिलानी है, तो समर्पण भावना चाहिए, संकल्प चाहिए, कटिबद्धता चाहिए,

दृढ़ इच्छा शक्ति चाहिए, राजनीतिक इच्छा शक्ति चाहिए। यह कह कर चलना चाहिए कि हिंदुस्तान की सीमा में चाहे वैध हो, अवैध हो, घुसपैठिया हो, वीजा सहित रुके हों, उनको खोज कर निकाला जाए। जैसे चूहे को निकाला जाता है, वैसे उनको निकालिए। सरकार उस पर कार्यवाही करे। उन्हें खदेड़ कर बाहर करिए और इस देश को बचाइए। इसलिए मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। आयोग के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यवाही पर जो विजय बहादुर जी कह रहे थे, उससे यह होगा, केवल आयोग से समस्या का निदान नहीं होगा।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): सभापति महोदय, मैं आपका हृदय से धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैंने पांडा साहब का बिल पढ़ा तो मुझे लगा कि एक साधारण सा बिल है, जिसमें वे यह कहना चाहते हैं कि जो लोग बाहर से यहां आते हैं, वे कुछ ओवर स्टे करते हैं और उस बहाने कुछ लोग यहां रह जाते हैं या कुछ लोग इल्लिगल इमीग्रेंट्स हैं, जो बगैर किसी वीज़ा या पासपोर्ट के दाखिल हो जाते हैं।

सभापति महोदय, मैंने जिस समय माननीय सदस्यों के भाषण सुनने शुरु करे तो मुझे लगा कि ये तो हालात शायद ऐसे हो रहे हैं कि हिन्दुस्तान की सरकार कहीं है ही नहीं। हमारे पास कोई चारा नहीं है, सारा खेल बिगड़ जाएगा। सारे हिन्दुस्तान की आजादी एक मिनट में खत्म जाएगी। आज कोई समस्या है, उसे इतनी गहराई में ले जाने की जरूरत नहीं है, इतनी गहराई में ले गए। मुझे थोड़ी-सी शांति मिली, जब मैंने मेहताब जी और चौधरी साहब जी की बात सुनी। हर चीज के कुछ पहलू होते हैं, कुछ अच्छे भी हैं और कुछ खराब भी हैं, लेकिन हम जो सोचते और करते हैं, उसका नतीजा सिर्फ यहीं खत्म होने वाला नहीं है। हमारे भी बहुत सारे भाई दुनिया के दूसरे हिस्सों में रहते हैं, जो उस सरकार द्वारा वहां पर उस बात से पीड़ित हो सकते हैं। अगर हम कोई कानून बनाते हैं, मैं उस कानून के साथ सौ फीसदी सहमत हूं और मैं आपकी मंशा से भी सहमत हूं। आप जो कहते हैं कि यह पता लगना चाहिए कि कौन लोग यहां आ रहे हैं और क्यों स्टे कर रहे हैं, लेकिन उसके साथ-साथ अन्य पहलू भी हैं। हिन्दुस्तान हमेशा मानवता, गरीबों और फ्री ट्रेवल की वकालत करता रहा है। पासपोर्ट और वीज़ा अब लागू हुआ है। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो आपके नेता आजादी मिलने के बाद दुनिया में सार्क के बारे में लेक्चर देते रहे कि हमारे जो कॉंटीनेंट हैं, उसके अंदर जितने हमारे आसपास के देश हैं, इसमें कई बार फ्री ट्रेवल की भी वकालत हुई। जैसे यूरोप में है, एक वीज़ा होता है, उसके द्वारा आप नौ, दस या बारह देश ट्रेवल कर सकते हैं। आज हम किस से घबड़ा रहे हैं, माफ करना, मुझे मंशा पर शक है, इसलिए मैंने निशिकांत जी को टोका था। उन्होंने मुंबई के बारे में चुभती हुई बात कही कि हम अपने ही देश में एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं तो हमें मारा जाता है, जलाया जाता है। हमारे स्कूटर और टैक्सियां जला दी जाती हैं कि तुम अपने प्रदेश के अंदर जाओ। वे यहां ये सब बातें कह रहे थे, तभी मैंने खड़े होकर उन्हें टोका कि मुझे खुशी हुई कि आपने यहां पर मुंबई का जिक्र किया।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहता हूं कि आज हम टूरिज़म को बढ़ावा देना चाहते हैं तो हम लोगों को डरा नहीं रहे। आप यहां आएंगे, अगर एक घंटे की भी देरी हो गई तो हम तुम्हें अंदर बंद कर देंगे, फिर तुम दस साल के लिए गए। हम अमेरिका जाते हुए डरते हैं, क्योंकि वहां पर कई बार हमारे नेताओं के साथ बदसलूकी हुई। हमें बुरा लगता है, इसलिए वहां जाने का मन नहीं करता। ऐसे देश में हमें नहीं जाना, जहां इस तरह के हालात पैदा किए जाते हैं या हमारे साथ बदसलूकी की जाती है या जो भी उनका इंतजाम है, वह हमारे ऊपर लागू किया जाता है। हम क्या कर रहे हैं? यह बिलकुल सही कायदा है कि हर आदमी रोटी कमाने के लिए कहीं न कहीं जाता है, कोई रास्ता एवं घर ढूंढता है। आसपास बहुत सारे गरीब देश हैं, जिनके लोग यहां आते हैं और बहुत सस्ते में मजदूरी या अन्य कोई काम करते हैं। उन्हें हम अपने घर में नौकर तो रख सकते हैं, लेकिन हम उन्हें बराबर का दर्जा नहीं दे सकते, यह बात मैं मानने के लिए तैयार नहीं हूं। मैंने कई बार नारे सुने और कई लोगों को देखा कि बंग्लादेशी के नाम पर उन्होंने कई कम्युनिटी के ऊपर अत्याचार किए।

सर, माफ करना, मैं आपसे जानना चाहता हूं कि क्या आपने हिन्दुस्तान के हर नागरिक को वोटर कार्ड दे दिया? आप किसी गरीब बस्ती के अंदर जाइए, मैं शर्तिया लिख कर देता हूं कि अगर आप उससे कह दें कि अपना आइडेंटीफिकेशन दिखा दे। आप अपने देश में रहने वालों को पूरे आइडेंटीफिकेशन, आई-कार्ड नहीं दे पाए तो यह कसूर आपका है या किसी अन्य का है?

और उसके नाम पर आप उनके साथ ज्यादती करें, यह मैं मानने के लिए तैयार नहीं हूं। आज वक्त है कि खुले दिल से जीना सीखें। हिन्दुस्तान का कुछ नहीं बिगड़ता। हां, मैं मानता हूं कि टैररिज्म के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं, सख्त से सख्त बोला जाए और जितनी आवाज उठाई जाए, वह कम है। मैं यह भी जानता हूं कि आप लोगों को कैटेगरी में बांट दें कि कौन किस कैटेगरी का आदमी है, जिसे हम पकड़ना चाहते हैं। सबसे बड़ी ''ए'' कैटेगरी हो सकती है। इम्पौर्टेंट कैटेगरी टैररिज्म की है, टैररिस्ट्स की है। आप जो चाहे करें, लेकिन आप इसके नाम पर किसी गरीब आदमी को, जो आपके देश में रोटी कमा रहा है, उसे आप मारने लगेंगे या उसके खिलाफ बोलने लगेंगे, तो मैं शायद उस राय से बिलकुल सहमत नहीं हूं। हमारे बहुत सारे हिन्दुस्तानी हैं, जो अफ्रीका गए हैं, यूरोप गए हैं और अमरीका गए हैं। अभी ऑस्ट्रेलिया में क्या हुआ? ...(व्यवधान)

श्री निशिकांत दुबे : हमारे देश के जो लोग और छात्र ऑस्ट्रेलिया गए हैं, वे लीगली गए हैं।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल : श्रीमान् बहुत सारे वैसे भी गए हैं। बहुत सारे ओवर स्टे भी कर रहे हैं। माफ करना, जो आप करेंगे, वही वे भी आपके लोगों के साथ करेंगे। आप जो इतनी जोर-जोर से बोल रहे थे, उसका असर और जगह भी पड़ेगा। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : इसीलिए मैं भी सोच रहा था कि श्री जय प्रकाश अग्रवाल भी बहुत जोर-जोर से बोल रहे हैं, तो वे श्री निशिकांत दुबे जी की बात का जवाब दे रहे हैं।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल : सभापति जी, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि हमारे बेटे भी वहां हैं, हमारे बच्चे भी वहां हैं। वे वहां नौकरी ढूंढ़ने जाते हैं और वहां वे ओवर स्टे कर रहे हैं। अपने मां-बाप के साथ ठहर रहे हैं, अपने भाई के साथ ठहर रहे हैं। उनका वीजा खत्म हो गया और जब उन्हें तंग किया जा रहा था, तब आपको बहुत तकलीफ हो रही थी और आज जब दूसरे के बेटे हमारे यहां नौकरी करने आए हुए हैं या पैसा कमा रहे हैं और गरीब हैं, उनके पास पैसे नहीं हैं, उनके पास बहुत बड़ी ताकत नहीं है, उनके पास बहुत बड़ा मकान नहीं है और उनके पास साधन नहीं हैं, उन्हें इस्लाम के नाम पर मत तंग करो, यह ठीक नहीं है। आप कैटेगरी बनाओ। आप सोच लो। जहां देश की एकता और अखडता को खतरा हो, वहां तक मैं आपकी बात से सहमत हो सकता हूं। आप एक कानून लाएं, उसे लागू किया जाए, मैं उससे सहमत हो सकता हूं, लेकिन इसके बहुत दूरगामी परिणाम होंगे, उस नतीजे से भी डर कर हमें रहना चाहिए। हमारे शब्दों का इस्तेमाल और हमारी बातों का इस्तेमाल उन पर न पड़े जो विदेशों में रहते हैं। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं।

सभापति जी, मैं श्री पांडा द्वारा प्रस्तुत विधेयक के एक हिस्से तक सहमत हूं। आपने कई बातें बहुत अच्छी कही हैं। आपने कोस्ट लाइन के बारे में कहा, इंटैलीजेंस के बारे में कहा, मैं उन चीजों से सहमत हूं, लेकिन मैं श्री निशिकांत दुबे जी की बहुत सारी बातों से सहमत नहीं हूं। मैं हुक्मदेव नारायण यादव जी की बहुत सारी बातों से सहमत नहीं हूं। इतना तेज मत जाओ। आपने वैसे ही बहुत विष घोल रखा है। इसे इतना ज्यादा मत करो कि स्थिति और बिगड़ जाए। मैं, पांडा साहब आपके विधेयक का थोड़-बहुत समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि यह अच्छी नीयत से लाया गया विधेयक है।

सभापति महोदय : श्री निशिकांत दुबे, यहां से वहां चले गए। इसलिए थोड़ा हो रहा है, नहीं तो पूरा समर्थन कर देते।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, मैं बहुत संक्षिप्त में बोलना चाहता हूं। श्री वैजयंत पांडा साहब ने जो बिल पेश किया है, मैं इसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं राजस्थान से आता हूं। आपने वर्ष 1962, वर्ष 1965 और वर्ष 1971 का युद्ध देखा। राजस्थान की जो सीमा पाकिस्तान के साथ लगती है, उस पर जो लोग रहते हैं, वे अधिकांशतः मेघवाल, सिंधी मुसलमान और भील हैं। उन्हें खाने के लिए ज्यादा नहीं मिलता, लेकिन एनीमल हस्बैंड्री जो वहां की रीढ़ है जैसे गाय है, बकरी है या अन्य पशु हैं,

उनके साथ, यानी प्रकृति के साथ तालमेल करते थे, जिससे उनकी हैल्थ ठीक थी। जब वर्ष 1962, 1965 या वर्ष 1971 के आक्रमण हुए, तब पाकिस्तान को लगा कि राजस्थान के साथ जो हमारी सीमा है, इसके लोग सेना के साथ मिलकर मुकाबला करते हैं, ये इतने हैल्दी कैसे हैं, जबकि वहां पर प्राकृतिक संसाधन बहुत कम हैं? उन्होंने एक अलग तरीके से हमारी सीमा पर घुसपैठ कर के, संस्कृति को बिगाड़ने का प्रयास किया। उन्हें सबसे पहले लालच दिया गया कि आप तो बहुत कम संसाधनों से रहते हो, इससे क्या बनता है, आप मर जाओगे। इसलिए उन्होंने सीमा के लोगों को अफीम की चोरी, कपड़े की तस्करी और जाली नोटों की तस्करी सिखाई। हमारा राजस्थान की सीमा का मामला था।

जो हम कल्चरली रिच हैं, वह बिगड़ गया। वहां लोग अफीम भी खाने लग गये, लोग लालच में भी आ गये और जो अवैध रूप से घुसपैठिये घुसे थे, वे आई.डी. वोटर कार्ड लेकर नागरिक भी बनने जा रहे हैं। अभी जो जयप्रकाश जी कह रहे थे, वे कुछ हद तक सही हो सकते हैं। अभी विजयन्त पाण्डा साहब कह रहे थे कि अतिथि देवा भवः, यह बात भी ठीक है, लेकिन मैं राजस्थान से आता हूं। मेरे बहुत से साथी, हमारे बहुत से राजस्थान के लोग असम में रहते हैं, जब वे वापस आकर हमें बताते हैं कि हमारा असम में हाल क्या हो गया है कि मूल असमी यह सोच रहा है कि हम अल्पमत में आ गये हैं और हमारी सभ्यता को चोट पहुंच रही है, कहीं ऐसा नहीं हो कि भविष्य में लोगों को लगे कि असमी साहित्य भी कभी था क्या। अगर किसी सभ्यता और संस्कृति पर चोट पड़ेगी तो यही होगा। तभी जाकर हाई कोर्ट, गोहाटी को इंटरवीन करना पड़ा और हाई कोर्ट ने ऐसे ही इण्टरवीन नहीं किया। जब उनको लगा कि यहां पर गलत हो रहा है, क्योंकि अति सर्वत्र वर्जयते, यह अपने शास्त्रों में भी कहा गया है, अगर कोई कमाने आ रहा है, भुखमरा है, यहां रोजी-रोटी मिल रही है और इस देश को अपना देश मान रहा है तो हिन्दुस्तान के लोग उसको कभी भी घुसपैठिया नहीं मानते हैं। घुसपैठिया उसको मानते हैं, जो कमाने के नाम पर आ रहा है और यहां की सभ्यता और संस्कृति को नष्ट करने आ रहा है, यहां की एकता और अखण्डता को नष्ट करने आ रहा है और यहां की आन्तरिक सुरक्षा को ठेंगा बता रहा है, उसी को यहां पर हम घुसपैठिया मान रहे हैं।

इसलिए विजयन्त पाण्डा जी ने जो बिल पेश किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं और आपने मुझे बोलने की इजाजत दी, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): I rise to participate in the discussion and consideration of the Illegal Immigration and Overstaying Foreign Nationals (Identification and Deportation) Bill, 2009 introduced by our hon. Colleague Shri Baijayant Panda.

Sir, we can look at this particular Bill in two parts – one is about illegal immigrants with no proper documents for travel and other things, and another one is overstaying foreign nationals who perhaps have the travel documents to come into our country. This particular Bill rather has given us a chance to discuss some very important illegal and migration issues. I being a man from one of the North Eastern States, I wish to say the following things.

In this era of globalization and liberalization, to speak about one's identity and culture may sound conservative and retrogressive. It is not merely a matter of identity and culture, it also is a question of political and economic survival of the natives. Even in a global village or a cosmopolitan environment, everyone must have the right to preserve and promote his or her identity and culture, but exactly not at the cost of others. As a matter of fact, huge influx of illegal immigrants affects not only the culture and identity of the natives, but also greatly affects the economics and politics of the country.

There is no dearth of problems in the border States of the country – be it Jammu and Kashmir, Punjab, Gujarat, Orissa, for that matter in all coastal areas, and particularly in Bengal and North Eastern States. Our focus is always on terrorism, insurgency, under-development and, of course, corruption.

Let us see the situation in the North Eastern Region from where I come. Apart from the above-mentioned major issues of insurgency and the under-development, there is another problem looming large in the entire Region, that is, the problem of demographic infiltration across the border. In fact, illegal immigrants from Bangladesh and Myanmar have been a major issue in States like Assam, Manipur, Meghalaya and Tripura. Floods of migrants have come and settled in various parts of these States.

Tripuris in Tripura are now a minority community in their homeland because of the ever-increasing influx of population from Bangladesh. Earlier, Tripuris were the majority community in Tripura. But now they are reduced to a minority community in their own homeland. Moreover, their cultural identity has been greatly influenced by the aliens and foreign intruders.

Please take the example of Assam. Foreigners' issue has been a vexed issue in the State for the last many years. Assam Gana Parishad is the product of the anti-foreigners movement of Assam students. Despite the Assam Accord and the Immigration Law, the problem of foreigners in Assam still continues. Thousands of migrants are still pouring into this State from Bangladesh. The most difficult duty of the State Government is to identify the foreigners and deport them. These migrants do speak the same language. They have the same religion. They can very easily mix with the natives. Thus their population increases alarmingly and there is a big change in the demographics.

Manipuris in the State of Manipur are under a constant threat from the waves of foreigners coming in from Myanmar. Floods of people from the neighbouring countries have entered Manipur and settled there. Such influx is going on every now and then because the border is porous. Still the intrusion is continuing. Here also the major problem is that the intruders have similar physical appearance and speak the same language. They have their arable lands on either side of the borders. Their children are married to one another. They go farming from this side to that side. So, this is a real human problem. They also speak, very interestingly, Kuki, Mejo, the same dialects. This is one problem. Consequently, a dramatic metamorphosis takes place and the identity of their culture is threatened. One day, the position of natives of Manipur may become like that of Tripuris in the State of Tripura. In order to check infiltration from the neighbouring countries, proper border fencing must be done.

MR. CHAIRMAN : Meinyaji, please wait.

Since the time allotted for consideration of this Bill is over, if the House agrees, we can extend the time till the completion of discussion on the Bill.

SOME HON. MEMBERS: We agree.

MR. CHAIRMAN: Okay. Meinyaji, please continue.

DR. THOKCHOM MEINYA : In order to check infiltration from the neighbouring countries, proper border fencing and regular full guard is necessary. It is learnt that some fencing work has been started at the Indo-Myanmar border. I know border fencing at the Indo-Bangladesh border is taken up in full swing. It is very good. Fencing our border will definitely check illegal migration in the North-East. Fencing plus strict and proper security patrolling will certainly solve the menace of illegal migration.

We do understand many things about other border States like Gujarat, Rajasthan, Punjab, Jammu & Kashmir, Orissa and others. But I strongly feel that proper border fencing and vigilant border patrolling by our security personnel will definitely and drastically curb the problem of illegal migration across the border.

As I have said in the beginning, we can take up this particular Bill in two parts, one exclusively for illegal immigrants and another exclusively for overstaying foreign nationals.

With these words, I thank you for having allowed me to participate in the debate.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MULLAPALLY RAMACHANDRAN): Mr. Chairman, Sir, thank you very much for having given this opportunity. At the outset, let me thank the hon. Member Shri Baijayant Panda for having moved this Bill – the Illegal Immigrants and Overstaying Foreign Nationals (Identification and Deportation) Bill, 2009. Altogether ten Members have participated in this discussion. I express my thanks to the hon. Members who have actively participated in this discussion for their valuable observations and suggestions.

I have been listening with rapt attention to the views expressed by Mr. Baijayant Panda and other Members. The Bill is to provide for identification of illegal immigrants and those foreign nationals who are overstaying in the country or have gone missing after the expiry of their visas, and for their deportation to the countries of their origin.

Sir, by this Bill, the hon. Member seeks to establish a National Commission and State Commissions for identification and deportation of illegal immigrants and foreign nationals. The functions of the Commission, according to the mover are, to identify illegal immigrants or foreign nationals and determine their nationality, to prescribe the guidelines for State Commissions for identifying the illegal immigrants or foreign nationals and their nationality, to hear any complaint or appeal against the findings of any State Commission, to recommend to appropriate Government for deportation of illegal immigrants and foreign nationals, to facilitate speedy hearing of cases against illegal immigrants, and to take such measures as may be necessary for this purpose.

It is a fact that there are innumerable illegal immigrants in our country, as stated by the hon. Member, as is there in the Statement of Objects and Reasons. It is also a fact that the presence of the illegal immigrants creates a variety of problems in our country. They are mostly coming from neighbouring countries and the figures will show that the influx is mainly from Bangladesh.

Considering the large influx of illegal immigration from Bangladesh through the long porous border and further, in view of the geographical proximity,

family ties and ethnic similarities, coupled with better economic opportunities in India, a special procedure has been laid under the existing Act for identification and deportation of Bangladeshi immigrants.

This provides for verification of claims of alleged illegal Bangladeshis to be persons of India, from the concerned State, within a period of 30 days and if it is not done, then deportation is effected through BSF, using 'push back' mode. These instructions are being reviewed and modified under delegated powers.

As far as illegal immigration from other countries is concerned, the State Government, after nationality verification is done by the Ministry of External Affairs, issues appropriate travel documents, and thereafter, deports the person. I would like to mention that we have adequate and appropriate legislation by way of Foreigners Act, 1946 to deal with such illegal immigrants and other related issues.

The 1946 Act defines 'foreigners' as persons who are not citizens of India. It gives wide powers to the Government of India to make orders relating to every aspect of illegal immigration and overstay of foreigners. The Foreigners Act, 1946 provides for detection, identification and deportation of illegal immigrants and foreigners overstaying in India. The authority under the Act of 1946 Act is given to the District Magistrate and Commissioner or Superintendent of Police.

Besides, it also stipulates certain obligations on the masters of vessels, pilots of aircrafts, owners of hotels, and premises frequented by foreigners to furnish information about foreign nationals. The effectiveness of the procedure laid down in the Foreigners' Tribunal Order of 1964 passed under the said Act is also worth mentioning. I reiterate the fact that illegal immigration is a serious issue which needs to be addressed very effectively; and it is to be tackled in a pragmatic manner. But I must also state that the existing Acts, rules, orders made thereunder, especially the Foreigners Act, 1946 are adequate to deal with the problem of detection, identification and deportation of illegal immigrants.

The Private Member's Bill proposes to set up a National and State Commissions, without providing for ground level mechanism for detection and identification of illegal immigrants. If the exercise is to be carried out by the

District Police, there will be no change from the existing arrangement. Currently, the SP of the District has been made responsible for detection, identification and deportation of such persons.

18.00 hrs.

Adding additional layer of State Commission through Civil Court process will only delay the final identification and thereafter deportation.

सभापति महोदय : इससे पहले बिल का समय बढ़ाया गया था, क्योंकि उसके लिए दो घंटे एलॉटेड थे। हम हाउस से और समय बढ़ाने की अनुमति चाहते हैं। अगर आप सब सहमत हों, तो 15 मिनट का समय और बढ़ा दिया जाता है।

कई माननीय सदस्य : ठीक है।

SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN: The current system of identification is quasi-judicial summary proceeding. Changing this to regular Civil Court proceedings will only delay identification.

The Bill provides for appeal in the National Commission against the orders of State Commissions. This will further delay the process of identification and deportation through another layer of proceedings. This will only help illegal immigrants to stay longer in the country.

Once the Commission starts functioning like Civil Courts, it is possible that those identified as illegal immigrants may agitate through further process of legal mechanism in the High Courts or the Supreme Court to get the orders of the State or National Commission reviewed or quashed. This will further add to delay in processing of the case, which will be advantageous to illegal immigrants alone.

Even after the findings of the Commissions that the person is an illegal immigrant, he or she cannot be deported until respective Mission issues 'Travel Document' after due nationality verification.

Sir, the Bill projects a non-recurring expenditure of Rs.50 crore and an estimated amount of Rs.200 crore as recurring expenditure. From the experience of Foreigners Tribunals in the State of Assam, it may be stated that the financial implications may be far more than these projected amounts. Apart from adding a

layer of process in identification and thereby causing delay, the proposed Commissions will not lead to any value addition. Therefore, these expenses from the Consolidated Fund of India cannot be justified.

The hon. Supreme Court of India in its order dated 12.07.2005 in writ petition Sonowal Vs. Union of India and another has said that the Foreigners Act, 1946 confers wide ranging powers to deal with the foreigners or with respect to any particular foreigner or any prescribed class or description of foreigners for prohibiting, regulating or restricting their or his entry into India or continued presence including arrest, detection and confinement.

The Apex Court has also noted in this judgement that the most important provision of the Foreigners Act is Section 9, which casts the burden of proof that the person is not a foreigner of a particular class or description, as the case may be, upon such person. The hon. Court has also observed that the IMDT Act, 1983 proved advantageous for such illegal immigrants as the proceedings initiated against them almost entirely ended in their favour enabling them to have a document having legal sanctity to the effect that they are not illegal immigrants.

The proposed Bill is also likely to lead to similar kinds of judicial process as was under the IMDT Act and delay the process of identification, detection and deportation of illegally staying foreign nationals in the country.

In view of the above reasons, with all humility at my command, I oppose the Private Member's Bill and fervently appeal to the hon. Member, Shri Panda to kindly withdraw this Bill.

SHRI BAIJAYANT PANDA (KENDRAPARA): Thank you, Sir. Very briefly I would just like to make two or three comments. In response to Jai Prakash ji's very eloquent appeal for us to have big heart, I would like to say that is how I started my speech also that in India we not only have a history, we have a current experience that we have a big heart. We have been helping countries around our neighbourhood. We have been helping developed countries when they have crisis.

But we do have a problem where our own citizens do not get the full benefits of being Indian citizens. That should be our first priority.

I would also like to tell Jai Prakash ji that the intent of this proposed Bill is to de-politicise the issue.

We have seen in today's discussion also that there are hints that political mileage can be taken out of this issue. The idea is to take it out of political debate and put it in a Commission where you have judicial people looking after the process so that we do not criticise the issue. All I was saying is that we should implement the law of the land.

In response to the hon. Minister's reply, I would like to point out two things. I agree with some of the statistics he has pointed out but two things I do not agree with. The hon. Minister pointed out that today there are adequate measures in place for detecting illegal immigration. I humbly and respectfully disagree. I have given the statistics that the trend of people overstaying and the trend of people coming into the country is increasing and the number of deportations is decreasing. That issue has not been addressed. If we had adequate measures in place, at least, the Ministry would have been able to tell us how many illegal immigrants there are today in the country. Nobody is able to tell us. These estimates of two crore illegal immigrants are estimates by some surveys. We need adequate measures. There is one estimate made by some media organisation that if we continue at the current rate at which we are deporting illegal immigrants, it will take us thousand years to deport all the existing illegal immigrants. Not to mention all the more illegal immigrants that are taking place.

I will end by just point out one more infirmity. The hon. Minister pointed out that we have adequate Acts and rules in place. I agree with this. I do not agree that Acts and rules need to change. I am not suggesting that we have new criteria. I am not suggesting that we have any harsher rules than what we have today. All I am saying is that we need a mechanism because by Executive action and by giving the job to the Superintendent of Police, by giving the job to the District Magistrate, it is not practically possible. Our SPs and DMs are busy with

innumerable schemes which they have to implement. My proposal was that there should be some mechanism which will take up this job on a full time basis. I do not want to take the time of the House. I just wanted to point out that this is a subject that deserves greater attention.

I do want to compliment some steps that have been taken. You have pointed out on the BSF, strengthening of the border fencing, the reduction of the gap between outposts, etc. Keeping in line with the traditions of our august House, I will be agreeable to withdraw the Bill.

I beg to move for leave to withdraw the Bill to provide for identification of illegal immigrants and those foreign nationals who are overstaying in the country or have gone missing after the expiry of their visas and for their deportation to the countries of their origin and for matters connected therewith or incidental thereto.

MR. CHAIRMAN : The question is:

> "That leave be granted to withdraw the Bill to provide for identification of illegal immigrants and those foreign nationals who are overstaying in the country or have gone missing after the expiry of their visas and for their deportation to the countries of their origin and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

SHRI BAIJAYANT PANDA : I withdraw the Bill.

16.08 hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 2009
(Insertion of New articles 275A and 371J)

MR. CHAIRMAN: Item no. 47 - Prof. Ranjan Prasad Yadav .

प्रो. रंजन प्रसाद यादव (पाटलिपुत्र): धन्यवाद, माननीय उपाध्यक्ष महोदय...(व्यवधान)

सभापति महोदय : मुझे उपाध्यक्ष मत बनाइए, चेयरमैन ही रहने दीजिए।

प्रो. रंजन प्रसाद यादव : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि भारत के संविधान में और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

महोदय, भारतवर्ष में बिहार का स्थान प्रत्येक परिप्रेक्ष्य से बहुत गरिमापूर्ण और महत्वपूर्ण है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारतवर्ष में इसका स्थान 12वां और जनसंख्या की दृष्टि से तीसरा स्थान है। यहां मैं एक तथ्य की ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि बिहार की कुल जनसंख्या का लगभग 58 प्रतिशत हिस्सा 25 प्रतिशत से कम उम्र का है। यह तथ्य इसलिए महत्वपूर्ण है कि राज्य भविष्य इन्हीं 58 प्रतिशत लोगों के कन्धों पर है, जो आगे चलकर आर्थिक विकास की जिम्मेदारी संभालेंगे।

महोदय, मुझे सदन को यह याद कराने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए कि बिहार का एक गौरवशाली अतीत और सुनहरा इतिहास रहा है। भारत का इतिहास अगर देखा जाए, तो भारत के स्वर्णिम युग और बिहार के स्वर्णिम युग में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है।

बिहार के तो कण-कण में इतिहास बसा हुआ है। बिहार की भूमि भी ही है, जहां महात्मा गांधी ने उस राजनैतिक हथियार को आजमाया, जिसकी वजह से तत्कालीन भारत में जो ग्रेट ब्रिटेन की हुकूमत थी, मजबूर होकर उन्हें यहां से जाना पड़ा। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे गौरवशाली राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं।

एक समय था जब इस प्रदेश का शासन एक मिसाल के रूप में देखा जाता था। लेकिन धीरे-धीरे यह प्रांत अन्य प्रांतों से पिछड़ने लगा। हालांकि यह प्रांत प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर था और उद्योगों के मामले में अग्रणी था। आर्थिक और मानव विकास के इंडैक्स थे, उसमें यह प्रांत पिछड़ता गया। मैं यह कहना चाहता हूं कि 90 के दशके से, इस शताब्दी के शुरूआत तक यह प्रांत रसातल में चला गया। खनिज संसाधनों से परिपूर्ण, उपजाऊ मिट्टी की घनी और मानव संसाधन के मामले में विश्व में अपना डंका बजाने

वाला प्रांत विकास की दौड़ में पीछे रह गया। सिर्फ एक आदमी के स्वार्थ और परिवारवाद की वजह से पूरा बिहार राज्य लाए गए आर्थिक सुधारों का फायदा नहीं उठा सका। जब देश के बाकी प्रांत आर्थिक और औद्योगिक विकास के रास्ते पर जा रहे थे, तो बिहार जातिवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद के दलदल में फंसा हुआ था। आरजेडी के राज का जब से खात्मा हुआ, तो जनता ने राहत की सांस ली है।

महोदय, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि जब 11 अगस्त, 2000 को बिहार पुनर्गठन विधेयक पर राज्य सभा में चर्चा हो रही थी, बतौर मैं उस समय राज्य सभा का सदस्य था। मैंने केन्द्र सरकार को सावधान किया था कि विभाजन के बाद यदि राज्य को होने वाले नुकसान की उचित भरपाई नहीं की गई तो आपके सामने काफी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

महोदय, विभाजन के परिणामस्वरूप बिहार के जिन 18 जिलों को अलग करके झारखंड राज्य बनाया गया था, वे सारे जिले खनिज सम्पदा से भरपूर थे। आप स्वयं भी उसी प्रांत से आते हैं और आपको जानकारी है कि पलामू, राजमहल, लोहरदग्गा, गोड्डा, सिंहभूम, जमशेदपुर, चतरा, खूंटी, गिरिडीह, धनबाद और हजारीबाग आदि जिलों में देश में सबसे ज्यादा आयरन ओर, कॉपर, लाइमस्टोन, बॉकसाइट, ग्रेफाइट, माइका, दुनिया का बेहतर कोयला और इस साइंस के युग में युरेनियम हो, वह पाया जाता है। न केवल खनिज सम्पदा इन 18 जिलों में थी, बल्कि बड़े उद्योग, टाटा, टिस्को, टैल्को, बोकारो आदि बड़े-बड़े स्टील प्लांट थे। लेकिन यह दुर्भाग्य रहा कि एक व्यक्ति ने सत्ता में बने रहने के लिए बिहार के 54 जिलों का बंटवारा किया और इन 18 जिलों को अलग करके झारखंड राज्य का निर्माण हुआ।

सभापति महोदय, मैं चूंकि ज्योलॉजी का प्रोफेसर भी हूं, उस नाते मैं बताना चाहता हूं कि जिन 38 जिलों का बिहार रह गया, उस नए बिहार में लगभग 20 जिले ऐसे हैं, जो फ्लड-प्रोन एरिया हैं। इन एरिया में नेपाल से महानंदा, कोसी, बागमती बड़ी-बड़ी नदियां आती हैं। ये नदियां प्रति वर्ष इन जिलों में एक फीट से लेकर पांच फीट तक बाढ़ लेकर आती हैं। जिसके कारण हजारों-लाखों मकान ढह जाते हैं। आपने भी देखा होगा कि 2008 में जो बाढ़ आई थी, तो क्या हालत बिहार की हुई थी।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य बहुत शुद्ध मन से बोल रहे हैं। आपका भाषण आगे जारी रहेगा।

The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. on Monday, the 14th March, 2011.

18.15 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, March 14, 2011/Phalguna 23, 1932 (Saka).